सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-10 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 28 जून 2024
21 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद में संयुक्त सत्र को किया संबोधित

# आने वाला समय हरित युग: मुर्मू

**संबोधन**

- सीएए के तहत मेरी सरकार दे रही नागरिकता
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में किया आपातकाल का जिक्र



**ग्रोथ हमारी सरकार की गारंटी**

साल 2021 से लेकर साल 2024 तक भारत ने औसतन आठ प्रतिशत की रफ्तार के हिसाब से विकास किया है। यह ग्रोथ सामान्य स्थितियों में नहीं हुई है। इस दौरान दुनिया ने बड़ी आपदा देखी है। भारत दुनिया के ग्रोथ में अकेले 15 प्रतिशत का योगदान दे रही है। सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों मैक्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और एग्रीकल्चर को बराबर महत्व दे रही है। मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 साल में, विशेष रूप से छोटे शहरों और कस्बों में अभूतपूर्व निवेश किया गया है। कहा कि मेरी सरकार ने सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है।

**नई दिल्ली।** आने वाले समय को हरित युग बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संसद में अपने अभिभाषण में कहा कि इसके लिए उनकी सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है। राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा, ''आने वाला समय हरित युग का है। मेरी सरकार इसके लिए हर ज़रूरी कदम उठा रही है।'' राष्टपति ने कहा कि सरकार हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, ''हरित ऊर्जा हो या फिर हरित मोबिलिटी, हम हर मोर्चे पर बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अपने शहरों को रहने के लिहाज से बेहतरीन स्थान बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है और प्रदूषण से मुक्त, साफ-सुथरे और सुविधायुक्त शहरों में रहना देश के नागरिकों का हक है। राष्टपति ने अपने अभिभाषण के दौरान आपातकाल का भी मुद्दा उठाया। राष्टपति ने आपातकाल के उस दंश का जिक्र किया, जिसे 1975 में पूरे देश ने झेला। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज 27 जून है। 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर बड़े और सीधे हमले का काला अध्याय था। उस दौरान पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने जीत हासिल करके दिखाई। क्यों कि भारत के मूल्य में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। राष्टपति के ऐसा बोलते ही पीएम मोदी ने मेज थपथपाकर उनकी इस बात का समर्थन किया। राष्ट्रपति ने जब आपातकाल पर बोला तो संसद में हंगामा मच गया।

# नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को जारी किया नोटिस

- 8 जुलाई को होगी मामले की अगली सुनवाई
- कोचिंग संस्थान से भी पूछा सवाल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट-यूजी मामले में एक नयी याचिका पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से पूछा कि क्या ओएमआर शीट के बारे में शिकायत करने के लिए कोई समय सीमा तय है। कोर्ट ने याचिका पर एनटीए को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले में आठ जुलाई को पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही सुनवाई की जाएगी। ये आदेश न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश कालीन पीठ ने जाइलम लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान दिये। हालांकि, कोर्ट ने कोचिंग संस्थान द्वारा अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल किये जाने पर भी सवाल किया और पूछा कि इस मामले में संस्थान के मौलिक अधिकार किस तरह प्रभावित होते हैं, लेकिन याचिकाकर्ता की ओर से बहस कर रहे वरिष्ठ वकील आर. बसंत ने बात संभालते हुए कहा कि याचिका में दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर के याचिकाकर्ता छात्र हैं, जिन्होंने नीट-यूजी परीक्षा दी है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता छात्रों को ओएमआर शीट नहीं मिली है।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला से राहुल की मुलाकात

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। राहुल ने सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा संसद में आपातकाल पर की गई टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल राव ने इस बारे में जानकारी दी। के सी वेणुगोपाल ने बताया कि 'यह एक शिष्टाचार भेंट थी। राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुने जाने के बाद इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की।

दैनिक 'अवधनामा' के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं






# जिलाधिकारी को अधिकारियों ने दी विदाई



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के अधिकारियों ने गुरुवार को स्थानांतरित डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को अधिकारियों ने भावभीनीं विदाई दी। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा।जिले में सफल कार्यकाल के उपरान्त स्थानान्तरित होने वाले लोकप्रिय डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को गुरुवार की सुबह जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत में एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निवर्तमान डीएम को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान डीएम ने सबसे पहले उन लोगों के प्रति आभार जताया, जिन्होंने उनके साथ टीम भावना के साथ काम किया। उन्होंने अपने कार्यकाल की कुछ यादों को साझा करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से जिलें में कार्यो का संचालन किया। निवर्तमान डीएम ने कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। साम्प्रदायिक सौहार्द के अपनी अलग पहचान रखने वाले जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने जनपदवासियों, जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों के सहयोग व स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।एसपी ने कहा कि %निवर्तमान डीएम आदर्श व्यक्तित्व के धनी व कुशल प्रशासक है। मेरा परम सौभाग्य है कि सर के मार्गदर्शन में काम किया। इस दौरान उन्हें पूरा सहयोग मिला। उन्होंने संयम और सूझबूझ के साथ पूरी टीम भावना के साथ जिले को बेहतरीन नेतृत्व प्रदान किया। अपने कार्यों से उन्होंने सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। वह जिले के लिए मिसाल एवं प्रेरणा स्रोत है।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि डीएम से उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक दक्षताओं व विधाओं को सीखा है। वह मेहनती, कर्मठ, जुझारू प्रवृत्ति के अधिकारी है, उनके पास प्रशासनिक व सामाजिक अनुभवों का अपार भंडार है। उनका कार्यकाल सकारात्मक दृष्टिकोण व यादगार पारी के रूप में याद किया जाएगा। एडीएम ने डीएम के कार्यकाल की ना केवल सराहना की बल्कि बताया कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें उनके नेतृत्व में काम करने का मौका मिला। पूरा जिला उनके कार्यकाल को स्वर्णिम नेतृत्व के रूप में याद रखेगा। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में गुटखा खाना चार लोगों को महंगा साबित हुआ

**लखीमपुर-खीरी।** पलियाकलां शहर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुटखा खाना चार लोगों को महंगा साबित हुआ। सीएचसी में गुटखा खाते पकड़े जाने पर सीएचसी अधीक्षक ने उनसे जुर्माना वसूल किया है। सीएचसी में कई माह से गुटखा खाने पर जुर्माना लगाने के लिए बोर्ड लगा हुआ है। फिर भी लोग गुटखा खाकर सीएचसी पहुंच रहे हैं। गुरूवार को गुटखा को लेकर सीएचसी अधीक्षक डा. अरत सिंह ने अभियान चलाया और गुटखा खाने वालों को पकड़कर उनसे जुर्माना भी वसूल किया। अधीक्षक डा. भरत सिंह ने बताया कि चार लोगों से 200 रूपए के हिसाब से जुर्माना वसूलकर उनको रसीट काटकर दी गई है। भविष्य में सीएचसी में गुटखा खाकर आने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अधीक्षक की इस कार्रवाई से गुटखा खाने वाले लोगों मैं हड़कंप मचा रहा।


## डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संभाली जनपद की कमान

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** 2010 बैच की आईएएस लखीमपुर खीरी जिले की नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद मुख्यालय पहुंचकर कोषागार में पदभार ग्रहण किया। पदभार सम्भालने के उपरान्त उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई प्रॉपर हो। शिकायतकर्ता की शिकायत के निदान पर संतुष्टि जरूर हो, इसे सुनिश्चित कराए। फरियादी की केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए मदद करें। अधिकारी सजग और प्रो-एक्टिव होकर काम करें। अधिकारी अपने विभाग के सकारात्मक कार्यों को मीडिया से शेयर करें। नवागत डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जायेगा तथा जनशिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएगा।आमजन की समस्याओं का निराकरण करना और जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना ही मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि आम नागरिक एवं जरूरतमंदों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। जनता सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकती है। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिये जनता दर्शन में सभी अधिकारी निरन्तर उपलब्ध रहेंगे। बताते चलें कि नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल इससे पहले डीएम बांदा के पद पर कार्य करने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रही हैं। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दस से बारह तक सभी अधिकारी जनसुनवाई करेंगे : दुर्गा शक्ति नागपाल



**लखीमपुर खीरी।** आज सुबह नवागंतुक डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल लखीमपुर आयी अधिकारियों से मिली और कोषागार जाकर डीएम का कार्यभार संभाला। अधिकारियों की बैठक की। मीडिया से भी रूबरू हुईं। डीएम ने कहा कि मीडिया से सामंजस्य जरूरी है । मीडिया कमियों को खुल कर बताए सभी अधिकारी 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करेंगे । फरियादी दूर से आता है। उसकी बात ध्यान से सुनी जाए। जो सरकारी सुविधाएं उसे मिल सकती दी जाएं। 39 वर्षीय डीएम 2010 बैच की आईएएस हैं। उनकी देश मे 20 वीं रैंक थी। श्रीमती नागपाल बांदा जिले की डीएम थी। अब लखीमपुर की डीएम बनाई गई हैं। वह सीडीओ, जॉइंट मजिस्ट्रेट , उप शासन में विभिन्न पदों भारत सरकार की सेवा में भी कार्यरत रही है। प्रेस वार्ता में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला और उसके पति को पीटा

**लखीमपुर-खीरी।** हैदराबाद थाने क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला और उसके पति को पीट दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। चांदमामऊ गांव निवासी सलमा पत्नी शरीफ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी सलमान, जीशान पुत्रणण फरीद, फरीद पुत्र हबीब और उसकी पत्नी चुनी ने जमीनी विवाद के चलते लाठी-इंडे लेकर उसके घर आए तथा उसे और उसके पति के साथ गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। जब वह उसकी पुत्री आफरीन बचाने आई तो उसे भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 27.06.2024 को अपहृता को भगाकर मुस्लिम धर्म में धर्म परिवर्तन कराकर शादी करने एवं पीडित्ता के आधार कार्ड में जन्मतिथि में हेरफेर करने से संबंधित मु0अ0सं0 261/2024 धारा 366/420/467/468/471 भा0द0वि0 व 3/5 धर्म संपरिवर्तन अधिनियम में वांछित अभियुक्त फुरकान पुत्र सराफत अली नि0 ग्राम बेल्हौरा थाना खीरी को गिरफ्तार किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## आंधी तूफान और ओलावृष्टि के समय रहते सावधान रहे, जिला प्रशासन ने जारी किए सुझाव

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह ने अतिवृष्टि/आंधी तूफान, ओलावृष्टि तथा आकाशीय विद्युत के दौरान बरती जाने वाली सावधानिया तथा उनके प्रभाव के बारे में जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि घर के अंदर रहने, खिड़की दरवाजे बंद रखें, सम्भव हो तो यात्रा न करें। सुरक्षित स्थानों पर रहे, जर्जर मकानों तथा पेड़ों के नीचे आश्रय न लें, विद्युत उपकरणों को बंद रखने, नदी तालाब आदि के पास न जाने, विद्युत सुचालक वस्तुओं से दूर रहने, रेडियो, समाचार पत्रों तथा टीवी के माध्यम से मौसम की विभिन्न जानकारी लेते रहने हेतु सावधानी बरते। तथा आधी तुफान के प्रभाव के बारे में कहा कि विद्युत पोलो एवं तारो का टूटना, ट्रेफिक की समस्या, दृश्यता का कम होना तथा ओलावृष्टि के कारण खड़ी फसलों को नुकसान होता है।

## जिलाधिकारी की पहल से सीएचसी दीनशाहगौरा को मिले आधुनिक स्वास्थ्य उपकरण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर की नई पहल से कॉरपोरेट सामुदायिक जिम्मेदारी के दृष्टिगत भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (गैस-बी0यू0) ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीनशाहगौरा में स्वास्थ्य संबंधी 16 आधुनिक उपकरणों के लिए 2105000 रुपये की स्वीकृति प्रदान की। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त उपकरणों के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

इन उपकरणों में डबल डोम सीलिंग लाइट, ईएम ड्रग ट्रॉली, लेबर टेबल,मल्टी पैरा मॉनिटर, फ्लोलर बेड, सेक्शन मशीन, रुधिर विज्ञान विश्लेषक, मल्टी पैरा रोगी मॉनिटर, जेनरेटर 25 केवीए, एलईडी परीक्षण लाइट स्टैंड मॉडल, महिला बंध्याकरण के लिए लेप्रोस्कोप, एनएसवी उपकरण, औपचारिक चैम्बर, सर्जिकल उपकरण सेट, जैव रसायन विश्लेषक, बकेट ट्रॉली (बीएमडब्ल्यू) आदि शामिल है।

## जनपद स्तरीय गोवंश अनुश्रवण मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर ने समस्त अस्थायी,स्थायी गोवंश आश्रय स्थलों,वृहद गो संरक्षण केन्द्रों व कान्हा उपवनों में संरक्षित निराश्रित गोवंशों को वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु में हीट-वेव से बचाव के लिये किये गये उपायों तथा उनके भरण-पोषण में आ रही कठिनाईयों का निराकण करने हेतु वर्षपर्यन्त भूसा व हरे चारे की निर्बाध उपलब्धता के लिए जनपद स्तरीय गोवंश अनुश्रवण मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक बचत भवन में की।

जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया की चरागाह के लिए भूमि का शीघ्र ही चिन्हांकन करके चारागाह बनाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहे शेष निराश्रित गोवंशों को पकड़वाकर आश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जाए तथा निर्माणाधीन गोवंश आश्रय स्थलों की प्रगति रिपोर्ट से भी अवगत कराया जाए।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,अपर जिलाधिकारी (प्रशा) जिला पंचायती राज अधिकारी,जिला विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# निगम ने शुरु किया '72 घंटे नाला सफाई महाअभियान'

### नगरायुक्त ने चिलकाना रोड से करायी अभियान की शुरुआत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम ने '72 घंटे नाला सफाई महाअभियान' शुरु किया है। अभियान की शुरुआत बुधवार की रात नगरायुक्त संजय चौहान द्वारा चिलकाना रोड पर की गयी। ब्रहस्पतिवार की सुबह महापौर डॉ. अजय कुमार व नगराययुक्त संजय चौहान ने किशनपुरा क्रेगी नाले की सफाई का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शासन ने आगामी मानसून के दृष्टिगत नगर निगम को बुधवार की देर शाम '72 घंटे का नाला सफाई महाअभियान' शुरु करने का निर्देश दिया था। इन निर्देशों के अनुपालन में नगरायुक्त संजय चौहान ने बुधवार की रात ही शहर में नाला सफाई महाअभियान शुरु करा दिया। नगरायुक्त ने स्वयं अपनी देख रेख में चिलकाना रोड पर राइस मिल के बाहर नाले की सफाई का महाअभियान शुरु कराया। चिलकाना रोड के अतिरिक्त रात में ही हलालपुर, दिल्ली रोड व माहीपुरा में भी जेसीबी व पोकलेन लगाकर नालों की सफाई की गयी। जेडएसओ राजीव चौधरी ने बताया कि '72 घंटे नाला सफाई महाअभियान' के तहत आज वार्ड 6 हलालपुर, वार्ड 12 खलासी लाइन, वार्ड 51 प्रताप नगर-जैन बाग, वार्ड 38 माधव नगर व वार्ड 9 दिल्ली रोड के अलावा किशनपुरा क्रेगी नाले की सफाई का अभियान चलाया गया।

महापौर डॉ.अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान ने अधिकारियों के साथ किशनपुरा क्रेगी नाला पहुंचकर नाला सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि नाले के आस पास व्यापार करने वाले व्यापारियों द्वारा दुकानों का कूड़ा कचरा भी नाले में बहाया जा रहा है। यहां तक कि जूतो की कटिंग का कचरा प्लास्टिक बोरो में भरकर तथा बड़ी तादाद में थर्मोकोल और डिब्बों की पैकिंग का कचरा भी नाले में डाला जा रहा है।



महापौर व नगरायुक्त ने नगर स्वास्थय अधिकारी व मुख्य सफाई निरीक्षकों को आदेश दिए कि ऐसे सभी व्यापारियों से सम्पर्क कर उन्हें ऐसा करने से रोकें और ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। नगरायुक्त ने क्रेगी नाला ढमोला में गिरने से पहले ही नाले पर जाल लगाने के निर्देश दिए ताकि जाल पर कचरा एकत्रित कर उसे बाहर निकाला जा सके। बाद में महापौर व नगरायुक्त ने विश्वकर्मा चौक के निकट नगर निगम द्वारा की गई ढमोला सफाई का भी निरीक्षण किया। नगरायुक्त ने महापौर को बताया कि ढमोला के किनारों पर जमी तलछट की सफाई के लिए सिंचाई विभाग को लिखा गया है। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थय अधिकारी आर सी गुप्ता, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व चंद्रपाल तथा पार्षद मुकेश गक्खड़ भी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण, पत्रावलियों का रखें बेहतर रख-रखाव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नवागत जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में उचित साफ-सफाई के साथ पत्रावलियों का बेहतर रख रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। नवागत जिलाधिकारी मनीष बंसल ने न्यायिक अभिलेखागार, राजस्व अभिलेखागार, संयुक्त कार्यालय कक्ष, राजस्व सहायक द्वितीय, आंग्ल अभिलेखागार, चकबन्दी अधिकारी न्यायालय, नजारत, विशेष भूमि अध्याप्ति कार्यालय, डीएलआरसी कार्यालय, जिला रायफल एसोसिएशन, सदल मालखाना पुलिस, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला आपदा कक्ष, एनआईसी कक्ष सहित वरिष्ठ अधिकारियों के कक्ष को देखा। उन्होने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि कार्यालयों में उचित साफ-सफाई के साथ ही पत्रावलियों का बेहतर रख-



रखाव सुनिश्चित किया जाए। मनीष बंसल ने कहा कि आपदा कन्ट्रोल रूम को इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर के रूप में 24 घण्टे सक्रिय रखा जाए तथा कर्मचारियों की ड्यूटी पालीवार लगायी जाए। उन्होने निर्देश दिए कि आपदा कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 0132-2723971, 2723344, 2723345 एवं टोल फ्री नम्बर 1077 का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होने कहा कि आपदा कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को नोट किया जाए तथा उन सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण भी किया जाए। उन्होंने जनपद के समस्त अधिकारियों से परिचय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। उन्होने कहा कि शिकायत का समाधान संबंधित अधिकारी के स्तर से ही किया जाए। मनीष बंसल ने कहा कि फाईल वर्क को गहनता के साथ अध्ययन करने के उपरान्त ही प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि विकास कार्यो की मासिक बैठक के साथ विभागवार भी समीक्षा की जाएगी। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें। किसी भी समस्या एवं सहायता के लिए वह हर समय उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश यादव, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, डीएफओ शुभम सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मेडिकल वेस्ट कचरे में डाला तो लगेगी पेनल्टी

*अवधनामा संवाददाता*

नगरायुक्त ने सफाई निरीक्षकों के साथ बैठक कर सफाई के सम्बंध में दिए निर्देश

सहारनपुर। निगम के कचरे में मेडिकल वेस्ट डालने वाले नर्सिंग होम व चिकित्सकों पर पेनल्टी लगेगी और यदि जरुरत पड़ी तो एफआईआर भी करायी जायेगी। नगरायुक्त संजय चौहान ने सभी सफाई निरीक्षकों को इस सम्बंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल वेस्ट का निस्तारण निगम का नहीं सीएमओ कार्यालय का काम है। उन्होंने कहा कि नाले-नालियों में पानी का प्रवाह किसी भी सूरत में रुकने न पाए। नालों की सफाई में जो भी अतिक्रमण अवरोध बनता है उसे तुरंत हटाया जाए। नगरायुक्त संजय चौहान आज अपने कार्यालय में मानसून के दृष्टिगत निगम अधिकारियों एवं सफाई निरीक्षकों के साथ शहर को जलभराव से बचाने की रणनीति पर चर्चा कर रहे थे। नगरायुक्त ने कहा कि वर्षा की स्थिति में सभी सफाई निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में पूरी तरह नजर रखेंगे, यदि कही जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है तो उसका निराकरण करायेंगे और वहां अपनी उपस्थिति की लोकेशन अधिकारियों को भेजेंगे। उन्होंने सफाई निरीक्षकों को रजिस्टर, रेनकोट, छाता आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन चालू रहे इसका दायित्व क्षेत्र के सफाई निरीक्षकों का होगा।

नगरायुक्त ने कहा कि प्रत्येक सफाई निरीक्षक को अपने क्षेत्र के मेडिकल वेस्ट डाले जाने वाले स्थल, ढाबों, नर्सिंग होम, वेंकट हॉल, सीवर, नालों, मेनहॉल आदि की पूरी जानकारी रहनी चाहिए। उन्होंने कच्चे नाले-नालियों के किनारे झाड़-झंखाड़ व खरपतवार की साफ सफाई उद्यान विभाग के सहयोग से निरंतर कराने पर भी जोर दिया। नगरायुक्त ने फॉगिंग का रोस्टर बनाये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि फॉगिंग के अगले दिन एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया जाए। खुले जलाशयों एवं नालों पर भी एंटी लार्वा का छिड़काव करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे संक्रामक रोगों को नियंत्रित किया जा सकेगा।

# जीएसटी की रेड का उद्यमियों ने किया कड़ा विरोध

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कामधेनु उद्योग नगर में शील हौजरी व पोलो कोटेक्स प्राइवेट लिमिटेड पर एसआईबी द्वारा डाली गयी



रेड के दौरान जीएसटी अधिकारियों द्वारा एक तरफा दबाव बनाने का आईआईए के पदाधिकारियों ने विरोध किया, जिस पर जीएसटी अधिकारियों द्वारा पुलिस बल बुलाये जाने पर उद्यमियों ने गहरा रोष जताया है। जानकारी के अनुसार जीएसटी की एसआईबी के 11 अधिकारियों ने 10 पुलिस कर्मियों के साथ कामधेनु उद्योग नगर में शील हौजरी व पोलो कोटेक्स प्रा.लि. के यहां रेड डालकर एक तरफा दबाव बनाया गया, जिसकी सूचना मिलने पर आईआईए चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना, प्रदेष सचिव प्रमोद सडाना, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण राजीव सिंघल, अशोक छाबडा, राजकुमार अरोड़ा, अतिश गुप्ता, प्रेम क्वात्रा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अनूपम गुप्ता, विवेक मनोचा, सुरेन्द्र मोहन चावला, कृश्ण लाल मक्कड़, जयवीर राणा, रोहित धई, अरविन्द खन्ना, अनूज जैन, गुलशन क्वात्रा, राकेश सेठी, संजीव सचदेवा, संदीप ठकराल, सुशील सडाना, विपुल जैन, अम्बर जैन, सुशील रसवंत, अरुण अग्रवाल आदि उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा विरोध किया गया। आईआईए चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने कहा कि जीएसटी एसआईबी की रेड से उद्यमियों में असंतोष है। आईआईए राष्ट्रीय सचिव प्रमोद सडाना ने कहा कि आज एमएसएमई दिवस पर जीएसटी एसआईबी को इस प्रकार की कार्यवाही नही करनी चाहिए थी। कृष्ण राजीव सिंघल ने कहा कि रेड करने से पहले सम्बन्धित इकाई को बचाव का अवसर देते हुए कारण बताओ नोटिस दिया जाना चाहिए। अतिश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही से उद्योग चलाना मुश्किल हो गया है। रेड का विरोध करने पर जीएसटी विभाग के अधिकारियों तथा आईआईए चैप्टर चेयरमैन के बीच वाद-विवाद हो गया, जिस कारण से जीएसटी विभाग ने अतिरिक्त पुलिस बल मंगवा लिया, जिस कारण से उद्यमियों में रोष उत्पन्न हो गया। तदोपरान्त संयुक्त आयुक्त जीएसटी प्रशांत कुमार एवं जे.बी.सिंह भी इकाई पर आये और अधिकारियों द्वारा इकाई के चार्टर एकाउंटेंट द्वारा प्रस्तुत लेखो में जीएसटी विभाग द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों का निस्तारण किया गया तथा वाद-विवाद के दौरान एक समझौता कुछ अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया तथा भविष्य में आईआईए चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना एवं अस्सिटेट कमिश्नर जीएसटी पवन कुमार के मध्य कोई विभागीय व पुलिस कार्यवाही न किये जाने का आश्वासन दिया।

# रेलवे रोड पर गरजी निगम की जेसीबी, दुकानदारों में हड़कंप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम की जेसीबी रेलवे रोड पर जैसे ही अतिक्रमण हटाने के लिए पहुची दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में दुकानदारों ने अपना सामान हटाकर स्वयं नाले की सफाई के लिए मेनहोल बनाने शुरु कर दिए। रेलवे रोड पर नगर निगम की गांधी पार्क की दीवार से लगी 47 दुकानें है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को आगे बढ़ाकर नाले को भी दुकानों में कवर कर लिया है जिसके कारण नालों की सफाई नहीं हो पाती और वर्षा होने पर रेलवे रोड व रोडवेज बस अड्डे पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। उक्त दुकानदारों को नगर निगम द्वारा कई बार परस्पर वार्ता के दौरान समय दिया गया और नोटिस भी दिए गए। लेकिन दुकानदार टस से मस नहीं हुए। कुछ दिन पहले भी पार्षद राजेंद्र कोहली की उपस्थिति में दुकानदारों को बुलाकर नगरायुक्त संजय चौहान ने सारी स्थिति से अवगत कराते हुए चेतावनी दी थी कि वे तुरंत अपनी दुकानों में नाला सफाई के लिए मेनहोल बनवा ले अन्यथा निगम अपनी पोकलेन व जेसीबी से अतिक्रमण हटाते हुए नाला सफाई के लिए कार्रवाई करेगा। सभी दुकानदारों ने तब अगले दिन से ही स्वयं मेन होल बनाने का वायदा किया था। लेकिन करीब दस दिन बीत जाने पर भी दो-तीन दुकानदारों को छोड़कर किसी ने कोई पहल नहीं की। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज स्मार्ट सिटी के अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा, जेडएसओ राजीव आदि प्रवर्तन दल के साथ जेसीबी लेकर पहुंचे और दुकानों से अतिक्रमण हटाना शुरु किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने एक सप्ताह का समय और देने के लिए कहा, लेकिन अधिकारियों ने साफ इंकार कर दिया। अधिकारियों का कहना था मानसून आने वाला है और अब समय नहीं है कि और इंतजार किया जाए।

# आईआईए ने नवागन्तुक डीएम से भेंट कर किया अभिनंदन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आईआईए के प्रतिनिधि मण्डल ने चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना के नेतृत्व में नवागत जिलाधिकारी मनीष बंसल से शिष्टाचार भेंट कर अभिनंदन किया।

प्रतिनिधि मण्डल ने नवागत जिलाधिकारी मनीष बंसल को बुकें भेंटकर व संस्था का अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया। चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने कहा कि आईआईए एमएसएमई सेक्टर का सबसे बड़े औद्योगिक संगठनों मे से एक है, जोकि एमएसएमई सेक्टर के हित के लिए कार्य करता है। कृषि के पश्चात एमएसएमई सेक्टर ही है, जो सबसे ज्यादा रोजगार सर्जन करता है। संस्था का शासन व प्रशासन के विभिन्न वर्किंग ग्रुपों में प्रतिनिधत्व भी है और पूरे प्रदेश में 57 जिलों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं और संस्था के 10000 एमएसएमई सेक्टर के उद्यमी सदस्य है और जनपद सहारनपुर में भी लगभग 700 उद्यमी सदस्य है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत जनपद सहारनपुर में आईआईए के सदस्यों द्वारा लगभग 2100 सौ करोड़ रुपए का निवेश करते हुए एमओयू किये गए है और संस्था के कुछ



सदस्यों द्वारा अपना प्रोजेक्ट आरंभ भी किया जा चुका हैं।

नवागत जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शिष्ट मण्डल का आभार जताते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता उद्योगों की समस्याओं को दूर करना और जनपद सहारनपुर में विकास कार्यो को गति देते हुए सरकार की योजनाओं को सही ढंग से क्रियान्वित करवाना होगा। उन्होनें कहा कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत किसी भी निवेशक को अपना प्रोजेक्ट लगाने में किसी भी विभाग से कोई समस्या आ रही हैं तो उनके संज्ञान में अवश्य लाएं, ताकि तत्काल सहायता की जा सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि उद्योगों से संबंधित प्रत्येक समस्या का त्वरित समाधान करवाया जाएगा। शिष्टमंडल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद सडाना, विशेष आमंत्रित सदस्य (सीईसी) आरके धवन, उपाध्यक्ष स.हरजीत सिंह, पूर्व चैप्टर चेयरमैन अशोक गांधी व श्रम विभाग कंवीनर अनुज कुमार जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।













# दिसंबर 2024 तक तैयार कर लें गंगा एक्सप्रेस वे: योगी

अवधनामा संवाददाता

- चार नए लिंक एक्सप्रेस का मांगा प्रस्ताव
- डिफेंस इंडस्ट्रियल में देश-दुनिया की बड़ी कंपनियां कर रहीं निवेश



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते 07 वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 2017 तक मात्र 02 एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज 06 एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 07 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है।

मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेसवे प्रत्येक दशा में आगामी दिसंबर तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालुगण गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा का लाभ उठा सकें।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जनपद के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए।

जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए बुंदेलखंड की जीवनरेखा बन चुके बुंदेलखंड एक्सप्रेस को चित्रकूट से जोड़ने के लिए कार्यवाही तेज की जाए, इसके लिए बजट भी प्राविधानित की जा चुकी है। यह बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी को और बेहतर करने में बड़ा सहायक होगा। कार्य की गुणवत्ता और परियोजना की समयबद्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक लिंक एक्सप्रेसवे तथा गंगा एक्सप्रेसवे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक वाया फर्रुखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के साथ-साथ यह तीन नए एक्सप्रेसवे प्रदेश की तरक्की की तेज करने वाले होंगे। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश को रक्षा उत्पादन का हब बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल में देश-दुनिया की बड़ी रक्षा उत्पाद निर्माता कंपनियां निवेश कर रही हैं। अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस एयरोस्पेस, एरोलॉय टेक्नोलॉजी, झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम, अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और एंकर रिसर्च लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियां अपनी इकाई लगा रही हैं। नवीन प्रस्तावों के संबंध में तत्काल निर्णय लें। कोई भी प्रस्ताव लंबित न रखें।

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ाई जाए। लखीमपुर खीरी में बायो प्लास्टिक मैनुफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए भूमि क्रय तेज किया जाना अपेक्षित है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की सतत समीक्षा की जाए। निवेशक को लैंड अलॉटमेंट करना हो अथवा देय इंसेंटिव का विषय, कतई विलंब न हो। तत्काल निर्णय लें।

## नई दिल्ली में बौद्ध कॉनक्लेव का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से बोधि यात्रा का आयोजन कल 28 जून, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के होटल अशोका में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पर्यटन मंत्री माननीय गजेंद्र सिंह शेखावत तथा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, उ0प्र0 विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ-साथ कई विभागों के सचिव और मुख्य सचिव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रतिष्ठित ट्रैवेल राईटर, ब्लॉगर और भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के प्रतिनिधि भी आमंत्रित किये गये हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बोधि यात्रा उत्तर प्रदेश के बोध धर्म से जुड़े स्थलों की मार्केटिंग एवं ब्राडिंग के लिए रखी गयी है। इसका उद्देश्य उश्रर प्रदेश में अधिक से अधिक घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करना हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध और बौद्ध धर्म से जुड़े कई प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। उन्होंने ने कहा कि यूपी प्रारंभिक बौद्ध धर्म का केंद्र रहा है। यहीं से यह धर्म दुनिया के बाकी हिस्सों में फैला। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों, पर्यटन आकर्षण, पारंपरिक कला व शिल्प और संस्कृति एवं पर्यटन क्षेत्र में एफ0डी0आई0 को बढ़ावा देने के लिए निवेश के अवसर तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के लाभों और सब्सिडी के विवरण के विषय में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।

## पर्यटन मंत्री बुद्धिष्ट कानक्लेव में शामिल होंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एक दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली जा रहे हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री कल 28 जून, 2024 को प्रातः लखनऊ से चल कर सुबह 8:35 बजे इंन्दिरा गांधी इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली पहुँचेगे। नई दिल्ली के अशोका होटल में पर्यटन विभाग द्वारा बुद्धिष्ट कॉनक्लेव का आयोजन किया गया है। मा0 पर्यटन मंत्री शाम 06:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुँचेगे। इस कॉनक्लेव में बोधि यात्रा भगवान बुद्ध की जीवन यात्रा के संस्मरणों को प्रदर्शित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की होगी।

# गुरु तीन प्रकार का होता है: करुणा शंकर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** शोआ फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज, फैजुल्लागंज लखनऊ में अब्दुस समी अध्यक्ष शोआ कालेज के प्रयासों से साकार जागृति प्रवाह समिति, लखनऊ द्वारा आयोजित की जा रही तीन दिवसीय अध्यापक- प्रशिक्षण कार्यशाला के पहले दिन करुणा शंकर, डॉ0 भरत मिश्र ने कालेज की टीचरस के सामने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुरु एवं गुरु के विभिन्न आयामपर चर्चा करते हुए करुणा शंकर ने कहा कि गुरु तीन प्रकार का होता है एक सिग्मेंटल- वह अपने विषय की समझ रखता है और विषय को ही ले कर आगे बढ़ता है। दूसरा होता है कन्डीशनल- जो ऐसे ही टीचिंग के प्रोफेसन में आ गया। उसका लक्ष्य टीचिंग नहीं था, ऐसा टीचर सिर्फ सैलरी के लिए नौकरी कर रहा होता है। तीसरा है नेचुरल गुरु, ये तीसरे पायदान का गुरु ही सही मायने में अध्यापक होने का हकदार है। इसी क्रम में विद्यालय और उसका परिवेश विषय पर बोलते हुए डॉ भरत मिश्र ने कहा कि किसी विद्यालय का परिवेश सर्वाधिक इस बात पर निर्भर करता है कि आप उसे एक शिक्षक होते हुए कैसा बना रहे हैं। परिवेश केवल विद्यालय का कैंपस, दीवार और कक्ष नहीं होते, गुरु के भीतर की आंतरिक ऊर्जा किसी भी विद्यालय के परिवेश को जीवंतता प्रदान करती है जिसका प्रभाव विद्यार्थियों पर सबसे अधिक पड़ता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध तंत्र के पदाधिकारी सय्यद आसिम रज़ा सर ने भी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल के संस्थापक आदरणीय शारिब रुदौलवी सर ने जिस भावना के साथ इस विद्यालय की शुरुआत की थी और उसे इतना आगे बढ़ाया उसी भावना के साथ हमें इस विद्यालय को आगे बढ़ाना है। उसमें आप सभी शिक्षकों का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। आपके प्रयास से ही इसे आगे ले जाया सकता है। इसी क्रम में कालेज के मैनेजर हुसैन असगर काजमी सर ने भी अपने विचार शिक्षकों से साझा किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के ऊपर ही विद्यालय का भविष्य निर्भर करता है, शिक्षक जितना समर्थ होगा विद्यालय उतनी दूर तक जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के तमाम शिक्षक एवं प्रधानाध्यापिका मीरा त्रिपाठी जी भी उपस्थित रहीं और पूरे सहयोग के साथ उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रबंध निदेशक डॉ0 अंजलि ने किया। कार्यशाला के दूसरे और तीसरे दिन सत्र के अन्य विषयों पर दिनांक 28 एवं 29 जून 2024 को विद्यालय में ही सुबह 8:00 बजे से 10:00 तक पुनः आयोजित की जाएगी।



















## संवादहीनता की भेंट चढ़ता छात्रों का आंदोलन

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्याधाम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एमएससी के छात्र यशपाल की आत्महत्या मामले में आंदोलित 8 छात्रों के निष्कासन किए जाने की निंदा करती है। अभाविप आचार्य नरेंद्र देव विश्वविद्यालय के कुलपति के तानाशाहीपूर्ण रवैया को कदापि स्वीकार नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पर विद्यार्थियों पर इस प्रकार का तानशाहीपूर्ण रवैया विश्वविद्यालय में व्याप्त घोर अनियमितता को दर्शाती है। कल जब अभाविप के कार्यकर्ता में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने बात करने से इंकार कर दिया, यह उनकी संलिप्तता भी इस प्रकरण में दर्शाती है।अभाविप अवध प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेयी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सह पर विश्वविद्यालय के कुलपति छात्रों से मनमानी करते हैं। कल जब अभाविप के कार्यकर्ता कृषि मंत्री से मिलने का प्रयास किये तो उन्होंने छात्रों से मिलने



से इंकार कर दिया जो कहीं न कहीं उनकी संवादहीनता को प्रदर्शित करता है। यदि दो दिन में मृतक यशपाल को न्याय नहीं मिला तथा तथा विद्यार्थियों का प्रवेश बहाल नही किया गया तोअभाविप बड़ा आंदोलन करेगी।अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद के सदस्य ऋषभ गुप्त ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति भ्रष्टाचार में लिप्त है, विश्वविद्यालय के कुलपति को राजनैतिक दलों के कुछ लोगो का संरक्षण प्राप्त है जिससे शिक्षण संस्थान में अराजकता को बढ़ावा मिलता है।प्रान्त सोशल मीडिया संयोजक नवीन दुबे ने बताया कि मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही घोर निंदनीय है इस प्रकरण से समाज में गहरा असंतोष व्याप्त है सर्व समाज में वि?द्यार्थियों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।पत्रकार वार्ता में प्रान्त एग्रीविजन संयोजक ऋषभ मिश्र, प्रान्त खेलो भारत संयोजक अंशुमान सिंह, प्रान्त स्व्रष्ठ संयोजक शिवम मिश्र, विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी अंश जायसवाल, मानवेन्द्र प्रताप सिंह मिशन सिंह विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी, मोहित साहू, कुन्दन सिंह प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## भारी हंगामे के बीच सम्पन्न हुई मया ब्लाक में प्रधानों की बैठक

**अयोध्या।** मया ब्लाक में वर्षो से बहुप्रतीक्षित बीडीसी और प्रधानों की बैठक गुरुवार को ब्लाक प्रमुख कप्तान सिंह और बीडीओ अनुराग सिंह की अध्यक्षता में भारी हंगामे के बीच सम्पन्न हुई। बैठक में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब अमसिन के ग्राम प्रधान सती प्रसाद वर्मा ने ब्लाक के संविदा कर्मी कम्प्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा पर प्रधानों के आर्थिक शोषण और घूसखोरी का मामला मंच से उठा दिया। इसके बाद बीडीओ अनुराग सिंह काफी असहज महसूस दिखे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी योजनाओं से प्रधानों को अवगत कराते हुए सहयोग की अपील की। दलपतपुर ग्राम सभा में लाखों रुपये से निर्मित कूड़ाघर व कूड़ा गाड़ी के संचालन के साथ ही आज तक कभी खुली बैठक का न होने कि मुद्दा उठाया गया। बीडीओ अनुराग सिंह और ब्लाक प्रमुख कप्तान सिंह ने इस पर गम्भीरता से जांच का आश्वासन दिया।

## अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की एक बैठक केंद्रीय कार्यालय पर आयोजित हुई इस अवसर पर स्वर्गीय गंगा प्रसाद पांडेय वरिष्ठ सदस्य अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के असामयिक मृत्यु पर 2 मिनट का मौन रखते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई और लोकसभा चुनाव पूर्व में किए गए कार्यों पर विचार विमर्श किया गया इस अवसर पर सभी ब्राह्मण सदस्य व पदाधिकारीयों ने इसकी पुष्टि की राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय चाणक्य परिषद पंडित राधेश्याम मिश्र ने संचालन किया बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी ने किया बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि पूरे जिले में ब्लॉकवार समिति का गठन कर जिले में सदस्यता अभियान शुरू कर संगठन को मजबूती प्रदान की जाएगी और उत्तर प्रदेश में आए दिन ब्राह्मणों की हत्याएं निरंतर बढ़ती जा रही है हाथरस की घटना का हम घोर निंदा करते हैं और कड़े शब्दों में विरोध करते हुए शासन प्रशासन से मांग करते हैं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और पीड़ित ब्राह्मण परिवार को अधिकाधिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाए नहीं तो अखिल भारतीय चाणक्य के परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी इसी कड़ी में मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने राकेश त्रिपाठी जी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत




किया। जिला अध्यक्ष पंडित सत्यदेव मिश्र ने कहा कि सदस्यता अभियान की शुरुआत अति शीघ्र करते हुए सभी ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों का गठन कर लिया जाएगा। परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश तिवारी द्वारा परिषद के विकास और प्रचार प्रसार के लिए संगठन की उपस्थित सदस्यों को अपने विचारों से अवगत कराया। आगामी बैठक में सूचना एजेंडा 15 दिन पूर्व जारी किया जाएगा। सदस्यता अभियान संयोजक मंडल का हुआ गठन जिलाध्यक्ष पंडित सत्यदेव मिश्र पंडित घनश्याम मिश्रा पंडित कौशलेंद्र तिवारी अमरेश चंद्र पांडेय पंडित आशीष पांडे सदस्य है। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक पंडित अनुज तिवारी राष्ट्रीय महामंत्री राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महंत श्रीरेश्वर दत्त मिश्र राष्ट्रीय समिति सदस्य जयप्रकाश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश समिति सदस्य ओम प्रकाश मिश्र राकेश त्रिपाठी नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष देवनारायण तिवारी गुरौली जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र जिला संगठन मंत्री घनश्याम मिश्र,विनीत मिश्र प्रदेश महामंत्री, नीलम मिश्र, रमाकांत मिश्र,वीरेंद्र प्रसाद पाठक आलोक त्रिपाठी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नार्को कोआर्डिनेशन सेण्टर मेकेनिज्म की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोआर्डिनेशन सेण्टर मेकेनिज्म की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में ड्रग ला एनफोर्समेण्ट एजेंसीज द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में नशों के खिलाफ निरन्तर जागरूकता कार्यक्रमों को चलाने, विशेष रूप में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में नशा से होने वाली हानियों से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद, लेखन आदि प्रतियोगिताएं एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने, नशा पीड़ित मरीजों को इस बुराई से दृढ़ता से छुटकारा दिलाने व उनकी उचित काउंसलिंग करने के निर्देश के साथ ही उन्हें व उनके परिजनों को रोजगारपरक योजनाओं से जोड़ने जैसे विभिन्न कार्यों पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया

## अराजक तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा: एसपी ग्रामीण

**अयोध्या।** पूरा बाजार स्थानीय बाजार में एस पी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर की अगवाई में थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने पुलिस टीम के साथ पैदल भ्रमण कर लोगों को शांति का भरोसा दिलाया उन्होंने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने में खलल डालने वाले अराजक तत्वों को बक्सा नहीं जाएगा वे चाहे जो भी हो कानून की निगाह में सब बराबर है। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है जिससे समाज के लोग भयमुक्त हो सके एसपी ग्रामीण ने कहा कि शराब अपराध की जड़ है इसलिए कच्ची शराब बनाने व बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है जो फलीभूत भी हो रहा है उन्होंने अभिभावको से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शत प्रतिशत शिक्षित करने के लिए स्कूल भेजें ताकि बच्चे शिक्षित होकर अपना भविष्य निर्माण कर सके ।

## नाला निर्माण में अनियमितता को लेकर नाराज सभासदों ने अधिशासी अधिकारी से की शिकायत

**अवधनामा संवाददाता**

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर पंचायत सुबेहा में जलनिकासी के लिए कराए गए नाला निमार्ण कार्य में अनियमितता से नाराज होकर वार्ड सभासद ने वार्ड के अन्य सभासद के साथ कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी से मामले की शिकायत की मामला नगर पंचायत सुबेहा के वार्ड किला दरवाजा का है सभासद रिजवान खा ने बताया की आंगनबाड़ी केन्द्र से लेकर रशीद के घर होते हुए हसमत अली के दरवाजे तक लगभग 225 मीटर नाले का निर्माण अनुमानित लागत 13 लाख सत्तर हजार रूपए में कराया गया है सभासद रिजवान खा का आरोप है की नाला निर्माण में ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितता बरती गई है मानक को दरकिनार कर घटिया सामग्री से नाला निर्माण कराया गया है जिसकी गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान खड़ा होता है पूरे नाले पर झाप नही डाली जा सकी



है आधा अधूरे नाले पर डाली गई झाप अभी से चिटकना शुरू हो गई है जमीन में नीचे फर्श बनाई गई जिसमे ठीक से गिट्टी की कुटाई तक नही की गई है सिर्फ हल्की फुल्की गिट्टी डालकर सिर्फ मसाले का लेपन कर खानापूर्ति कर दी गई। नाला का निर्माण होने के बाद भी बरसात का पानी नहीं निकल पा रहा है वार्ड में जलभराव की स्थित बनी हुई हैं। मानक विहीन निर्माण के दौरान मामले की शिकायत ईओ से की गई थी जिसके बाद जेई मौके पर आकर जांच पड़ताल भी की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। मानक विहीन तरीके से बनाया गया यह नाला एक बरसात भी टिक जाय तो बड़ी बात है। गुरुवार को सभासद रिजवान खा वार्ड के अन्य सभासद केतार बाबू , प्रदीप गुप्ता, महेंद्र मौर्य, प्रदीप गुप्ता, जयप्रकाश, गिरजा रावत करीब आधा दर्जन सभासदों के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी से नाला निर्माण में अनियमितता की शिकायत की गई है। जिसके बाद अवर अभियंता मौके पर आकर नाला निर्माण की गुणवत्ता की जांच किए हम सभासदों को किसी भी प्रकार कोई जानकारी नहीं दी और अपने गतव्य को रवाना हो गए। सभासदों का कहना है यदि इस मामले में जेई ने निष्पक्ष जांच व कोई कार्यवाही नहीं की तो उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत की जायेगी ।

## 110 मार्फीन साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** जैदुपर पुलिस ने गुरुवार एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 11 लाख रुपए कीमत की एक सौ दस ग्राम मार्फीन बरामद की। उसके एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज का जेल भेजा है। जैदपुर पुलिस गश्त के दौरान सिद्धौर जैदपुर संपर्क मार्ग स्थित नवाबपुर कोड़री नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की। उसने अपना नाम व पता अंशू दीक्षित पुत्र बैरन दीक्षित निवासी अमनियापुर थाना बदोसराय होना बताया। उसकी जामा तलाशी में एक सौ दस ग्राम मार्फीन बरामद हुई। पुलिस मुताबिक उसकी कीमत ग्यारह लाख रूपये है।? तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया।

## गांव के मुखिया फर्जी मुकदमे में फंसाने की दे रहे धमकी,पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोमरही



निवासी अरुण कुमार जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। दिए गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ग्राम प्रधान कृपाराम सोनकर पीड़ित व उसके परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजवाने की धमकी दे रहे हैं। जिससे पीड़ित अरुण कुमार जायसवाल काफी हद तक डरा और सहमा हुआ है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने पत्र में लिखा है कि 26 जून 2024 को ग्राम प्रधान कृपा शंकर सोनकर, राम शब्द उर्फ झूल्लन,अशोक, निरहू,अरुण निवासी सोमरही ने अपने साथियों के साथ पीड़ित के घर धावा बोल दिया और जबरन उसके ईंट की दीवाल उजाड़ने लगे। पीड़ित के परिजनों ने दीवार उजाड़ने से रोका तो प्रधान व उनके साथी पीड़ित के परिजनों को मारने पीटने लगे।

पीड़ित के परिजनों में जोतराम जायसवाल,नरेंद्र कुमार जायसवाल मनीष कुमार जायसवाल,सरस्वती जायसवाल को लाठी-डंडे से मारा पीटा और जाते समय कहा कि तुम परिवार वालों को जान से मार देंगे और फर्जी मुकदमे में फंसवाकर जेल भेजवा देंगे। पीड़ित ने प्रधान द्वारा दी गई धमकी से काफी त्रस्त होकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## जिलाधिकारी द्वारा की गई बेसिक शिक्षा जिला टास्क फोर्स की समीक्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** गुरूवार को डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में गुरवार को जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फ़ोर्स बैठक की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण प्रोग्रेस रिपोर्ट, मिड डे मील, जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण, विद्यालयों में विद्युतीकरण, बीआरसी की मरम्मत, पीएम श्री के तहत ह्यह्यह्यविद्यालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट, डीबीटी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विभिन्न पैरामीटर पर सेचुरेशन और ऑपरेशन कायाकल्प में 19 पैरामीटर पर स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्कूलों के निरीक्षण में जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत चाहर दिवारी, शौचालय, पेयजल आदि 19 बिंदुओं पर विद्यालयों का कायाकल्प सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों हेतु सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निशुल्क पुस्तकों को कार्यालय में डंप ना किया जाए। विद्यालय तक शत प्रतिशत पुस्तक पहुंचाई जाए यदि किसी स्तर पर लापरवाही प्रदर्शित होंगी तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही जरूर की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन में जितने भी पैरामीटर हैं उनमें से सबसे कम प्रदर्शन करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों की सूची बनाई जाए कि वे किन-किन पैरामीटर में पीछे हैं, तभी स्पष्ट जिम्मेदारी तय हो सकेगी।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए की विद्यालयों के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और संबंधित को हैंडओवर किया जाए। निर्माण के दौरान गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। जल्द से जल्द समय के अंदर ही निर्माण कर पूरा कराया जाए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## झमाझम बारिश में क्षत गिरने से चार गंभीर

**महराजगंज।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बकुलडीहा के पूरब टोला में एक मकान में लगे कटरैन के गिर जाने से एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से हुए घायल । ग्रामीणों के सहयोग घायलों को इलाज के लिए सीएचसी निचलौल ले जाया गया।जहां डाक्टरों ने



घायलों की स्थिति नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव के लोगो ने बताया कि घटना के समय परिवार के सभी लोग एक साथ भोजन कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन गुरुवार को सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही थी। घर के सभी लोग धान की रोपाई के काम में व्यस्त थे। करीब नौ बजे सभी लोग खाना के लिए पूरब टोला वाले मकान पर जाकर खाना खा रहे थे कि मकान का आगे वाला सीमेंट निर्मित कटरैन अचानक गिर गया। गोधना देवी पत्नी सुदर्शन गुप्ता67 वर्ष, महेंद्र गुप्ता पुत्र सुदर्शन गुप्ता 40 वर्ष, अंशु गुप्ता पत्नी महेंद्र गुप्ता37 वर्ष व नंदिता गुप्ता पुत्री महेंद्र गुप्ता14 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कानूनगो दीपक पांडेय, लेखापाल चंद्रभान ने बताया कि क्षति का आंकलन कर लिया गया है। मुआवजा दिलाया जाएगा।

## संचारी रोग नियंत्रण मे नालियों की साफ सफाई एव एंटी लार्वा का छिड़काव जरूरी: बीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**

**मसौली बाराबंकी।** संचारी रोग नियंत्रण की सफलता में सभी के सहयोग की जरुरत है क्योंकि यह मिशन जच्चा-बच्चा एव आमजनमानस की सुरक्षा से जुड़ा हुआ अभियान है सभी की जिम्मेदारी है ऐसे कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करे। उक्त बातें गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय पर संचारी रोग की सफलता को लेकर आयोजित ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने कही उन्होंने कहा सुरक्षित जीवन मे टीकाकरण का बहुत बड़ा योगदान रहा है एक टीका कई बीमारियों से जीवन को सुरक्षित करता है।जिसके लिए जनजागरण की आवश्यकता है। बीडीओ ने स्वयं संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रतिभाग का आश्वासन दिया। आगामी 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण एव 17 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान की सफलता में से रूबरू होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के अखिलेश पटेल ने संचारी रोग




अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि मिशन की सफलता के लिए आशा बहुओ के माध्यम से प्लान को अन्तिम रूप दिया जा चुका है और जिन आशा बहुओ का प्लान नही मिला है वह दो दिन के अंदर प्लान कार्यलय पर पहुचा दे उन्होंने टीकाकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आज संचारी रोग नियंत्रण की जरूरत क्यों पड़ी है जिसको गम्भीरता से लेने की जरूरत है।मिशन की सफलता में सभी की सहभगिता मिशन की कामयाबी है। एडीओ पंचायत जानकीराम ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण मे नालियों की साफ सफाई एव एंटी लार्वा का छिड़काव अति आवश्यक है।

इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम चौधरी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जैसराम, मो0 आकिब जमाल, संजीव कुमार, सौम्यां सिंह, सहित समस्त ग्राम प्रधान एव पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

## वक्फ की जमीनों पर अवैध निर्माण करने वालो की अब खेर नही चलेगा बाबा जी का बुलडोजर

**अवधनामा संवाददाता**

**बाराबंकी।** लोक संपत्ति व वक्फ की ज़मीनो पर नाजायज़ कब्ज़ा कर अवैध निर्माण करवाने वालो पर गरजेगा मुख्यमंत्री योगी बाबा का बुलडोज़र। ज्ञात हो कि बाराबंकी जनपद के डीएम सत्येंद्र कुमार ने वक़्फ़ नवाब अमजद अली खान के वक़्फ़ नामे, शिया वक़्फ़ बोर्ड के रजिस्टर्ड नम्बर 37,और राजस्व खाते में दर्ज 18 बीघा 3 बिसवां 2 बिस्वानसी ज़मीन का सीमांकन कराने के निर्देश पर असिस्टेंट कमिश्नर वक्फ के साथ 11 सदस्य की टीम ने लाजपतनगर के गाटा संख्या 186 की नपाई पर भु माफियाओ सूदखोरों में मचा हड़कंप शहर के बीचों बीच स्थित वक़्फ़ नवाब अमजद अली कीमती लोक संपत्ति पर भु माफियाओ और सूदखोरी के गैंग के अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर दुखी सेक्रेट्री सरवर अली रिज़वी ने डीएम सत्येंद्र कुमार से अपना पक्ष रखकर एसडीएम की रिपोर्ट पर वक़्फ़ नवाब अमजद अली खान के वक़्फ़ नामे, शिया वक़्फ़ बोर्ड के रजिस्टर्ड नम्बर 37



और राजस्व खाते में दर्ज 18 बीघा 3 बिसवां 2 बिस्वानसी ज़मीन का सीमांकन करा कर उस वक़्फ़ की भूमि पर अवैध निर्माण रोकने की गुज़रिश की थी, जिस पर आज जिलाधिकारी के निर्देश पर असिस्टेंट कमिश्नर वक्फ बालेंदु दिवेदी के साथ 11सदस्य की टीम ने लाजपतनगर के गाटा संख्या 186 की नपाई पर भु माफियाओ सूदखोरों में हड़कंप मच गया है। डीएम को दिए गए पत्र में सरवर अली रिज़वी ने कहा था कि शहर के हेड पोस्ट आफिस के सामने वर्ष 1912 से रजिस्टर्ड वक़्फ़ अमजद अली खान रजि नंबर 1480 द्व की वक़्फ़ संपत्ति गाटा संख्या 186 मि जो लोक सम्पत्ति है। ये वक़्फ़ संपत्ति जो रजिस्टर्ड नंबर 37 में दर्ज है जिसमे लेखपाल कानूनगो तहसीलदार और एसडीएम,द्वारा1 मार्च 2024 को अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट के आखरी पैरे में ये माना गया है कि 3बीघा 17 बिस्वा 12 बिस्वानसी और 14 बीघा 5 बिस्वा 10 बिस्वानसी खेवट के अनुसार वक़्फ़ है। आपको ये भी बता दे कि वक़्फ़ नवाब अमजद अली के नाम से ये संपत्ति थी। लाजपतनगर में डाक खाने के सामने लबे सड़क वक़्फ़ कि सम्पत्ति पर श्री शाहजी इंफ्रा वेंचर्स की नीलम हाइट्स नाम से सूदखोर सुजीत शाह नामक व्यक्ति द्वारा संजय यादव बाबा और भुललन वर्मा से मिलकर करोडो की ज़मीन पर दस्तवेज़ों में हेरा फेरी सूदखोरी के जाल में फंसा कर अपनी माता नीलम शाह के नाम से ज़बरदस्ती हर्ष टण्डन से रजिस्ट्री करवा कर अवैध कब्जा कर निर्माण खुले आम करवाकर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की जीरो टॉलरेंस नीति को चुनौती दी गयी थी। इस सूदखोर की ज़ोर ज़बरदस्ती गुंडा गर्दी से त्रस्त आकर बीजपी नेता हर्ष टण्डन ने सुसाइड नोट छोड़कर खुदकशी कर ली थी,उस सुसाइड नोट की तहरीर पर उसके पिता ने सुजीत शाह के खिलाफ एफ़ आई आर करवाई थी,जिस पर लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## मण्डलायुक्त व डीएम ने जलभराव से प्रभावित स्थलों का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जिलाधिकारी नितीश कुमार एवम नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ अतिवृष्टि के कारण जलभराव से प्रभावित जलवानपुरा सहित अन्य प्रभावित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जलवानपुरा मोहल्ले की गलियों का भ्रमण कर यथास्थिति से अवलोकित हुए तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जलवानपुरा में क्षीरसागर से जल निकासी की व्यवस्था के लिए डाली जा रही पाइप लाइन के कार्यों का निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को शीघ्र कार्य को पूर्ण करते हुये जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान वहां के निवासियों द्वारा बताया गया कि पिछले कई वर्षो से अतिवृष्टि होने पर जलभराव की समस्या विद्यमान है इस पर मण्डलायुक्त द्वारा वहां के निवासियों को अवगत कराया गया कि इस समस्या के स्थायी निदान हेतु अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा जल निकासी हेतु पाइप लाइन डाली जा रही है ।

## दिव्यांग बच्चों को मिलेगा सहायक उपकरण



**अवधनामा संवाददाता**

**महराजगंज।** परिषदीय विद्यालयों एवं उनमें अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत समस्त बच्चों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग, चिन्हीकरण, रेफरल एवं उपचार और चिन्हित दिव्यांग बच्चों को स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी कराये जाने, अल्प दृष्टि दोष से प्रभावित विद्यार्थियों को चश्में एवं अन्य सहायक उपकरण के लिए बैठक की गई। जिलाधिकारी ने बीएसए को सभी एमओआईसी की अध्यक्षता में ब्लॉकवार स्वास्थ्य टीम गठित कर चिकित्सीय परीक्षण कैंप के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण का निर्देश दिया। उन्होंने सीएमओ को दिव्यांगता ह्यह्यह्यप्रमाणपत्र जारी किए जाने हेतु सक्षम चिकित्सकों का बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड में आवश्यक होने पर निजी चिकित्सकों को भी नियमानुसार शामिल करें। उन्होंने बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य कैंप में अधिकाधिक बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें और कैंप में अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य के विषय में जागरूक भी करें। बैठक में सीएमओ नीना वर्मा, बीएसए श्रवण कुमार गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान व सचिव के साथ बैठक



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन मे गुरुवार को ब्लाक परिसर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान व सचिव की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संचारी रोग पर सभी को जागरूक किया गया तथा सभी को यह बताया गया की अपने अपने ग्राम पंचायतों में सफाई पर विशेष ध्यान दें और लोगो को संचारी रोग के प्रति दिमागी बुखार साफ सफाई, टीकाकरण एवं बचाव पर जागरूक किया गया।लोगों को बताया गया की बुखार होने पर सरकारी स्पताल पर दवा कराये।जिसकी अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया उन्हों ने कहा अपने आसपास के जगहो पर साफ सफाई रखना होगा तभी हम बीमारियों को दूर भगा सकते हैं। इस पर ग्राम पंचायत के महिलाओं एवं बच्चों की भी भूमिका काफी महवपूर्ण होती है सभी को जागरूक करे।अभियान को सफल बनाने के लिए यह बैठक बुलाई गई। इस मौके पर शिखर श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा,ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार चौधरी, रविन्द्र कुमार जाटव ईश्वरदेव, मनोज कुमार, सहायक लेखाकार अभिषेक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ सहायक उमेश चन्द राय, प्रियंका गोस्वामी, सुशीला पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी, वसीर मोहम्मद, पंकज वर्मा, चंद भान, भारत,बाल जीत जायसवाल, अरबाज खान, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## हरा पेड़ काटते समय बिजली पोल टूटा मधवानगर गांव की बिजली व्यवस्था ध्वस्त

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** पुलिस चौकी बढ़नी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मधवानगर उर्फ गजेहड़ी गांव में गुरुवार की सुबह बिना किसी विभागीय परमीशन के सड़क किनारे लगा शीशम का हरा भरा पेड़ काटते समय बिजली के तार पर पेड़ गिरा और पोल टूट गया जिससे 11000 बोल्टेज की मेन सप्लाई बाधित हो गई और पूरे गांव की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई है जिसे शीघ्र ठीक कराये जाने की मांग गांव वालों ने विद्युत विभाग से की है।

कहा जाता है कि ग्राम सभा मधवा नगर में गाटा संख्या 205 ग्राम समाज की सरकारी जमीन है जिस पर गांव के ही एक व्यक्ति ने दबंगई के बल पर झोपड़ी डालकर अवैध कब्जा कर रहा है। उक्त गांव के घनश्याम चौधरी, शिव प्रसाद, कृष्ण मोहन अर्जुन आदि ने जिले के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर गांव के मुंशी पुत्र होली पर हरे भरे शीशम के पेड़ को बिना किसी परमीशन के जबरदस्ती काटने का आरोप लगाया है।

शिकायत कर्ताओं का कहना है कि पूर्व में भी उक्त व्यक्ति के द्वारा हरे नीम के पेड़ काटने की शिकायत तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी से की गई थी जिस पर कोई सुनवाई न होने के कारण उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि आज भी उक्त व्यक्ति के द्वारा हरा शीशम का पेड़ काटा गया है जिससे पेड़ बिजली के तार के उपर गिरने से बिजली का पोल टूट गया और मेन सप्लाई ध्वस्त होने के साथ ही पूरे गांव की बिजली सप्लाई बाधित हो गई है। ग्रामीणों ने उक्त दबंग व्यक्ति के ऊपर सख्त कार्यवाही की मांग करते शीघ्र विद्युत विभाग के जेई से विद्युत सप्लाई ठीक कराए जाने की मांग की है।

## बढ़नी ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत की बैठक आगामी 29 जून को

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत की बैठक आगामी 29 जून को प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की गई है जिसमे सभी सदस्यों से समय विकास खण्ड के सभागार में समय से पहुंचने की बीडीओ श्याम मुरली मनोहर मिश्रा ने की है। खण्ड विकास अधिकारी मुरली मनोहर मिश्रा ने बताया कि उक्त बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, कृषि योजना, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन पर विचार, बाल विकास परियोजना पर विचार, पेयजल योजना पर विचार, खाद्य एवं आपूर्ति योजना पर विचार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विचार, राष्ट्रीय आजीविका मिशन पर वार्ता, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास पर विचार, राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त आयोग की कार्ययोजना पर विचार, क्षेत्र पंचायत के प्रत्येक वार्डो में पेयजल उपलब्ध कराने पर विचार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 2024 25 पर विचार सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर विचार विमर्श किया जायेगा।

## साइलेंट हार्ट अटैक से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**बुधवार की रात सोनखर निवासी प्रेम जायसवाल की साइलेंट हार्ट अटैक से हो गई मौत**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार की रात डुमरियागंज थाना क्षेत्र के सोनखर गांव निवासी एक तीस वर्षीय युवक की साइलेंट हार्ट अटैक से मौत हो गयी। जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सोनखर निवासी प्रेम जायसवाल (30) पुत्र कुंज बिहारी पूर्व में भनवापुर ब्लॉक में संविदा कर्मी के रूप में काम कर रहा था, वहां से काम छोड़कर वह प्राइवेट रूप से तकनीकी सहायकों के आपरेटर के रूप में कार्य करता था। प्रेम के बड़े भाई प्रकाश ने बताया कि प्रेम जायसवाल बुधवार को दिन में भनवापुर से लौट कर शाम करीब सात बजे बहेरिया चौराहे पर पहुंचा। जहां एक पान की दुकान पर लैपटॉप रखकर अपने नाना के घर भानपुररानी चला गया। रात करीब साढ़े नौ बजे खाना खाकर नाना के घर से अपने घर के लिए निकला। अभी गांव से बाहर स्थित पर मंदिर पर पहुंचा ही था कि उसकी तबियत बिगड़ने लगी, तेज गति से सांस लेने की समस्या उत्पन्न हुई। साथ ही बुरी तरह से पसीने से भीग गया। ननिहाल पक्ष के लोग इलाज के लिए बेंवा सीएचसी ले जा रहे थे, अभी सिलोखरा चौराहे पर पहुंचे ही थे कि प्रेम ने दम तोड़ दिया। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। वहीं रात करीब साढ़े दस बजे मृतक का शव सोनखर पहुचते ही कोहराम मच गया। परिवार में सबसे ज्यादा कमाऊ पुत्र प्रेम तीन भाईयों में सबसे छोटा था, वह अपने पीछे पत्नी समेत एक बेटा व दो बेटियों को छोड़ गया।

## जहांगीरगंज पुलिस टीम द्वारा एक को किया गिरफ्तार



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपर पुलिस के पर्यवेक्षण मे पुलिस के मुताबिक अपराध नियंत्रण एवं वांछित वारंटी अभियुक्तों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान मे क्षेत्राधिकारी आलापुर के कुशल नेतृत्व मे अभियुक्तो के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान तथा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 27.06.2024 को थाना जहाँगीरगंज की पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को समय 09.45 बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया है। दिनांक 28/02/2024 को अभियुक्त डा0 सूरज के द्वारा एक महिला का ऑपरेशन किया गया था आपरेशन के पश्चात महिला की मृत्यु हो गई थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 58/24 धारा 304 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त सूरज कुमार उर्फ गोलू उर्फ सूरज भारती पुत्र रामशरन निवासी ग्राम लहरपार थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ को अलऊपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

## गुणवत्ताहीन कार्य पर होगी सख्त कार्यवाही

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पर्यटन विभाग से संबंधित चल रहे कार्यो के संबंध में कार्यदाई संस्थाओं की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान कार्य संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास लिमिटेड, नगर पालिका परिषद, आवास विकास परिषद द्वारा पीपीटी के माध्यम से अब तक के हुए कार्यो को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रवण धाम क्षेत्र में अयोध्या अंबेडकर नगर मुख्य मार्ग से अन्नावा - श्रवण धाम क्षेत्र मार्ग पर गेट निर्माण का प्रस्ताव हेतु पत्रालेख हेतु निर्देशित किया गया। शिव बाबा धाम में यात्री हाल को विस्तारीकृत करने हेतु पत्रालेख के लिए निर्देशित किया गया।

## विद्यालयों के शिक्षकों को सिम बांटे गये

### टैबलेट मिलने के बाद सिम को सक्रिय करने का दिया गया निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र भनवापुर के परिसर में विद्यालयों में रजिस्टर ऑनलाइन किए जाने एवं बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज कराने को लेकर सिम का वितरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में शिक्षकों को न्याय पंचायत स्तर पर सिम का वितरण शुरू किया गया। इसके बाद 28 जून से उपस्थिति की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पुन विद्यालय 28 जून से प्रारंभ हो रहे हैं। जिसमें शिक्षकों द्वारा रंगोली, गुब्बारा आदि सजाकर व बच्चों को होली टीका लगाकर स्वागत करते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय लाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

सिम वितरण के संबंध में ब्लॉक एमआईएस आबिद रिज़वी ने बताया कि सिम में 70 जीबी डाटा एवं कॉलिंग फ्री मिलेगा। जिसके माध्यम से सारे रजिस्टर ऑनलाइन और बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति शुरू की जाएगी। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्रा ने बताया कि भनवापुर ब्लॉक में टैबलेट का वितरण शिक्षकों में किया गया था। यह वितरण नवंबर माह में हुआ था। इसके बाद सिम का वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को 105 शिक्षकों को सिम वितरित किया गया। 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान का भी शुभारंभ होगा। नियमित उपस्थिति पठन-पाठन गतिविधियां 1 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 28 जून को मध्याहन भोजन योजना के तहत हलवा खीर बनाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा। 28 से 29 जून तक 7:30 बजे से 10 बजे तक समर कैंप आयोजित होगा। इसके बाद 1 जुलाई से नियमित प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक विद्यालय संचालित होंगे। सिम वितरण के समय राम प्रकाश मिश्र, श्वेता श्रीवास्तव, वंदना, अन्नू, शैलेन्द्र, चन्द्रेश्वर, हरिशंकर, सुरेंद्र, रमेश चौधरी, वेद प्रकाश, घनश्याम, राम नरेश, समस हैदर आदि लोग मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा चेकिंग अभियान

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में गुरुवार को यातायात पुलिस एवम परिवहन विभाग तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग अभियान के अंतर्गत चंदौसी तथा संभल होकर चलने वाली बिना परमिट सवारी वाहनों को चेक किया गया तथा बिना परमिट चल रही बस तथा टैक्सी के चालान के एम वी एक्ट के अंतर्गत 5 बसों के चालान परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने में किए गए अभियान के अंतर्गत अन्य यातायात नियम उल्लंघन करने वाले105 वाहनों के चालान एमवी एक्ट में किए गए अभियान के अंतर्गत प्रमुख चौराहों एवम तिराहो पर अनावश्यक रूप से खड़े टेंपो एवं बस को हटवाया गया सभी टेंपो चालकों एवं बस चालकों को निर्देशित किया गया कि अपने वाहन निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा करें अनावश्यक रूप से रोड पर अपने वाहन खड़ा न करें दो पहिया वाहन चालक सदैव हेलमेट धारण करें चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर चलें निर्धारित गति में अपने वाहन चलाएं ,स्टंट एवम स्पीड ड्राइविंग ना करें अपने वाहनों में हूटर सायरन का प्रयोग ना करें, ड्राइविंग लाइसेंस धारक चालक ही वाहन चलाएं।

## पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मातृ-पितृ भक्ति के प्रतीक श्रवण कुमार की तपोस्थली श्रवण क्षेत्र मे पुलिस चौकी की नव-निर्मित भवन का जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने फीता काटकर किया गया उद्घाटन..इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव, क्षेत्राधिकारी नगर सुरेश कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु ऐश्वर्या उपाध्याय सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## भनवापुर में आयोजित हुई संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक, बैठक में जुटे शिक्षक



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को भनवापुर ब्लॉक के सभागार में संचारी रोग नियंत्रण माह के सफल संचालन हेतु खंड शिक्षा अधिकारी बीपी मिश्रा की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के नोडल अध्यापकों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षक डा. शैलेंद्र मणि ओझा तथा बीएमसी सूर्यदेव सिंह के द्वारा बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण का आयोजन माह 1 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जाएगा तथा विद्यालय से संबंधित प्रशिक्षित नोडल अध्यापक के द्वारा स्कूल प्रबंधन समिति एवं अभिभावकों के साथ बैठक के माध्यम से दिमागी बुखार, अन्य वेक्टर जनित रोग तथा जल जनित रोग पर संवेदीकरण किया जाएगा। नोडल अध्यापक के द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतिस्पर्धा, निबंध लेखन आदि के माध्यम से छात्रों एवं अभिभावकों को बीमारी से बचाव, पर्यावरण स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने की विधि, शौचालय के इस्तेमाल एवं शुद्ध पेयजल आदि के विषय में जागरूक किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा नोडल अध्यापक को नियमानुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान राम प्रकाश मिश्रा, अरुण कुमार चतुर्वेदी, आबिद रिजवी, आशीष आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## काश्तकार ने लगाया लेखपालों पर चाटा मारने का आरोप

### तहसील परिसर में लेनदेन को लेकर हुए विवाद को लेखपाल ने नकारा

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र के डुमरिया बुजुर्ग निवासी राजकुमार पुत्र किशोर ने अपने गाँव के हल्का लेखपाल व उनके कुछ लेखपाल साथियों पर बृहस्पतिवार को तहसील परिसर में चाटा मारने व मोबाइल आदि छीन लेने का गंभीर आरोप लगाया है।

हालांकि लेखपाल द्वारा आरोप को नकारते हुए कारण कुछ भिन्न बताया जा रहा। इस बावत उपजिलाधिकारी बांसी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बांसी को तहरीर देकर काश्तकार उपरोक्त ने न्याय की गुहार लगाई है। तहरीर में काश्तकार द्वारा न्यायालय में लंबित धारा 24 के वाद में रिपोर्ट लगाने के एवज में रुपये मांगने व तहसील परिसर में लेनदेन के दौरान वीडियो बनाने की बात को घटना उपरोक्त का कारण बताया गया है। वहीं हल्का लेखपाल के अनुसार वह 27 जून अपरान्ह 03¬10 बजे तहसील परिसर में शासकीय कार्य कर रहे थे।

उसी दौरान खेसरहा थाना क्षेत्र के डुमरिया बुजुर्ग निवासी सुनील पुत्र किशोर अपने भाई के साथ आकर धारा 24 के तहत सीमांकन के संबंध में विवाद करने लगे, मेरे द्वारा बताया गया कि मामला राजस्व निरीक्षक से संबंधित है, उन्हीं से बात कर लें। इतना सुनते ही वे उग्र होकर गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर उन्होंने मारपीट भी किया। लेखपाल संघ की ओर से भी उपजिलाधिकारी को इस बावत प्रार्थना पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई है।

## तहसील कार्यालय सभागार में उप्र लेखपाल संघ उप शाखा की आकस्मिक बैठक

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा बांसी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बृहस्पतिवार को बैठक कर ग्राम मिठवल कला में अवैध अतिक्रमण हटाने गए नायब तहसीलदार बिन्द्रेश गुप्ता पर गलत आरोप लगाने वाले अवैध अतिक्रमण व निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने तथा प्रकरण का खण्डन करने की मांग एस डी एम बांसी से किया है। तहसील कार्यालय सभागार में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा की आकस्मिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मिठवल कला में बंजर व भीटे की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने गए नायब तहसीलदार पर निजी हित साधने के लिए छेड़छाड़ संबंधित गलत आरोप लगाया गया है। साथ ही इस मामले को मिडिया में प्रसारित कर नायब तहसीलदार और टीम की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। बैठक में कहा गया कि यदि कोई उत्पीड़नात्मक कारवाई किया गया तो भविष्य में हो रहे अवैध अतिक्रमण व निर्माण आदि को रोकने में लेखपाल लेखपाल संघ अस्मर्थ होंगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी उच्च अधिकारियों की होगी। संघ ने मांग किया की लगाए गए आरोपों का खंडन कर निष्पक्ष जांच करवाते हुए अतिक्रमण व राजस्व विभाग की छवि धूमिल करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाए। बैठक में लेखपाल संघ अध्यक्ष विनोद गौतम, मंत्री भानु प्रताप, आनंद राव, अमरनाथ त्रिपाठी, नितिन कुमार, प्रशांत बौद्ध, प्रियंका त्रिपाठी, अनिल यादव, सुरेंद्र वर्मा, देशराज कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## भव्य रूप से मनेगा दानवीर भामाशाह का जन्मदिन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद मुख्यालय स्तर तथा तहसील स्तर पर दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस दिनांक 29 जून, 2024 को राज्य सरकार द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस दिनांक 29 जून, 2024 को राज्य सरकार द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में जनसहभागिता के साथ भव्य आयोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के देहांत पर शोकसभा का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद की अगुवाई में शोकसभा का हुआ आयोजन**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को डुमरियागंज कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद की अगुवाई में गोरखपुर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की मार्ग दुर्घटना में मौत हो जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक सभा एवं प्रार्थना सभा आयोजित किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी और सड़क हादसे में उनके साथ गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती उनकी पत्नी एवं दो पुत्रियों के जीवन की सुरक्षा हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि गोरखपुर महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के असमय इस संसार से चले जाने से कांग्रेस पार्टी की भारी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई हो पाना बहुत मुश्किल है। वह अपनी जिंदगी की अंतिम सांस तक पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहे। गोरखपुर ने एक संघर्षशील एवं जुझारू नेता खो दिया। वे कांग्रेस पार्टी के बब्बर शेर थे। पूरी कांग्रेस पार्टी दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ खडी है।

इस अवसर पर रियाज़ मनिहार, अकबर अली, वलीउल्लाह हाशमी, मुकेश चौबे, अर्जुन कन्नौजिया, काजी शारिक, काजी अली, यासिर, विनोद मौर्या, राहुल श्रीवास्तव, अहसन हबीब, शकेब रहमान, सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक आयोग की सदस्या को सम्भल की समस्याओं से कराया अवगत

**सम्भल।** अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार की सदस्या से मुलाकात करने पहुंचे भाजपा नेता ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान कराये जाने की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सय्यद शान अली नई दिल्ली पहुंचे ओर लोधी रोड सीजीओ कॉम्प्लेक्स मे केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार की सदस्य सय्यद शहजादी से सम्भल की कुछ समस्याओं को लेकर मुलाकात की। सय्यद शान अली ने आयोग की सदस्या सय्यद शहज़ादी के समक्ष जब समस्याओं को रखा तो उन्होंने गहनता के साथ उनको सुना ओर तुरन्त एक्शन लेते हुए कार्यवाही करनी शुरू कर दी। भाजपा नेता सय्यद शान अली ने जानकारी देते हुए बताया की अल्पसंख्यक आयोग की सदस्या सय्यद शहज़ादी हर दिन लोगों की समस्याओं को बखूबी सुनती है ओर उनका हर सम्भव प्रयास कर निराकरण भी करती हैं।

## नगर पंचायत क्षेत्र की साफ सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को भारतभारी नगर पंचायत के सभागार में अधिशासी अधिकारी अजय पाण्डेय व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आगामी माह जुलाई में होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की तैयारी को लेकर नगर के सभी सफाई नायकों के साथ बैठक आहूत किया गया।

अधिशासी अधिकारी द्वारा समस्त सफाई नायकों को रोस्टर के हिसाब से वार्डो में विशेष साफ सफाई अभियान चलाने के लिए जिम्मेदारी दी गई। नगर में जल जमाव, समस्त नाला व नालियों की सफाई, फागिंग की तैयारी आदि कार्य के लिए समस्त सफाई नायकों को निर्देशित कर बताया गया की साफ सफाई कार्य में कोई लापरवाही न की जाए किसी भी प्रकार की कोई भी कमी क्षम्य नही हैं। उन्होंने सफाई नायकों को निर्देश दिए गए कि सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। गलियों में नियमित झाड़ू लगवाने के साथ ही नाला-नालियों की सफाई निरंतर कराई जाए। सफाई के साथ-साथ नालियों की सफाई कराएं तथा एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने बताया की समय समय पर मेरे द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जायेगा जिस वार्ड में साफ सफाई व अन्य व्यवस्था सुदृढ़ मिलेगी उस वार्ड के सफाई नायकों को मेरे द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी ने बताया कि 1 जुलाई से 31 जुलाई तक यह अभियान चलाया जायेगा, जिसमें नाली, नाला सफाई, रुके हुए पानी में ब्लीचिंग पाउडर, एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाना हैं। इस दौरान जब हम रहेंगे तैयार, संचारी रोगों की होगी हार.., स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना हैं... आदि नारों से लोगों में जागरूकता फैलाने का आव्हान किया गया। बैठक में लिपिक विक्रम कुमार, उदयभान, सुधांसू अग्रहरि, आकाश पाण्डेय, मनोज यादव, पंकज यादव, संजीव कुमार, अमरजीत, रविंद्र शर्मा, रामपुजारी आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय के वाहनो के फिटनेस की जांच कराने का डीएम ने निर्देश दिया

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने यातायात नियमों की जानकारी जनता को कैम्प लगाकर दिये जाने का निर्देश दिया गया। विद्यालय के वाहनो के फिटनेस की जांच कराने का निर्देश दिया। बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यतः सड़क दुर्घटना लापरवाही के कारण होती है। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि ओवर लोडिंग गाड़ियों नहीं चलनी चाहिए, ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर लें। सड़क दुर्घटना से बचने के लिए जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जाये। जिनको लाइसेंस दिया जाता है उनको ट्रेनिंग दिया जाये। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने ब्लैक स्पाट पर सफेद पट्टी और स्पीड ब्रेकर पर भी सफेद पट्टी लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्यक लगाये, तीन सवारी न चले, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। जनपद में चिन्हित 12 ब्लैक स्पाट पर जहां साइन बोर्ड नहीं लगा है वहां साइन बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ बैठक कर बच्चो को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देश दिया गया।

## स्वप्न झरे फूल से

370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों से जो निजात मिली थी वह कांटे के रूप में फिर सिर उठाने की कोशिश में है। रईसी में हुआ आतंकी हमला इसकी मिसाल है। जनवरी में गृह मंत्री ने कहा था 370 के बाद आतंकी हमलों में 66 प्रतिशत गिरावट आई है। फरवरी में प्रधानमंत्री ने कहा था। जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों में भारी गिरावट आ गई है। लोक सभा चुनाव में भारी मतदाताओं की भीड़ ने अश्वस्त किया घाटी में शान्ती आ गई है। पर सारे सपने छिन्न भिन्न हो गये। उधर मोदी तीसरे ऐतिहासिक प्रधानमंत्री बनने की शपथ ले रहे थे उधर रइसी में आतंकियों ने एक धर्मयात्रा पर जा रहे मुसाफिरों के बस पर आतंकी हमला कर 9 यात्रियों की जान लेली। इस हमले में शान्ती के सपने को भंग कर दिया है। रइसी ऐसा जिला है जहां ऐसी गतिविधियां बहुत कम रही है। पिछली बार 2022 में ऐसी घटना हुई थी जिसमें वैष्णव देवी जा रहे धर्म यात्रियों पर बम फेक कर बीस से ज्यादा लोगो को घायल कर दिया था। 1980 में रइसी रजौरी और पूंछ में मिलिटेन्सी चरम पर रही है। जम्मू के तीनों जिले में 2022 तक विद्रोह नियन्त्रण में रहा है। तब विद्रोहियों ने गस्त कर रहे नौ सैनिकों को मार डाला था। इसमें 11 नागरिक भी मारे गये थे। कश्मीर घाटी में विद्रोहियों पर नियन्त्रण कायम किया गया तो वे जम्मू जिले की ओर रूख कर लिये। राइसेन एलओसी के करीब नहीं है। सुरक्षा सैनिको का दबाव इन दो जिलों में जहां 2021 के बाद विद्रोही सर उठा रहे थे ने उन्हें विद्रोह का नया अड्डा ढूढने के लिये मजबूर कर दिया। सुरक्षा फोर्स के लिये यह चिन्ता का विषय बन गया है। कशमी को पीरपन्डीज रेन्ज जम्मू से अलग करता है। वह तीन जिलों से होकर गुजरती है। दर्रे मौसमी प्रवास कुछ सम्भव बना देते इस दुर्लभा मार्ग से पोओके में प्रवेश करना। पीरपन्जल का भी यही हाल है। यहां के घने जंगल उन्हें सुरक्षा देने में मददगार साबित होते है। यहां छुप कर लांचपैड भी बनाने में मदद मिल जाती है दुर्गम रास्तों और घने जंगलों की वजह से राइसन हमला ऊपर की बातों का पुष्टी करता है। विद्रोही जंगलों में छुपे रहते है और धार्मिक यात्रियों पर हमला करते रहते है। एसटीएफने पाकिस्तान में आतंकी विद्रोहियों के लिये नियम कानून बनाकर उन पर प्रभावी दबाव कायम कर लिया है। अन्तरराष्ट्रीय एजेन्सियों और मुल्कों को आक्षेपों से बचने के लिये विद्रोही प्राक्सी का सहारा ले लिया है। रीस्टेन्ट फ्रन्ट (टीआरएफ) एक ऐसे ग्रुप ने है रविवार के हमले की जिम्मेदारी ली है। यूपी पुलिस रेकार्ड जेके में इनके उपस्थिति की पुष्टी करता है। 2022 के आकड़ों के अनुसार जेएन्ड के में जो आतंकी मारे गये वे एलडीटी के थे या टीआर के थे या टीआरएफके थे। ऐतिहास रेकार्ड के अनुसार जम्मू में घुसपैठ ज्यादे दिन तक रूका नहीं रहा है। क्योकि स्थानीय लोगो का सहयोग और सहायता नही मिल पाता है। जुलाई 2022 रइसी के बाशिन्दे ने एलइटी विद्रोहियों को पकड़ कर सुरक्षा एजेन्सियों के हवाले कर दिया था। राइसौन हमले के सन्दर्भ में सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने की जरूरत है तुरन्त नागरिकों को मुख्या धारा में लाने के लिये विधानसभा चुनाव तुरन्त कराया जाना चाहिये। जिससे नागरिक पूरी तरह अपने में भारतीय नागरिक होने की भावना पनपा सके अपने को भारत का ही अंग मान सके। जो दुरी और मजबूरी थी वह अब दूर हो गई है। फूलों को काटो से बचाना है। महसूस हो स्वरन खिले फूल से।

## राहुल गांधी का कद भी बढ़ा एवं राजनीतिक कौशल भी


ललित गर्ग

राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरु हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है।

देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी।

राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा।

पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# सेंट्रल सिविल सर्विस (लीव) में संशोधन


किशन सनमुखदास भावनानी

**वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत ही एक अकेला ऐसा देश है,जहां आदि अनादि काल से महिलाओं को भावपूर्ण सम्मान का सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। महिलाओं को देवी शक्ति के रूप में देखा जाता है, क्योंकि मां लक्ष्मी सरस्वती पार्वती दुर्गा काली मां राणचंडी सहित विभिन्न स्वरूपों को भगवान मानकर पूजा गया है,जिसका उदाहरण वर्तमान समय में भी देखा जा सकता है। हर उस उपयुक्त समय पर हम इनकी पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं। वही आधुनिक युग में हम महिलाओं के सम्मान को देखें तो उन्हें अनेक सुविधाएं दी गई है हम अक्सर लेडिस फर्स्ट का वाक्यांश सुनते हैं, उससे भी बढ़कर हमने देखे की 17वीं लोकसभा के समय में वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल 2023 भी पास किया गया है, जिसमें महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया है जो हमारे विजन 2047 में मील का पत्थर साबित होगा। महिलाओं को भारतीय कानून में मातृत्व अवकाश की भी सुविधा दी गई है जो करीब करीब 180 दिन होती है उन पिताओं को भी 15 दिन का अवकाश मिलता है। परंतु इन अवकाश दिनों में पिछले 50 वर्षों से एक ही कमी थी, जो सरोगेसी के जरिए बच्चे को जन्म देने वाली मां को अवकाश के बारे में सेंट्रल सिविल सर्विस (लीव) रूल 1972 में उनके लिए कोई अवकाश का प्रावधान नहीं था। सरोगेट बच्चा होने का ट्रेंड बढ़ते जा रहा है, अनेक सेलिब्रिटीज व शासकीय केंद्रीय सेवा में शामिल महिलाएं यह प्रथा अपना रही है तो उन्हें यह सुविधा नहीं मिल रही है इसलिए सरकार ने एक फैसला लेकर सेंट्रल सिविल सर्वेंट (लीव) अमेंडमेंट रूल 2024 पारित कर 18 जून 2024 कोअधिसूचित कर दिया है जिससे उन महिलाओं को भी 180 दिन का अवकाश व पिताओं को 15 दिन काअवकाश मिलेगा। चूंकि अब इस नए रूल 2024 के लागू होने से महिलाओं की सुविधा में वृद्धि हो गई है, इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, महिला को सरोगेसी के लिए बच्चा होने पर अब 180 दिन का अवकाश वेतन सहित मिलेगा जिसके लिए 50 साल पुराने नियम में संशोधन किया गया है।**

साथियों बात अगर हम सेंट्रल सिविल सर्वेंट (लीव) अमेंडमेंट रूल 2024 को समझने की करें तो, नए नियम में दो से कमजीवित बच्चों वाली मां को मिलेगा बाल देखभाल के लिए मातृत्व अवकाश 18 जून को अधिसूचित संशोधित नियमों में कहा गया है कि अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) (संशोधन) नियम 2024 के अनुसार सरोगेसी के मामले में दो से कम जीवित बच्चों वाली कमीशनिंग मां को बाल देखभाल अवकाश दिया जा सकता है। याने अब सेरोगेट मां भी 180 दिन के लिए मातृत्व अवकाश आसानी से ले सकेंगी। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित नियमों के अनुसार, सरोगेट के साथ ही अधिष्ठाता मां (जन्म देने वाली और पालने वाली मां) को मातृत्व अवकाश का अधिकार है। नियम के मुताबिक, महिला कर्मचारी के दो से कम जीवित बच्चे होने चाहिए।

महिला कर्मचारियों को मां बनने पर दफ्तर की तरफ से छह महीने का मातृत्व अवकाश मिलता है। अब ये सुविधा सेरोगेसी से मां बनने वाली सरकारी महिला कर्मचारियों को भी मिल सकेगी। केंद्र सरकार ने मातृत्व अवकाश को लेकर लागू 50 साल पुराने नियम में संशोधन किया है। बता दें कि इसके पहले बच्चे को जन्म देने वाली मां को 6 महीने का मातृत्व अवकाश मिलता था। नियम में संशोधन होने से सरोगेसी से मां बनी महिलाओं को भी लाभ मिल सकेगा। सरोगेसी (किराये की कोख) के जरिए मां बनने वाली महिलाओं को 6 महीने की नौकरी से छुट्टी तो मिलेगी ही साथ ही पूरे 6 महीने का वेतन भी मिलेगा। हालांकि इसका फायदा



अभी सरकारी महिला कर्मचारियों को ही मिलेगा। इसी तरह से अगर पुरुष पिता बने हैं तो वे भी 15 दिन की छुट्टी लेसकेंगे। बता दें कि अब तक सरोगेसी से मां बनने वाली महिलाओं के लिए छुट्टी का कोई प्रावधान नहीं था। परिवर्तित नए नियमों के मुताबिक सरोगेसी के माध्यम से पैदा हुए बच्चे के मामले में, कमीशनिंग पिता,जो एक पुरुष सरकारी कर्मचारी है और जिसके दो से कम जीवित बच्चे हैं, बच्चे के जन्म की तारीख से 6 महीने की अवधि के भीतर 15 दिनों का पितृत्व अवकाश दिया जा सकता है। साथियों बात अगर हम सरोगेसी क्या होती है इसको समझने की करें तो, सरोगसी को किराये की कोख भी कहा जाता है। आसान भाषा में समझें तो इस प्रक्रिया में बच्चा पैदा करने के लिए दूसरी महिला की कोख को किराए पर लिया जाता है। यानें अगर कोई महिला गर्भ धारण नहीं करना चाहती तो वह पैसे देकर कोख किराए पर ले सकती है। सरोगेसी की प्रक्रिया में महिला अपने या फिर डोनर के एग्स से प्रेग्नेंट होती है,जो महिला प्रेग्नेंट होती है उसे सरोगेट मदर कहा जाता है। हालांकि इस मामले में गौर करने वाली बात ये है कि बच्चे की असली मां वो नहीं होती जो पेट में बच्चे को पालती है, बल्कि वो होती है जिसने किराए पर कोख लिया ह। कानूनी रुप से उन्हें कमीशंड मदर यानें अधिष्ठाता मां कहा जाता है। जन्म लेने के बाद बच्चे का पालनपोषण कमीशंड मदर यानी असली मां करती है किराए पर कोख देने वाली नहीं। सिर्फ शादीशुदा जोड़े ही सरोगेसी के जरिए माता-पिता बन सकते हैं,उनकी उम्र पुरुष 26-55 साल और महिला 23-50 होनी चाहिए। बता दें कि अनमैरिड कपल्स, तलाकशुदा महिलाएं, विधवाएं या जीएलबीटीक्यूआई ए+ जोड़े इसके योग्य नहीं हैं।सेरोगेसी से मां बनने के मामले में जो महिला बच्चा पैदा करती है, उसे सेरोगेट मदर कहा जाता है।उसे अपनी कोख किराये पर देनी होती है, जहां बच्चे को गर्भ में रखा जाता है। लेकिन उस बच्चे की असली मां वही होती है जिसके लिए सेरोगेट मदर ने अपनी कोख किराये पर दी है। इन मांओं को कानून की भाषा में अधिष्ठाता मां (कमीशंड मदर) कहा जाएगा।कमीशंड मदर वो होंगी जो सेरोगेसी से पैदा होने वाले बच्चे का पालन-पोषण करेंगी।

साथियों बात अगर हम सरोगेसी पर मैटरनिटी लीव का नियम को समझने की करें तो, केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियमावली 1972 में केंद्र सरकार ने हाल ही बदलाव किए हैं। नए बदलावों और नियम के मुताबिक, ऐसी महिला जो सरोगेसी के जरिए मां बन रही हैं, (सरोगेसी के जरिए जन्मे बच्चे को पालने वाली मां) वह अपने बच्चे की देखभाल के लिए मैटरनिटी लीव ले सकती हैं। इसके साथ ही पिता के लिए भी यह नियम लागू है। ऐसे पुरुष कर्मचारी जो सरोगेसी से पिता बने हैं, उन्हें बच्चे के जन्म की तारीख से 6 माह के भीतर 15 दिन का पितृत्व अवकाश मिल सकता है। इस तरह का नियम एकल पुरुष सरकारी कर्मचारियों के लिए राहतपूर्ण हो सकता है। मातृत्व अवकाश के नियम,कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित नियमों के अनुसार, सरोगेट के साथ ही अधिष्ठाता मां (जन्म देने वाली और पालने वाली मां) को मातृत्व अवकाश का अधिकार है। नियम के मुताबिक, महिला कर्मचारी के दो से कम जीवित बच्चे होने चाहिए।

सरकारी सेवा में होने की स्थिति में 180 दिन का मातृत्व अवकाश दिया जा सकता है। वहीं पहले के नियम के मुताबिक, चाइल्ड केयर लीव यानी शिशु देखभाल अवकाश के अंतर्गत बच्चे की देखभाल जैसे शिक्षा,बीमारी आदि के लिए सेवाकाल में अधिकतम 730 दिन का अवकाश मिल सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि महिला को सरोगेसी के जरिए बच्चा होने पर अब 180 दिन का अवकाश-50 साल पुराने नियम में संशोधन।सेंट्रल सिविल सर्विस (लीव) अमेंडमेंट रूल 2024- सरोगेसी कमिशनिंग मां को बाल देखभाल अवकाश मिलेगा सरोगेसी (किराए की कोख)के जरिए मां बनने वाली महिलाओं को 6 माह की छुट्टी सहित वेतन भी मिलेगा जो रेखांकित करने वाली बात है।

# संसद सत्र में सत्ता और विपक्ष आमने-सामने


रोहित माहेश्वरी

"18वीं लोकसभा के सत्र की शुरुआत हो चुकी है। अधिकतर सांसद शपथ ले चुके हैं। लोकसभा स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष भी घोषित हो चुके हैं। 18वीं लोकसभा की शुरुआत सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच मतभेद-असहमति के बीच हुई, लेकिन जैसा अपेक्षित था ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर पद के लिये चुने गए। इससे पहले एनडीए गठबंधन सरकार की आकांक्षा थी कि विपक्ष स्पीकर पद के लिये ओम बिरला का समर्थन करे, लेकिन विपक्ष लोकसभा उपाध्यक्ष पद को लेकर अड़ा रहा। संसद में संख्याबल के आधार पर एनडीए की दावेदारी तय थी, मगर प्रतीकात्मक विरोध के लिये इंडिया गठबंधन ने सबसे अनुभवी सांसद के. सुरेश को स्पीकर पद के लिये अपना उम्मीदवार बनाया। इस बीच मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर हुई बैठक के बाद रात्रि में पार्टी ने घोषणा की कि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी बधाई दी। राहुल ने कहा कि भले ही सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है लेकिन विपक्ष भी देश के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

दरअसल, इंडिया गठबंधन कहता रहा है कि सरकार संसदीय परंपरा को दरकिनार करके डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को देने से इनकार कर रहा है। जबकि आम धारणा रही है कि डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को दिया जाता है। सत्ता पक्ष की दलील थी कि लोकसभा अध्यक्ष किसी दल विशेष का नहीं होता वरन सदन चलाने के लिये सब की सहमति से चुना जाता है। सत्ता पक्ष का आरोप है कि इंडिया गठबंधन दबाव की राजनीति कर रहा है। वहीं एक रोचक पहलू यह भी है कि पिछली लोकसभा में डिप्टी स्पीकर पद पर कोई चुना ही नहीं गया। राजनीतिक पंडित इस नियुक्ति को संविधान के अनुसार अनिवार्य बताते हैं। बताया जाता है कि 1969 तक कांग्रेस ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद अपने ही पास रखे। कालांतर अपनी सुविधा के अनुरूप विपक्षी दलों से यह पद साझा किया गया।

बहरहाल, 18वीं लोकसभा का नया घटनाक्रम यह है कि मंगलवार को कांग्रेस ने राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया है। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में चुनावी राजनीति में आने के बाद पहली बार राहुल गांधी



किसी संवैधानिक पद पर आसीन हुए हैं। इससे पहले 2019 में पार्टी की पराजय को स्वीकार कर उन्होंने पार्टी अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष पद पर ओम बिरला के चयन के बाद उन्होंने परिपक्व ढंग से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि स्पीकर का दायित्व है कि विपक्ष के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे। बहरहाल, दस साल बाद लोकसभा को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है। दरअसल, दो आम चुनावों में कांग्रेस सांसदों का दस फीसदी हासिल नहीं कर पाई थी, जिसके चलते वह नेता प्रतिपक्ष का पद न पा सकी। इस बार के आम चुनाव में 99 सीटें हासिल करके कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष का अधिकार हासिल किया।

इंडिया गठबंधन का दावा है कि राहुल अब विपक्ष की आवाज बनेंगे। हालांकि, इस बार लोकसभा में उनकी मां सोनिया गांधी नहीं होंगी, क्योंकि वे राज्यसभा के लिये चुनी गयी हैं। लेकिन वायनाड उपचुनाव के जरिये प्रियंका गांधी के लोकसभा पहुंचने की प्रबल संभावना है। माना जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदार राजनेता की छवि बन सकेगी। वजह है कि नेता प्रतिपक्ष देश में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों में भूमिका निभाता है। उम्मीद करें कि आम चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री पर तीखे हमले करने वाले राहुल प्रधानमंत्री के साथ इस दायित्व को सहजता से निभा पाएंगे। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष के पास कई तरह के विशेष संवैधानिक अधिकार भी होते हैं। वह कई महत्वपूर्ण समितियों का सदस्य भी होता है। संयुक्त संसदीय समितियों व चयन समितियों में उसकी सक्रिय भूमिका होती है। जो ईडी, सीबीआई, केंद्रीय सूचना आयोग, केंद्रीय सतर्कता आयोग, लोकपाल, चुनाव आयुक्तों व एनएचआरसी के अध्यक्ष जैसे विशिष्ट पदों की नियुक्तियां करती हैं। विपक्षी नेता को कैबिनेट रैंक पद का दर्जा मिलता है। उम्मीद है इससे राहुल गांधी की छवि एक परिपक्व नेता के रूप में उभरेगी। आशा करें कि सहमति-असहमति के बीच स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं को बल मिलेगा। सरकार की लगातार घेराबंदी इसलिए भी की जाएगी, क्योंकि कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी मानते हैं कि आम चुनाव, 2024 का जनादेश प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को नहीं मिला है। यह अवैध और अल्पमत की सरकार है, एनडीए के कुछ सदस्य हमारे संपर्क में हैं, लिहाजा छोटी-सी गड़बड़ी से ही सरकार गिर सकती है। राहुल ने यह निजी टिप्पणी भी की है कि प्रधानमंत्री की छाती 56 इंच के बजाय 30-32 इंच की रह गई है। प्रधानमंत्री मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में भय और खौफ की जो धारणा थी, वह भी खत्म हो चुकी है। अब कोई भी उनसे नहीं डरता, लिहाजा इस बार प्रधानमंत्री पद पर काम करना आसान नहीं होगा। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। राहुल के अलावा, कांग्रेस के प्रवक्ता और विपक्ष के नेता देश के प्रधानमंत्री को अपशब्दों से अपमानित कर रहे हैं। सवाल है कि संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा सकता है? वहीं एक नई बहस संसदी में देखने को मिली। दरअसल, सेंगोल को लेकर सपा सांसद आरके चौधरी ने कहा कि सेंगोल की जगह संसद में संविधान रखा जाना चाहिए। इस पर जीतन राम मांझी से लेकर अनुप्रिया पटेल तक एनडीए के कई सहयोगियों ने मोदी सरकार के फैसले का साथ दिया है, हालांकि अखिलेश यादव कि हमारे सांसद इसलिए कह रहे होंगे कि जब पहली बार इसे स्थापित किया गया तो तब पीएम ने इसे प्रणाम किया था। लेकिन इस बार शपथ लेते हुए पीएम मोदी भूल गए इसलिए ये याद दिलाने के लिए हमारे सांसद ने पत्र लिखा है। असल में संसद में विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है। नई लोकसभा में 27 जून को राष्ट्रपति मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक को संबोधित करते हुए सरकार का एजेंडा स्पष्ट कर दिया है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में आपातकाल का जिक्र भी किया. उन्होंने कहा कि 1975 में पूरे देश में हाहाकार मच गया था। आपातकाल संविधान पर सबसे बड़ा हमला था। 26 जून को जहां एक ओर विपक्षी नेताओं के हाथ में संविधान की प्रतियां दिखीं और राहुल गांधी यह कहते दिखे कि 'संविधान को कोई ताकत छू नहीं सकती', दूसरी ओर पीएम मोदी ने भी आपातकाल की याद दिलाते हुए विपक्ष की हमलावर नीति पर पलटवार किया। उन्होंने आपातकाल का जिक्र किया, विपक्ष को अपना कर्तव्य पूरा करने के लिए कहा और इन जवाबी हमलों के साथ पीएम मोदी ने दृढ़ता से यह बात सामने रखी कि उनकी सरकार यहीं रहेगी और वे विपक्ष के दबाव के कारण पीछे नहीं हटेंगे। आपातकाल की 50वीं बरसी पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच लोकसभा ने सदन में निंदा प्रस्ताव पारित किया। अपने प्रस्ताव में स्पीकर ने कहा कि यह सदन 1975 में देश में आपातकाल लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इसके साथ ही हम उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने इमरजेंसी का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया। पीएम मोदी लोकसभा में 2 जुलाई और राज्यसभा में 3 जुलाई को चर्चा का जवाब देंगें। नई लोकसभा में वह प्रधानमंत्री का पहला संबोधन होगा।

# खुले में शौच से मुक्त नहीं हुआ है गांव


उर्मिला नाई

**देश को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से पांच वर्ष पूर्व शुरू हुए अभियान को अभी पूरा होने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह अभियान सबसे अधिक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया था। इसके लिए लोगों को घर में शौचालय बनाने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर देश के लाखों गरीब परिवार ने इसका लाभ उठाकर अपने घर में शौचालय का निर्माण कराया है। इसका सबसे अधिक लाभ महिलाओं और किशोरियों को हुआ है। इससे एक तरफ जहां उनके स्वास्थ्य पर बेहतर असर हुआ है, वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों द्वारा उनके साथ किए जाने वाले दुराचार में भी काफी कमी आई है। इस अभियान के शुरू होने के बाद कई राज्यों ने शत प्रतिशत घरों और समुदायों में शौचालय के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर स्वयं को पूर्ण रूप से ओडीएफ मुक्त घोषित किया है।**

राजस्थान की तत्कालीन सरकार ने भी वर्ष 2018 में राज्य के सभी 43,344 गांवों के साथ साथ पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों को पूर्ण रूप से खुले में शौच से मुक्त होने की घोषणा की थी. लेकिन इसके पांच वर्ष बाद ही देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी समाचारपत्र ने पंचायती राज विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के साथ यह खबर प्रकाशित की कि राजस्थान के 85,316 परिवारों के पास अभी भी शौचालय की सुविधा नहीं है. इन परिवारों की पहचान राज्य के 11,145 ग्राम पंचायतों के माध्यम से की गई है. इनमें सबसे अधिक बाड़मेर जिला है जहां 13,051 परिवारों के पास शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है. जबकि श्रीगंगानगर में 7,821, जोधपुर में 4,230, भरतपुर में 3,866, अलवर में 3,709, करौली में 3,625 और उदयपुर जिला में 3,623 परिवारों के पास शौचालय की सुविधा नहीं है. इतना ही नहीं, खबर के अनुसार राजधानी जयपुर के 1,227 परिवारों के पास भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

राज्य के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का करणीसर गांव भी इस कमी का एक उदाहरण है. ब्लॉक मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर इस गाँव में 543 परिवार आबाद हैं. जहां अधिकतर परिवारों के पास अब भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है. वहीं कुछ घरों में शौचालय की कच्ची दीवार होने के कारण उसके गिरने का खतरा बना रहता है. इस संबंध में गांव की 50 वर्षीय सीमा देवी कहती हैं कि ÷मेरे घर में अब भी शौचालय की



व्यवस्था नहीं है. जिसकी वजह से मुझे और मेरी नवब्याहता बहू को सवेरे उठकर गांव से दूर खेतों में शौच के लिए जाना पड़ता है. कई बार फसल जुताई के समय ग्रामीण हमें खेत में भी नहीं जाने देते हैं. ऐसे में मुझे अपनी बहू को लेकर गांव से बहुत दूर जाना पड़ता है. मुझे उसके लिए ऐसा करते अच्छा नहीं लगता है.÷ सीमा देवी कहती हैं कि शौचालय निर्माण के लिए हमने भी फॉर्म जमा करवा रखा है, लेकिन अभी तक आर्थिक सहायता नहीं मिली है. हम आर्थिक रूप से इतने कमजोर हैं कि अपने पैसों से शौचालय निर्माण नहीं करा सकते हैं। वहीं 70 वर्षीय बिमला देवी बताती हैं कि सरकार द्वारा हर घर में शौचालय निर्माण का लक्ष्य सराहनीय है. इससे महिलाओं को सबसे अधिक लाभ मिल रहा है. लेकिन एक शौचालय निर्माण के लिए न्यूनतम 25 हजार रुपए का खर्च आता है. जिसमें सेप्टिक टैंक और पानी की टंकी सहित दरवाजा और अन्य आवश्यक चीजें शामिल हैं. लेकिन सरकार की ओर से इसके लिए मात्र बारह हजार रुपए ही आर्थिक सहायता मिलती है. ऐसे में बहुत से परिवार पैसे मिलने के बावजूद शौचालय निर्माण कराने में असमर्थ हैं. वह कहती हैं कि यदि सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता को बढ़ा दिया जाए तो बहुत से गरीब परिवारों के घर में शौचालय का निर्माण संभव हो सकता है. वहीं 30 वर्षीय भंवरी देवी कहती हैं कि फॉर्म भरने के बावजूद जब उन्हें शौचालय निर्माण के पैसे नहीं मिले तो उन्होंने घर में अपने पैसों से किसी प्रकार से एक अस्थाई शौचालय का निर्माण कराया है. जिसमें न तो पानी की सुविधा है और न ही उसकी दीवार पक्की है. ऐसे में तेज बारिश में हमेशा उसके गिरने का खतरा बना रहता है. वह कहती हैं कि सरकार द्वारा इज्जत घर के निर्माण के लिए दिए जाने वाली राशि भी कम है और इसके लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया भी काफी धीमी है। हालांकि गांव में 12वीं तक संचालित सरकारी विद्यालय में शौचालय की अच्छी व्यवस्था है. इस संबंध में 10वीं की छात्रा 16 वर्षीय उर्मिला कहती है कि स्कूल में न केवल लड़के और लड़कियों के लिए अलग अलग शौचालय की व्यवस्था है बल्कि इसमें पानी और साफ सफाई भी रहती है. लेकिन छात्राओं द्वारा माहवारी के दौरान इस्तेमाल किए गए पैड्स के निस्तारण की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अक्सर यह शौचालय गंदा हो जाता है. पैड्स के निस्तारण की व्यवस्था नहीं होने के कारण अक्सर लड़कियां माहवारी के दौरान स्कूल आना बंद कर देती हैं. वहीं गांव में संचालित आंगनबाड़ी में भी शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां काम करने वाली सेविकाओं और सहायिकाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. नाम नहीं बताने की शर्त पर गांव की एक महिला ने बताया कि अक्सर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आसपास के घरों में बने निजी शौचालय का उपयोग करने पर मजबूर होती हैं. कई बार उपयोग करने की अनुमति नहीं मिलने पर उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव के समाजसेवी सेठीलाल कहते हैं कि सरकार द्वारा हर घर में शौचालय निर्माण की योजना सराहनीय है. लेकिन अभी भी करणीसर गांव के बहुत से घरों में शौचालय का निर्माण नहीं होना चिंता का विषय है. शौचालय निर्माण की मुहिम से सबसे अधिक महिलाओं विशेषकर बीमार और गर्भवती महिलाओं को लाभ हुआ हैं. उनकी सेहत में पहले की अपेक्षा काफी सुधार आया है।

## मुख्यमंत्री योगी ने एमएसएमई इकाइयों को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरण का शुभारम्भ किया

# यूपी 6वीं अर्थव्यवस्था से आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना: योगी आदित्यनाथ

**अवधनामा संवाददाता**



- एमएसएमई से जुड़े लोगों को एक हजार दिन परेशान नहीं करेगा कोई विभाग, हम देंगे बढ़ने का मौका
- 20 हजार करोड़ से ज्यादा के लोन देने का आरंभ

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए ये बेहद जरूरी है कि एमएसएमई मजबूत स्थिति में हो। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर प्रकृति का आर्शीवाद है। यहां अलग-अलग जिलों में अलग-अलग तरह के हस्तशिल्प उत्पाद बन रहे हैं। लेकिन कई बार यह सहयोग की कमी की वजह से अच्छी तरह से ग्रो नहीं कर पाते। सीएम अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई डे के मौके पर एमएसएमई से जुड़े लोगों को संबोधित कर रहे थे।

लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि एमएसएमई पॉलिसी के तहत छोटे उद्योग लगाने वाले लोगों को एक हजार दिन तक कोई विभाग परेशान नहीं करेगा, ताकि वह अपना व्यवसाय विकसित कर सकें। इसी तरह तमाम अन्य सहायता भी इसी पॉलिसी में दी जा रही।अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में एमएसएमई की 90 लाख से अधिक इकाइयों के योगदान की वजह से देश में प्रदेश की अर्थव्यवस्था छठे स्थान से दूसरे स्थान पर आ गई है। रोजगार देने के मामले में यूपी पहले पायदान पर है। छोटी इकाइयों की ब्रांडिंग और शोकेसिंग में प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। इस अवसर पर उन्होंने एमएसएमई इकाइयों को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का शुभारंभ किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण तथा टूलकिट दिए। मुख्यमंत्री ने आरएएमपी (रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना का भी शुभारंभ किया। इस दौरान एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि उद्यमियों को जमीन का संकट दूर करने के लिए ग्राम समाज की बेकार जमीन का ब्यौरा जुटाया जा रहा है। साथ ही कब्जे वाली जमीनों को खाली कराकर एमएसएमई पार्क के रूप में विकसित करने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है। गुरुवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सैकड़ों साल से हस्तशिल्पी व कारीगर उत्पाद बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रोत्साहन के अभाव में एमएसएमई सेक्टर दम तोड़ रहा था। छोटे उद्यमियों के बीच निराशा थी।

प्रदेश अर्थव्यवस्था और रोजगार में फिसड्डी था। वर्ष 2017 के बाद से लगातार किए गए प्रयास से एमएसएमई उद्योग आज प्रदेश के विकास की रीढ़ बन चुका है। सीएम योगी ने कहा कि हम इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए प्रदेश के एमएसएमई प्रोडक्ट की शोकेसिंग करने में कामयाब हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज 20 हजार करोड़ से अधिक के लोन सुविधा उद्यमियों को मिलने जा रही है। इस दौरान झांसी में रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क का उद्घाटन सीएम ने किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस कॉरिडोर में अबतक 24 हजार करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। फ्लेटेड फैक्ट्री की खूबियां गिनाने के साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सितंबर में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। पिछले साल 70 हजार बायर्स ट्रेड शो में आए थे, इसबार यह संख्या और बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी दुर्घटना बीमा के तहत 24 लाख से अधिक उद्यमी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत युवाओं को पांच लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण दिया जाएगा। दस साल में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को इससे जोड़ा जाएगा। समारोह में आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव आलोक कुमार, समीर रंजन पंडा आदि मौजूद थे।

## जिला कारागार उरई का निरीक्षण किया गया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार उरई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बन्दियों के भोजन, स्वास्थ्य, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा ने बैरकों का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। जेल की व्यवस्थाओं से दोनों अधिकारी संतुष्ट दिखाई दिए। जेल में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया।

## आधार से लिंक करने के लिए गांव-गांव लगेंगे कैंप

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0वी0के0सिंह की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया इस दौरान बैठक में आधार नामांकन पैकेट्स के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई,बैठक में बताया गया कि जिले में 97 प्रतिशत आधार का कवरेज है जिसका कारण छोटे बच्चों का आधार न बना होना है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक क्षेत्र में सर्वे कर 0 से 05 वर्ष तक के कितने बच्चो के आधार बने है और कितने के आधार नही बने है इसकी सूची तैयार कर जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ मिलकर अभियान चलाये व ग्रामवार कैम्प लगाकर जुलाई माह तक 100 प्रतिशत आधार बनवाये,जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ये सुनिश्चित करे कि सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने बाले बच्चो के आधार वही बनाये जाये,डाक विभाग को निर्देशित किया कि वह अपनी 14 टीमें डी पी ओ को उपलब्ध कराए जिससे ब्लॉकवार 02 -02 टीमें लगाकर आधार बनाये जा सके।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग है प्रतिबंधित

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, दुकानदार, ढाबा संचालक आदि इसका प्रयोग कतई न करें। अगर इसका उपयोग करते हुए कोई पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला जाएगा। यह जानकारी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व एस बी एम प्रभारी ने संयुक्त रूप से देते हुए बताई। उन्होंने बताया कि इसके उपयोग से होने वाली हानि के लिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी रविंद्र सलूजा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णता बंद है, इसका उपयोग कोई भी दुकानदार, होटल संचालक या अन्य लोग न करें अगर कोई भी इसका उपयोग करते हुए या फिर बेचते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर उस पर जुर्माना भी वसूला जाएगा । यह अभियान 24 जून से शुरू हो गया और 31 जुलाई तक चलेगा ।

## एक परिवार को बिखरने से बचाया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** 6 माह से अपने पति से नाराज होकर मायके रह रही महिला को महिला चौकी प्रभारी मधु सिंह ने आपसी सहमति बनवाकर समझौता करा कर एक परिवार को बिखरने से बचाया। चौकी महिला प्रभारी मधु सिंह ने गुरुवार को एक ऐसे परिवार को बिखरने से बचाया जो 6 माह से अपने पति से नाराज होकर अपने मायके रह रही थी नगर की एक मोहल्ले की एक महिला अपने पति की शिकायत करने कोतवाली में आई ,महिला चौकी प्रभारी मधु सिंह ने उक्त महिला की शिकायत पर उसके पति को तत्काल कोतवाली बुलाया तथा दोनों के बीच बातचीत की ,अंत में दोनों पति-पत्नी ने आपसी सहमति जताते हुए एक दूसरे के साथ रहने की सहमति जताई।

## हाईकोर्ट के आदेश पर पुनर मतगणना आज

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम सभा जियोनी 2 वर्ष पूर्व हुए प्रधान पद के लिए चुनाव में धांधली का आरोप लगाया गया था इसको लेकर के एक पक्ष हाई कोर्ट चला गया था हाई कोर्ट जाने के बाद उस पक्ष को दो वर्ष बाद न्याय की किरण दिखाई पड़ी कुशल न्यायाधीशों के आदेश अनुसार हाईकोर्ट के आदेशानुसार जिसकी मतगणना 28 जून 2024 का आदेश दिया गया है। उप जिलाधिकारी के आदेशनुसार 19 जून 2024 के आदेश अनुसार पुनर मतगणना का 28 जून 2024 आदेश दिया गया जिसकी मतगणना 28 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से विकासखंड में प्रारंभ होगी जिसको लेकर के विकासखंड स्तर पर जोरो से तैयारी चल रही है।

## ब्रिटिश शासन के स्कूल की जमीन को सपा बसपा सरकार में लील गया अफसर नेता का गठजोड़

**अवधनामा संवाददाता**

**कौशाम्बी।** अंग्रेजों के शासनकाल में गांव के बच्चों को शिक्षित करने के लिए गांव-गांव प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय खोले गए थे देश आजाद होने के बाद इन विद्यालय के भवन और जमीन भारत सरकार के जिम्मे हो गई लेकिन भारत सरकार के जिम्मे की जमीनों पर समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के सरकार के कार्यकाल में कब्जे किए जा चुके हैं ब्रिटिश सरकार के कार्यकाल में कौशाम्बी जिले में 300 से अधिक प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन थे जिनमे 500 बीघा से अधिक जमीन थी बेसिक शिक्षा परिषद का गठन होने के पहले इन विद्यालय में पढ़ाई होती थी और यह विद्यालय सरकार के कब्जे में थे लेकिन बेसिक शिक्षा परिषद का गठन होने के बाद नए विद्यालय भवन नए स्थान पर बना दिए गए और ब्रिटिश पीरियड के जमाने के विद्यालय के भवन और जमीन को खाली छोड़ दिया गया जिस पर तहसील के कर्मचारियों अधिकारियों के गठजोड़ से गांव के लोगों ने सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा कर लिया है 300 से अधिक सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्ज हो चुका है बताया जाता है कि ब्रिटिश पीरियड के स्कूलों के पास लगभग 500 बीघा से अधिक जमीन थी जिनकी वर्तमान में कीमत 500 करोड रुपए से अधिक है हालांकि पूरे प्रदेश में यही स्थिति है और अन्य जनपदों में भी ब्रिटिश पीरियड के स्कूल के जमीन भवन पर कब्ज हो चुका है ब्रिटिश पीरियड के स्कूल के जमीन और भवन पर कब्जा किए जाने का यह मामला बेहद गंभीर होने के बाद तहसील और जिले के अधिकारियों ने ब्रिटिश पीरियड स्कूल की जमीनों को खाली नहीं कराया है जिससे सरकार को बड़ा नुकसान हुआ है मामले को योगी सरकार को गंभीरता से लेना होगा और ब्रिटिश पीरियड के स्कूल के भवन और उसकी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करते हुए सुरक्षित करनी होगी।

## दोस्त को बचाने में ट्रांसपोर्टर के पुत्र को मारी गोली

**फर्रुखाबाद।** दोस्त के साथ मारपीट करने आये दबंगो से उलझने पर ट्रांसपोर्टर के पुत्र को गोली मारकर घायल कर दिया गया। घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जेएनवी रोड निवासी संजय सिंह का ट्रांसपोर्ट का कारोबार बताया गया है। उनका पुत्र अनुज प्रताप अपने दोस्त जेएनवी रोड़ निवासी लकी ठाकुर के साथ शहर के नेहरु रोड स्थित सिटी मिशन स्कूल वाली गली में मौजूद था। अनुज ने बताया कि उसी दौरान करीब चार आरोपी आये चारो के हाथ में हथियार थे उन्होंने लकी के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसी दौरान अचानक दोस्त से विवाद होनें पर अनुज उसे बचानें चला गया। अनुज नें बताया की आरोपी ने उसके सिर में तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। वही उसके पैर में भी गोली मार दी। उधर से गुजर रही पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गये। सूत्रों के अनुसार पुलिस को मौके से एक कारतूस बरामद हुआ है।

## उत्तर प्रदेश पुलिस तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए पूरी तरह से तैयार

**अवधनामा संवाददाता**



- एक को प्रदेश के हर थाने पर होगा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन : डीजीपी

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय, सूचना प्रसारण मंत्रालय एवम उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में तीन नए आपराधिक कानूनों पर पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी लखनऊ) के द्वारा मीडियाकर्मियों के लिए पुलिस मुख्यालय में वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस नए कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को ट्रेनिंग व परीक्षा लेकर और तकनीक से परिचित कराकर नए कानूनों से अवगत कराया गया है।

श्री कुमार ने कहा कि आगामी 1 जुलाई को जब ये कानून लागू होंगे तो हर थाने पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी शिकायत के समाधान में उससे जुड़े किसी भी पक्ष का उत्पीड़न न हो। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में ये सुनिश्चित किया गया है कि अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा में न्याय मिले । नए आपराधिक कानूनों में आतंकवाद और संगठित अपराध जैसे नए विषय भी शामिल किए गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस के अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण) श्री सुनील कुमार गुप्ता ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है जिससे सूचना दर्ज किए जाने के दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत पीड़ितों को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा।

## सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस में 'फायर सेफ्टी एण्ड इवैकुएशन ड्रिल' का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



- लखनऊ पधारे विदेशी बच्चों ने सीखा आग से बचने का हुनर

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड परिसर में 'फायर सेफ्टी एण्ड इवैकुएशन ड्रिल' का आयोजन किया गया, जिसमें अमेरिका, जर्मनी, नार्वे, स्वीडन, वियतनाम, इंडोनेशिया, पुर्तगाल एवं भारत के बाल प्रतिनिधियों ने सूझबूझ से आग बुझाने एवं आग से बच निकलने का हुनर सीखा एवं अग्नि से सुरक्षा व बचाव पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। 8 देशों से पधारे ये बाल प्रतिभागी इन दिनों सी.एम.एस. की मेजबानी में आयोजित 15-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग में प्रतिभाग कर रहे हैं।

फायर सेफ्टी एण्ड ड्रिल इवैकुएशन के अन्तर्गत देश-विदेश से पधारे छात्रों को विभिन्न प्रकार के रक्षा उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं उनका प्रयोग करके दिखाया गया। इस प्रदर्शन के दौरान बच्चों ने अग्निशामक एवं फायर हाइड्रेन्ट सिस्टम का प्रयोग करते हुए आग पर नियन्त्रण करने का तरीका समझा, साथ ही किसी प्रकार की दुर्घटना के समय प्राथमिक उपचार व बचाव की जानकारी प्राप्त की। विदित हो कि सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस समेत सी.एम.एस. के सभी कैम्पस में अग्नि शमन से सम्बन्धित सभी आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें स्टेट-ऑफ-द-आर्ट फायर हाइड्रैन्ट, डाउन कमर्स, राइजर्स, स्प्रिन्किलर्स एवं फायर अलार्म आदि सुविधाएं मौजूद हैं। सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि इस कार्यक्रम से बच्चों में आग से बचाव के प्रति जागरूकता तो उत्पन्न हुई ही है अपितु वयस्क लोग भी सावधानी बरतने हेतु सचेत होंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अग्नि सुरक्षा व अग्नि से बचाव की जानकारी देना अत्यन्त आवश्यक है, तथापि इस जीवन्त प्रदर्शन द्वारा बच्चों को अग्नि शमन एवं अग्नि सुरक्षा के जो उपाय बताये गये हैं, वह जीवन भर काम आयेंगे।

## नियमानुसार टेंडर करने को तैयार अधिशासी अधिकारी का आखिर विरोध क्यो

**अवधनामा संवाददाता**



- नाजायज कार्यों का दबाव ना मानने से लामबंद सभासदों ने किया धरना प्रदर्शन

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में अधिशासी अधिकारी अवर अभियंता और उनके कर्मचारियों पर कार्यों का लगातार नाजायज दबाव बनाया जा रहा है और नाजायज कार्यों का दबाव ना मानने पर अध्यक्ष से लेकर सभासद लामबंद हो गए हैं पर्दे के पीछे से नगर पालिका के अध्यक्ष बड़ी साजिश रच रहे हैं और सड़क पर सभासद हो हल्ला मचा रहे हैं नगर के बाधित विकास के पीछे अध्यक्ष जनता को गुमराह कर जनता की सहानुभूति लूटना चाहते हैं लेकिन यह जनता है और सब कुछ जानती है कि नगर पालिका में विकास और भ्रष्टाचार की जननी कौन है लेकिन नगर पालिका में सही काम करने वाले अधिकारियों पर साजिश रचकर फिर एक बार उनकी शिकायत कर उन्हें हटाए जाने की रणनीति तैयार हो रही है जिससे नगर पालिका में जायज नाजायज कार्यों पर अफसरों का हस्तक्षेप ना हो और मनमानी तरीके से कार्यों को करवाने में अध्यक्ष का अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता पर लगातार दबाव बना रहे अध्यक्ष के नाजायज दबाव को मानने से अधिशासी अधिकारी ने इनकार कर दिया जिसका नतीजा यह रहा कि सभासदों को गुमराह कर उन्हें धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिए खड़ा कर दिया गया विकास कार्यो में धांधली का हवाला देते हुए जनता को गुमराह कर अपने उद्देश्य की सफलता लेने के लिए बड़ी साजिश रची जा रही है धरना प्रदर्शन में शामिल कई सभासदों को हकीकत की जानकारी न देकर उन्हें केवल उपयोग किया जा रहा है गलत तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है जिसकी मृत्यु नगर पालिका क्षेत्र में नहीं हुई है उसका मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका कैसे जारी कर दे। गुरुवार को दर्जनों सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिशासी अधिकारी और अवर अभियंता के विरुद्ध नारे लगाते हुए जिला अधिकारी को पत्र दिया है सभासदों का आरोप है कि विकास कार्य बाधित है टेंडर नहीं कराई जा रहे हैं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में पैसे की डिमांड की जा रही है।

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी से बात की गई तो उनका कहना है कि गलत तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का दबाव बनाया जा रहा है और गलत तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने पर उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है उन्होंने कहा कि टेंडर की प्रक्रिया गलत तरीके से कराए जाने का दावा बनाया जा रहा है जिस पर उन्होंने गलत तरीके से टेंडर करने से इनकार कर दिया है।

## पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए साक्षात्कार 29 को

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा) विनियम-2010 के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्यालय पर 10 पराविधिक स्वयं सेवकों को नामित किया जाना है। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,कौशाम्बी में पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए कार्यालय को अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों में पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए माननीय जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार दिनांक 29 जून 2024 को साक्षात्कार की तिथि सुनिश्चित की गई है। जिसमें समस्त आवेदक की उपस्थिति अनिवार्य है। पराविधिक स्वयं सेवक के चयन के लिए आवेदक अभ्यर्थी अपने मूल योग्यता प्रमाण पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि दिनांक 29 जून 2024 को अपराह्न 03 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के कार्यालय में उपस्थित हो।

## यूपी पुलिस को मिली उच्चीकृत पीआरवी व वातानुकूलित हेलमेट

**अवधनामा संवाददाता**




- सीएम ने दिखाई हरी झंडी
- यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का गठन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के उच्चीकृत पीआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. साथ ही वातानुकूलित हेलमेट भी पुलिसकर्मियों को बांटे. सीएम ने इस मौके पर कहा कि ये कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है. हमने यूपी-112 के रिस्पांस टाइम को कम करने और पीआरवी-112 की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया. फोर व्हीलर के साथ टू व्हीलर भी पीआरवी में शामिल किए गए. जिससे गली-मोहल्लों तक पीआरवी आमजन की सेवा के लिए पहुंच सके। सीएम ने कहा कि कोरोना काल में लॉकडाउन के समय यूपी पुलिस का पीआरवी-112 सुर्खियां बना था। लोगों ने पुलिस बल के सेवा भाव को देखा था। जिन गली-मोहल्लों में फोर व्हीलर नहीं जा सकती, वहां टू व्हीलर की सुविधा पहुंची. अगले तीन वर्ष का बड़ा कार्यक्रम शासन ने तय किया है. पीआरवी फ्लीट में 6278 फोर और टू व्हीलर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस वर्ष 1778 फोर और टू व्हीलर को फ्लीट का हिस्सा बनेंगे।

**कानून का राज सुशासन की पहली शर्त :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है. सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है. पुलिस का समय के अनुरूप आधुनिकीकरण करने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी. प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई दृष्टि दी थी. उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड सेंसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटबिल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी. यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस बल के आधुनिकीकरण के अनेक प्रयास हुए हैं. पहली बार यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का गठन किया गया है. इसके पाठ्यक्रम भी शुरू हो गया है। हमने बिना भेदभाव पारदर्शी प्रक्रिया से पुलिस बल में पुलिस भर्ती की और समुचित प्रशिक्षण भी कराया. बड़े महानगरों को छोड़ विकास प्रक्रिया से जुड़े किसी भी सामान्य जनपद में सबसे ऊंची बिल्डिंग पुलिस लाइन के अंदर बन रहे पुलिस के आधुनिक बैरक की है।

**सूचना**

मेरे पुत्री इकरा खुर्शीद खान के पासपोर्ट न0-V0324517 में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम इकरा खान (IQRA KHAN) व जन्मतिथि (26-07-2006) दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम इकरा खुर्शीद खान (IQRA KHURSHID KHAN) व जन्मतिथि (03-07-2007) दर्ज है। जोकि सही है। पासपोर्ट में सही में सही नाम व जन्मतिथि दर्ज हो।

खुर्शीद खान पुत्र
मोहम्मद वारिस
निवासी ग्राम रस्तामऊ,
तह-तिलोई, जिला-अमेठी
(उप्र)

## पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ प्र, के तत्वावधान में 'पर्यावरण संरक्षण' पर कार्यक्रम संस्थान कार्यालय कक्ष सं0 119 ब, मुख्य भवन, उ प्र सचिवालय में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्थान की उपाध्यक्ष डॉ उमेश चन्द्र वर्मा 'आदित्य' ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. विशम्भर दयाल शुक्ल, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर कमला सिंह कुशवाहा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन व डॉ शोभा दीक्षित भावना की सुमधुर वाणी वन्दना एवं चन्द्र देव दीक्षित के कुशल संचालन के साथ हुआ। प्रो विश्भम्भर शुक्ल भीड़ में थकने लगे हैं, अब शहर के पाँव, हो सके तो लौट आओ, पास मेरे गाँव। श्रीमती राजश्री दुबे प्रकृति को माँ का दर्जा क्यों, जब हम उसका संरक्षण नहीं कर सकते। सुशील चन्द श्रीवास्तव अखबार में आज का लेख कल का रद्दी हो जाता है परन्तु विचार हमेशा रहते हैं। श्रीमती राधा बिष्ट हम पौधे नये लगायेंगे, सब बच्चों को सिखलायेंगे। चन्द्रदेव दीक्षित कूड़ा करकट हम फैलाते, तनिक नहीं इसमें सकुचाते, प्राणवायु अब खतम हो रही, एक दिन मुश्किल होंगी साँसें। डॉ शोभा दीक्षित 'भावना' प्रकृति के मित्र बन के यदि रहे जी सकेंगे हम-जगत की एक सुन्दर खुशनुमा तस्वीर रहने दे। डॉ अल्का अस्थाना मेरे आँगन पसरा सावन, मन भावन था मन भावन। डॉ रामराज भारती जीवन जन्तु भ्रमर मधुमक्खी, गुंजन नित्य प्रभात करें। श्री इन्द्रासन सिंह 'इन्दु' प्रीति की लौ सी दमकती प्यार भी पहुनाइयों में। एक साया लिपट कर ऐसे जुड़ा तनहाइयों में विपुल कुमार मिश्र विज्ञान का हुआ प्रसार नूतन अविष्कार, अपने प्रकृति पर अधिकार कर लिया। राजीव वर्मा 'वत्सल' सम्पदा वन की बचाएं, सोचता क्यों है न हर मन। बन्द ए सी कक्ष में रह, स्वस्थ कैसे हो मनुज तन। समारोह में श्रीमती राजश्री दुबे, सुशील चन्द श्रीवास्तव, श्रीमती राधा बिष्ट, रूपचन्द साहू, श्रीमती मीना गौतम, डॉ दिनेश चन्द्र अवस्थी, चन्द्रदेव दीक्षित, डॉ शोभा दीक्षित 'भावना', डॉ अल्का अस्थाना, डॉ रामराज भारती, श्री इन्द्रासन सिंह 'इन्दु', विपुल कुमार मिश्र, राजीव वर्मा 'वत्सल', बिलाल अहमद, सुरेन्द्र कुमार गौतम, आदित्य तिवारी, अखिलेश त्रिवेदी 'शाश्वत' एवं श्रीमती अल्का शर्मा उपस्थित थे। सभी ने 'पर्यावरण संरक्षण' जैसे प्रासंगिक एवं महत्त्वपूर्ण विषय पर काव्य-पाठ एवं वक्तव्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परिषद के संस्थापक की 104 वीं जयंती मनाई

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** भारत विकास परिषद इटावा तुलसी द्वारा परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश जी की 104 वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को पानकुवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़ पर श्रमिक वर्ग में फल व विस्किट का वितरण एवं वृक्षारोपण कर विचार गोष्ठी का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए परिषद के चार्टर सदस्य अच्युत कृष्ण मिश्रा ने डॉ सूरज प्रकाश जी के इटावा के सनातन धर्म इंटर कॉलेज में 1985 मे जनपद की प्रथम संस्था स्थापित किये जाने के समय उनके प्रथम आगमन पर साथ बिताए हुए पलों व प्रेरक विचारों व संस्मरणों को सभी उपस्थिति लोगों के साथ साझा किया। प्रीतम खन्ना ने कहा कि वह एक कुशल नेत्र सर्जन के साथ बहुत ही अच्छे समाज सेवक भी थे यदि हम लोग उनसे जरा सी भी सीख लेते हुए अपने दैनिक कार्य के साथ समाज के लिए कुछ कर पाते हैं तो यही उनके लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजली होगी।

इस गोष्ठी में डॉ वीरेंद्र कुमार स्नातक ने ऑनलाइन सभी के साथ जुड़कर सहभागिता की व सदस्यों को निरंतर समाज सेवा के कार्य करने की प्रेरणा भी दी। प्रांतीय महिला संयोजिका नीलिमा चौधरी ने सभी सदस्यों को परिषद के मुख्य ध्येय सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण के आधार पर संस्थापक जी से कुछ सीखते हुए समाज के लिए व्यस्त समय में से कुछ समय निकालकर कार्य करने को प्रेरित किया। गोष्ठी में शाखा अध्यक्ष डॉ कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि परिषद द्वारा निर्धारित व अन्य समाजोपयोगी, दीन दुखियों की सेवा के कार्यो को सभी के सहयोग से मिलकर अत्यधिक कार्य करने का हम अवश्य ही प्रयास करेंगे। आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में अनीता सिंह, अंजू चौधरी, मंजू सिंह, मोहिनी मिश्रा, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता एवं पंकज कुमार सिंह चौहान सहित अन्य तुलसी सदस्यों व विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा। समापन के समय सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सभी का आभार प्रकट किया।

# श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह मामले में एक और पक्ष की एंट्री

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह मामले में टिकी हुई है ये, इस मामले मै कुछ लोग राजनीत की राह तलाश रहे है कुछ समाजसेवा के छेत्र में अपने नाम को प्रसिद्ध करना चाहते हैं इसी क्रम में,मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में एक और अर्जी कोर्ट में दाखिल हुई है। मैनपुरी के अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सीजेएम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर मांग की है कि 1968 में एएसआई के अधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि की जमीन के एक हिस्से को शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी को देने का समझौता करने वालों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। इस समझौते की वैधता की जांच हो।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के 18 वादों में से एक के पक्षकार अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि मथुरा सीजीएम न्यायालय में 10 जुलाई को सीआरपीसी की धारा 156/3 के तहत सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी। इसमें बुधवार को सुनवाई की तिथि नियत थी। मगर, कोर्ट के न बैठने के चलते सुनवाई नहीं हुई। अब सुनवाई की अगली तिथि 15 जुलाई नियत की गई है।

अर्जी में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि ईदगाह कमेटी और श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ द्वारा 1968 मे किए समझौते को जिन लोगों ने किया है। उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने आरटीआई के जरिए मिली सूचनाओं और ऐतिहासिक साक्ष्यों को आधार बनाते हुए कोर्ट से कहा है कि 1968 में भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि की जमीन में से 2.5 एकड़ का हिस्सा श्रीकृष्ण जन्मभूमि सेवा संघ द्वारा देने के लिए ईदगाह कमेटी से समझौता किया गया।

वहीं 1920 से मंदिर व उसकी जमीन एएसआई के संरक्षण में है। कुछ संस्था, कुछ व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय महत्व की संपत्ति को धोखाधड़ी के इरादे से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर समझौता और डिग्री करा लिया गया। जिन लोगों ने, जिन संस्थाओं ने इस तरीके का कृत्य किया है। उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में थाना गोविंद नगर में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए जाएं।

# राजभाषा की प्रगति पर डीआरएम ने व्यक्त किया संतोष

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** आज मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिंमाशु बडोनी की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, प्रयागराज मंडल की बैठक मंडल कार्यालय के संकल्प सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मंडल के सभी विभागों के शाखा प्रमुख उपस्थिति रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने राजभाषा की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है जिसे हम नैसर्गिक रूप में प्रकट कर सकते हैं। राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग सरकारी कामकाज में करने के लिए हमें इसे अपने दैनिक जीवन में बोलचाल की भाषा और व्यवहार में प्रयोग करना होगा तभी राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में पत्रों, सारपृष्ठों, फाइलों पर प्रयोग किए जाने वाले वाक्यों आदि में हिंदी का प्रयोग न कर सहज रूप से समझ में आने वाले शब्दों का प्रयोग किया जाये।

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को अपने मनोभावों को व्यक्त करने में अपनी भाषा का प्रयोग करना चाहिए और सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान हिंदी प्रगति का भी जायजा लें और पायी गई कमियों को दूर कराने हेतु ठोस कदम उठाएं। बैठक के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, नवीन प्रकाश ने प्रयागराज मंडल में राजभाषा हिंदी की प्रगति से सभी शाखाधिकारियों को अवगत कराया। बैठक के दौरान सभी शाखाधिकारियों सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान्य संजय सिंह एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन, अजय कुमार राय उपस्थित रहे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हिमांशु शुक्ला, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मनीष कुमार खरे, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, राजीव चतुर्वेदी ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन जनसंपर्क अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी, अमित कुमार सिंह ने किया।

# एम के चांसलर ने सीए भवन में लगाया फ्री जांच शिविर, चार्टर्ड अकाउंटेंट व छात्रों को दिये हैल्थ कार्ड

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राधिका बिहार स्थित सीए भवन पर चार्टर्ड सप्ताह के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देशानुसार दूसरे दिन नेत्र जांच, स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाया गया। जिसमें केएम हॉस्पिटल के नेत्र जांच, स्वास्थ्य जांच में हड्डी रोग विभाग और मेडीसन विभाग के चिकित्सकों ने फ्री हैल्थ चैकअप करके चार्टर्ड अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्रों व उनके परिवारीजनों को दो वर्ष के इलाज के लिए 50 प्रतिशत छूट का हैल्थ कार्ड फ्री दिया है।

कैम्प का शुभारंभ माता सरस्वती का दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमे ब्रांच चैयरमैन सीए मुकुल शर्मा,सचिव सीए रवि अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए राहुल चौधरी , कोषयाध्यस सीए अनुराग खंडेलवाल, पूर्वाध्यक्ष सीए रोहित कपूर, स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. भूदेव सिंह कार्यक्रम संजोयजक सीए कुलदीप अरोरा, सीए सजल गोयल, सीए अमित कुमार अग्रवाल, सीए अमित अग्रवाल, हर्ष चतुर्वेदी, प्रियांशी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

केएम हास्पिटल के एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, हड्डी विभाग, आंख रोग विभाग, मेडीसन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डा. गौरव चौधरी, डा. पंकज त्यागी, डा. भावेश, डा. दिवाकर, डा. हिमानी, डा. दिलीशा, नर्सिंग स्टाफ की अंजू चौधरी द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्रों का फ्री स्वास्थ्य जांच और नेत्र जांच करते हुए उन्हें हैल्थ कार्ड वितरित किया तथा साथ ही उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। केएम हॉस्पिटल के डा. पंकज त्यागी ने बताया चार्टर्ड अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्र-छात्राओं की कमर, गर्दन दर्द, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और आंखों की जांच की गई है। उन्हें सलाह दी गई है कि सात घंटे कार्य करने पर यह समस्याएं सक्रिय हो जाती है जिसके लिए उन्हें नियमित व्यायाम और बीच बीच कार्य और पढ़ाई के दौरान थोडा रेस्ट करना आवश्यक है। सचिव सीए रवि अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र जांच की सेवा केएम मेडिकल हॉस्पिटल के द्वारा दी गयी। जिसका चार्टर्ड अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट छात्रों ने लाभ लिया है तथा साथ ही 30 यूनिट रक्तदान किया जिसमें सदभावना ब्लड बैंक का सहयोग रहा। लगभग 80 मेंबर्स द्वारा नेत्र जांच और स्वास्थ जाच का लाभ उठाया गया। सीए चिराग अग्रवाल, सीए रोहित गंगवानी,सीए अंशुल माहेश्वरी, सीए नितिन अग्रवाल, सीए गुलशन वार्ष्णेय , सीए चंद्रेश खंडेलवाल, आदि ने रक्तदान किया। हेल्थ चेकउप में सीए सोनिया अग्रवाल, सीए नंदकिशोर अग्रवाल, सीए सिद्धार्थ भार्गव आदि ने लाभ उठाया।

# सौंदर्यता को खराब करने का प्रयास

अवधनामा संवाददाता

## नगर निगम ने ठोका हल्दीराम पर जुर्माना

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन महानगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर सरकारी संपत्ति को बाल पेंटिंग विज्ञापन कर अव्यवस्थित करने के आरोप में नगर निगम ने देश की प्रसिद्ध फर्म हल्दीराम और मथुरा के गिर्राज महाराज कॉलेज पर कार्रवाई करते हुए ?80 हजार का जुर्माना लगाया है वही उनके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा नगर को सुन्दर बनाने के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों जैसे फ्लाई ओवर, सरकारी भवनों की बाउण्ड्रीवॉल आदि पर विभिन्न कार्य जैसे वॉल पेंटिंग आदि कराये गये हैं। देखने में आया है कि सौन्दर्यीकरण हेतु कराई गई वॉल पेंटिंग आदि कार्यो पर कुछ व्यक्तियों फ़र्म द्वारा अनाधिकृत रूप से फोटो चिपकाकर/विज्ञापन कर वॉल पेंटिंग अथवा सौन्दर्यीकरण के कार्य को गंदा कर दिया गया है व क्षति पहुंचाई जाती है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा ऐसे सभी बिना अनुमति एवं मनमाने तरीके से विज्ञापन करने वाले सभी विज्ञापनकर्ताओं को चिन्हित करते हुये कार्यवाही करने के निर्देश दिये रखे हैं। इस संबंध में हल्दीराम (फर्म), 225/18 सौंख रोड़ एवं श्री गिर्राज महाराज कालेज नियर गोवर्धन चौराहा पर मनमाने तरीके से अव्यवस्थित होर्डिंग लगाकर नगर की सुन्दरता को खराब किया गया है जिसके उपरान्त नगर आयुक्त के निर्देश पर सरकारी सम्पत्ति को खुर्द बूर्द करने/सौन्दर्यीकरण को गंदा करने वाली उपरोक्त दोनों फर्मों के विरूद्ध 80 हजार रुपये का जुर्माना वसूलने के साथ-साथ सम्बन्धित थानों में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराये जाने हेतु तहरीर दी गई है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी का कहना है कि महानगर में इस प्रकार डिवाइडर वॉल पेंटिंग खम्भे पर क्योस्क बोर्ड आदि लगाकर सौन्दर्यीकरण कार्य अथवा वॉल पेंटिग पर अनाधिकृत विज्ञापन करने वाले/सौन्दर्यीकरण कार्य को गंदा करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। जुर्माना वसूलने की कार्यवाही के साथ-साथ सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने के लिये मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

# पूर्व चैयरमेन प्रत्याशी यासीन सम्भली का करीबी तौकीर गया जेल

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चैयरमेन प्रत्याशी के चले आ रहे विवाद के मामले मे एक व्यक्ति का वारंट जारी होने पर उसे जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार मामला पुराना बताया जाता है। थाना हयातनगर क्षेत्र के उपनगरी सरायरीन निवासी पूर्व चैयरमेन प्रत्याशी यासीन ओर युसूफ खां पक्ष के बीच हुए विवाद मामले मे वारंट की कार्यवाही सामने आयी है। तौकीर पुत्र शब्बीर को न्यायालय से वारंट जारी होने पर जेल भेजा गया है।

बताते चलें की तौकीर यासीन के साथ युसूफ खां से हुए विवाद के मामले मे था इसी कारण यह कार्यवाही अमल मे लायी गई। उक्त प्रकरण मे 10 लोग आरोपी बनाये गये थे। जिनमे सह आरोपी तौकीर को फिलहाल जेल भेजा गया है।

# बस ने खड़े टैक्टर मिक्सर मै मारी टक्कर, एक की मौत 6 घायल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना जमुनापर क्षेत्र के अंतर्गत अलीगढ़-राया रोड पर दीवाना कलां फाटक के पास अलीगढ़ से आ रही रोडवेज बस ट्रैक्टर मिक्सर में जा घुसी। ट्रैक्टर सवार छह श्रमिक घायल हो गए। उपचार के दौरान एक की मौत हो गई। पांच गोवर्धन चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं।

वाकया मध्य रात्रि का है। अलीगढ़ की ओर से मथुरा आ रही अलीगढ़ डिपो की बस दीवाना कलां रेलवे फाटक के पास आगे चल रहे ट्रैक्टर मिक्सर में जा घुसी। इसमें छह श्रमिक सवार थे। सभी घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से सभी को गंभीर हालत के चलते निजी अस्पताल को रेफर किया गया।

पुलिस ने सभी को गोवर्धन स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल श्रमिकों में से उपचार के दौरान जमुनापार थाना क्षेत्र के गौसना गांव के राजपाल की मौत हो गई। वहीं, गौसना के ही नरेश और कल्याणपुर निवासी अशोक गंभीर रूप से घायल हैं। अन्य तीन की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उनको होश आने पर पुलिस पूछताछ के बाद नाम-पते स्पष्ट करेगी।

इंस्पेक्टर जमुनापार छोटेलाल ने बताया कि बस चालक फरार हो गया है। बस में सवारियां भी मौजूद थीं। मगर, हादसे के बाद वह सभी अन्य वाहनों से रवाना हो गईं। इसके चलते बस में किसी सवारी को चोट आई, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। परिवहन निगम के अधिकारियों को हादसे के संबंध में सूचित कर दिया गया है।

# मथुरा-वृंदावन में अवैध निर्माण रोकेगा सेटेलाइट

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारी अब अवैध निर्माण पर सेटेलाइट से नजर रखेंगे। इससे विभागीय अभियंताओं की मिली भगत की कारगुजारियों पर अंकुश लगेगा। इसकी कार्रवाई विप्रा द्वारा की जा रही है।मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि शहरी क्षेत्र के विकास के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। पिछली बरसात के मौसम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना किनारे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने खादर क्षेत्र में निर्माण पर नाराजगी जाहिर की थी। इन स्थितियों को देखते हुए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर कड़ी निगरानी के लिए सेटेलाइट की मदद लेने का फैसला किया है। इस कार्य में एचडीएफसी बैंक की मदद ली है। सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया की एचडीएफसी बैंक सेटेलाइट की इमेज उपलब्ध कराने के लिए एप तैयार कराएगी जो मथुरा वृंदावन के अवैध निर्माण से जुड़ी होंगी।

# मानमंदिर के सचिव सुनील को गोली मारने की धमकी मिली

अवधनामा संवाददाता

## पीडित ने एसएसपी से कराई शिकायत दर्ज

**बरसाना (मथुरा)।** कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का विरोध करने पर एक व्यक्ति द्वारा फोन पर मान मंदिर के सचिव को गोली मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले युवक की शिकायत मान मंदिर के सचिव सुनील सिंह ने एसएसपी से की है।

राधा रानी के प्रति कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा टिप्पणी किये जाने का यहां पर संतों और ब्रजवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी को लेकर गत दिनों गहवर वन में संत पद्मश्री रमेश बाबा की अध्यक्षता में संतों और ब्रजवासियों की महापंचायत हुई थी। जिसमें मान मंदिर के सचिव सुनील सिंह उर्फ ब्रजदास बाबा भी मौजूद थे। सुनील सिंह उर्फ ब्रज दास बाबा को दो फोन नंबरों से 24 बार कॉल की गई, जिसमें से दोनों नंबरों पर चार बार सुनील सिंह की कॉल करने वाले से बात हुई। सुनील सिंह ने एसएसपी से की गई शिकायत में कहा है कि 25 और 26 जून को उनके पास इस तरह की कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का समर्थक बताते हुए गालियां देते हुए धमकी दी कि हमारे गुरुजी का विरोध करना बंद कर दो, नहीं तो गोली मार देंगे। मान मंदिर के सचिव सुनील सिंह ने बताया कि फोन करने वाले ने कई बार कॉल की, जिनमें से अधिकांश को वह तबियत खराब होने की वजह से वह नहीं उठा पाये। दोनों नंबरों से उनकी दो-दो बार बात हुई।

सुनील सिंह ने कहा कि जो युवक प्रदीप मिश्रा का समर्थक बनकर गोली मारने की धमकी दे रहा था, उसको उन्होंने काफी समझाने के प्रयास किए। उससे कहा कि अभी तुम पढ़ने वाले बच्चे हो, इतना मत बोलो। फिर भी वह नहीं माना और धमकी देता रहा। सुनील सिंह ने कहा है कि जिन फोनों से उन्हें धमकी दी जा रही है, वे नंबर मध्य प्रदेश के हैं। उन्होंने फोन करने वाले की शिकायत एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय से की है।

# साले को थप्पड़ मारने पर जीजा की हत्या, पत्नी सहित पांच गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना छाता क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिनों एक सनसनी खेज मामला सामने आया था जिसमें ससुरालियों द्वारा दामाद को रात के अंधेरे मै उसके ही गांव मै पहुंच कर जान से मार दिया गया था। युवक की हत्या के मामले में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। जीजा ने चचेरे साले के एक थप्पड़ मार दिया था। इसे से आहत ससुरालीजन ने उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने पत्नी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात छाता कोतवाली क्षेत्र के तरौली जनूबी गांव में 19 जून की रात हुई थी। गांव निवासी राजेंद्र सिंह के दो बेटे वीरेंद्र (32) और लक्ष्मण की शादी आगरा के अछनेरा निवासी दो सगी बहन कमलेश और गुड़िया पुत्री बालो के साथ 12 साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही ससुर राजेंद्र को लेकर वीरेंद्र की पत्नी गुड़िया का विवाद रहता था। बीते 19 जून को भी इनके बीच विवाद चल रहा था। इसी समय गुड़िया का चचेरा भाई महेश पुत्र राधे घर पर आया। बहन की शिकायत पर वह उसका पक्ष लेने लगा। इसी पर वीरेंद्र ने उसको थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ मारने से गुस्साए ससुरालीजन देर रात बोलेरो और बाइकों पर वीरेंद्र के घर पहुंच गए। उन्होंने वीरेंद्र की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अहूरी चौराहे से प्रभू पुत्र बालकिशन उर्फ बालो निवासी बवरोद, अछनेरा, आगरा, सूरज पुत्र ऊधम सिह निवासी नौगांव, छाता, हेमंत उर्फ रोहित पुत्र हाकिम सिंह निवासी नौगांव, छाता, राहुल पुत्र बच्चू सिंह निवासी नौगांव, छाता, प्रदीप पुत्र कन्हैया निवासी नौगांव, छाता को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# आरपीएफ ने अवैध रूप से रेलवे के ई-टिकट बेचने वालों को गिरफ्तार किया

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल एवम् वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल की देखरेख में ई-टिकटों के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाए जा रहें हैं । इसी क्रम में 26 जून को रेलवे सुरक्षा बल व क्राइम विंग कानपुर ने संयुक्त रूप से ई-टिकटों के अवैध कारोबार के विरुद्ध जांच अभियान के दौरान एक अभियुक्त को सहसों चौराहा, अंदाजा रोड प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त लक्ष्मी साइबर कैफे, बाबूगंज, बहरिया रोड, प्रयागराज से ई-टिकटों का अवैध कारोबार कर रहा था। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना गुलाम अरफात राजा उर्फ़ आलम मलिक पुत्र मोहम्मद अनीस, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम हसनपुर मेइचक मंसूर थाना बहरिया, जिला प्रयागराज बताया। अभियुक्त के पास से 18 पर्सनल यूजर आई-डी मिली जिससे 7463 रूपए के भविष्य यात्रा के 7 तथा 17476.05 रूपए के पूर्व यात्रा के 12 ई-टिकटों को बरामद किए गए।

इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल सूबेदारगंज ने 26 जून को ही एक अभियुक्त को भाव्या डिजिटल सर्विस, झलवा चौराहा, प्रयागराज से गिरफ्तार किया। रेलवे सुरक्षा बल के पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना नाम कौशलेन्द्र पुत्र राम पाल यादव, उम्र 34 वर्ष, ट्रांसपोर्ट नगर, धूमनगंज, प्रयागराज बताया। अभियुक्त के पास से एक पर्सनल यूजर आई-डी जिससे 5459.35 रूपए के भविष्य यात्रा के 05 टिकटों को बरामद किया गया। इस संबंध में रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज मण्डल का कहना है कि सम्पूर्ण मण्डल में ई-टिकटों का अवैध कारोबार को रोकने के लिए सघन जांच अभियान चला रहा है। इसी क्रम में कानपुर, अलीगढ़, टूंडला, शिकोहाबाद, प्रयागराज, नैनी, कानपुर और दादरी इत्यादि जगहों से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

# रासगीत के अद्भुत मंचन से द्वापर युगीन लीला का आभास

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन (मथुरा)।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ और एन के ग्रुप वृंदावन के सहयोग से एक माह की रासलीला कार्यशाला का सफल आयोजन किया। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रशिक्षित बच्चों ने गोपीगीत का मंचन कर अपनी अभिनय कला का अद्भुत परिचय दिया। गोपीगीत के मंचन के लिए स्व छैल बिहारी उपाध्याय ÷छैल÷ की लिखित पुस्तक से पद चयनित किए गये। रासलीला का मंचन 26 जून को गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी परिसर स्थित ओपन एयर थिएटर( मुक्ताकाशीय रंगमंच) पर किया गया। मंचन कार्यशाला में 35 बालक- बालिकाओं ने भाग लिया। मंचन की शुरूआत उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री एसबी सिंह ने दीप प्रज्वलन कर की। परिषद के अन्य अधिकारीगण पर्यावरण विशेषज्ञ श्री मुकेश शर्मा, तकनीकी विशेषज्ञ श्री आरके जायसवाल, ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा उमेश चंद्र शर्मा, संस्थान के निदेशक दिनेश खन्ना, सहायक इंजीनियर आरपी यादव, साहित्यकार कपिल देव उपाध्याय, समाजसेवी रामकृष्ण अग्रवाल ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सत्यवान शर्मा आदि दीप प्रज्वलन में उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य में कार्यशाला व मंचन की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।भव्य मंच को ब्रज वन के रूप में सजाया गया था। बच्चों ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय से पधारीं डा मीरा दीक्षित के निर्देशन में कथक नृत्य किया। मंचन का निर्देशन गीता शोध संस्थान एव रासलीला अकादमी के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने किया। आलेख डा उमेश चंद्र शर्मा ने लिखा। संयोजन और संचालन संस्थान के समन्वयक चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। उन्होंने एन के ग्रुप और भातखण्डे विवि की कुलपति का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। एन के ग्रुप की ओर से साहित्यकार कपिल देव उपाध्याय ने स्क्रिप्ट तैयार कराने में मदद की।

# नशीली दवाओं के अवैध तस्करी के खिलाफ मनाया नशा निषेध दिवस




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया गया, जिसके तहत सेमीनार एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एस.पी. शर्मा ने जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि इसकी रोकथाम में निवेश करें, जागरूकता बढ़ाएं, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के नुकसान को कम करने वाली रोकथाम रणनीतियों की प्रभावशीलता और लागत प्रभावशीलता की समझ विकसित करें। डॉ. कल्पना मिश्रा अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक प्रशासन ने कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग वैश्विक स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ है। इसकी रोकथाम और उपचार को प्राथमिकता देने और सहयोग करने के माध्यम से हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग से लड़ सकते हैं और लोगों को खुशहाल, स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। डॉ. रोहित कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के साथ इस विषय पर विस्तार से बताया। जोर दिया कि सामूहिक कार्रवाई और साक्ष्य आधारित समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता से हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहां व्यक्ति स्वस्थ, पूर्ण जीवन जीने के लिए सशक्त हों। इसमें 78 लोगों ने प्रतिभागिता की।

# साउथ अफ्रीका टीम ने रचा इतिहास, अफगानिस्तान को दी 9 विकेट से मात पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची




टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने नाम की मुहर लगा दी है। साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। बता दें कि, ये पहली बार है जब अफ्रीकी टीम टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है, इसके साथ ही टीम ने इतिहास भी रच दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुअ अफगान टीम महज 56 गेंदों पर धराशाही हो गई, जिसके जवाब में अफ्रीकी टीम ने आसानी से इस टारगेट को चेज कर लिया।

साउथ अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। वहीं कप्तान एडम मार्क्रम ने 23 रन बनाए। ये दोनों खिलाड़ी अंत तक आउट नहीं हुए और महज 8.5 ओवर्स में ही टारगेट को चेज कर लिया। टीम की शुरुआत बेहद ही खराब रही। जब क्विटंन डिकॉक सिर्फ 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए उन्हें फजलहक फारूकी ने अपना शिकार बनाया।

इसके साथ ही अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो बाद में गलत साबित हुआ। टीम के बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे और कोई भी खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन नहीं कर सका। अजमतुल्लाह उमरजई ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए थे, उन्होंने 10 रन बनाए। जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज, नूर अहमद और मोहम्मद नबी अपना खाता तक नहीं खोल पाए। इसी कारण से अफगानिस्तान टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और महज 56 रनों पर ही समिट गई। टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया ये सबसे कम स्कोर है।

दूसरी तरफ साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का प्रदर्शन काबिले तारीफ था। मार्को जेसन ने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं तबरेज शम्सी ने भी तीन विकेट अपने नाम किए। कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्खिया ने 2-2 विकेट चटकाए।

## क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया

श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। उन्होंने कहा श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिये फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं। श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी जो आईसीसी टूर्नामेंट में उसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है।

# टूर्नामेंट से आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं, यह हमारे लिये आगाज है : राशिद खान




अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दक्षिण अफ्रीका के हाथों टी20 विश्व कप के एकतरफा सेमीफाइनल में मिली हार से दुखी हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनकी टीम के लिये शुरूआत है और इस टूर्नामेंट से उन्हें किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास मिला है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले सेमीफाइनल में अपने न्यूनतम स्कोर 56 रन पर आउट होने के बाद अफगानिस्तान को नौ विकेट से पराजय झेलनी पड़ी। राशिद ने मैच के बाद कहा एक टीम के रूप में हमारे लिये यह कठिन था। हमने बेहतर प्रदर्शन किया होता लेकिन हालात ने हमारा साथ नहीं दिया। टी20 क्रिकेट यही है जिसमें आपको हर परिस्थिति के अनुरूप ढलना होता है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा हमारे लिये यह शुरूआत भर है। हमारे भीतर किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास आ रहा है। हमे प्रक्रिया पर ध्यान देना है। हमने यहां से बहुत कुछ सीखा है। राशिद ने कहा इस टूर्नामेंट से हम आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं। हमें पता है कि हमारे पास कौशल है लेकिन यहां हमने कठिन और दबाव भरे हालात में खेलना सीखा। एक टीम के रूप में किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है, यह पूछने पर राशिद ने कहा कुछ सुधार तो करना होगा। खासकर मध्यक्रम की बल्लेबाजी में। अभी तक नतीजे अच्छे रहे हैं लेकिन हमें बल्लेबाजी में और मेहनत करनी होगी।

उन्होंने कहा दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी की। हमें अपने गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर टूर्नामेंट में अब तक कामयाबी मिली। अच्छी शुरूआत की जरूरत होती है। इस बेहतरीन स्पिनर ने कहा हम बदकिस्मत रहे कि मुजीब को चोट लग गई लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों और मोहम्मद नबी ने भी नयी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया जिससे स्पिनरों का काम आसान हो गया।

# ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला एथलीट हैं पीटी उषा, बर्थडे पर जानिए रोचक बातें





वर्तमान समय में हमारे देश में कई ऐसी महिला एथलीट हैं, जो देश का नाम रोशन कर रही हैं। महिला एथलीट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन कर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर रही हैं। एक ऐसी ही महिला एथलीट पीटी उषा हैं, जिन्होंने अपने देश का नाम रोशन किया और देश की हजारों-लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनीं। आज यानी की 27 जून को पीटी उषा अपना 59वां जन्मदिन मना रहे हैं। वैसे तो पीटी उषा किसी पहचान की मोहताज नहीं है, वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला एथलीट बनीं। उन्होंने अपने संघर्षों का सामना करते हुए अपना करियर चुना और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर महिला एथलीट पीटी उषा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

***जन्म और शिक्षा***

केरल के कोझीकोड जिले में स्थित पयोली गांव में 27 जून 1964 को पीटी उषा का जन्म हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनका जीवन गरीबी और अभाव में बीता। बता दें कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने दौड़ना शुरू कर दिया। वहीं जब वह चौथी कक्षा में पढ़ रही थीं, तो उनके टीचर ने उनसे जिले के चैंपियन मुकाबले में हिस्सा लेने को कहा। इस कॉम्पटीशन में पीटी उषा ने जिला चैंपियन को हराया था, जो उनके ही स्कूल में पढ़ाई करती थी।

इस जीत के बाद वह अपने स्कूल के लिए जिला स्तर के मुकाबले में शामिल होने लगीं। वहीं केरल सरकार ने खेलों में उनके प्रदर्शन को देखते हुए पीटी उषा को छात्रवृत्ति से सम्मानित किया। फिर आगे पढ़ाई के साथ दौड़ की ट्रेनिंग के लिए उन्होंने कन्नूर के एक विशेष खेल विद्यालय में दाखिला लिया।

***पीटी उषा का करियर***

पीटी उषा के करियर में मोड़ उस दौरान आया, जब साल 1976 में पीटी उषा के कोच ओ. एम. नाम्बियार की नेशनल स्कूल गेम्स के दौरान उन पर नजर पड़ी। इसके बाद पीटी उषा को अंतरराष्ट्रीय खेलों में शामिल होने का मौका मिला। बता दें कि साल 1980 में उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत हुई। पाकिस्तान ओपन नेशनल मीट में पीटी उषा ने चार स्वर्ण पदक अपने नाम कर देश का नाम ऊंचा किया।

***ओलंपिक फाइनल में पहुंची पीटी उषा***

इसके बाद साल वह तीन ओलंपिक खेलों में 1980 में मॉस्को, साल 1984 में लॉस एंजिल्स और साल 1988 में सियोल में शामिल हुईं। लेकिन इस दौरान वह पदक अपने नाम करने से चूक गईं। हालांकि वह लॉस एंजिल्स ओलंपिक के फाइनल में पहुंची, जोकि देश के लिए काफी बड़ी उपलब्धि थी। क्योंकि पीटी उषा से पहले कोई महिला एथलीट ओलंपिक फाइनल में नहीं पहुंची थी। उन्होंने एशियाई खेलों में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

***पदक***

बता दें कि महज 20 साल की उम्र में पीटी उषा को पद्म श्री और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उनको विश्व ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया। उनको भारतीय ओलंपिक संघ की तरफ से स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द सेंचुरी और स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द मिलेनियम के लिए नॉमिनेट किया गया था। भारत की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट पीटी उषा ने साल 2000 में सन्यास ले लिया।

# गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज में डेक बोगडान-डेनिएलिन को हराया



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। दस खिलाड़ियों के राउंड-रोबिन टूर्नामेंट में अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए।

बोगडान-डैनियल ने 'निम्जो इंडियन डिफेंस' चाल के शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया। गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञानानंदा को अब्दुसात्तोरोव से कड़ी चुनौती मिली। दोनों खिलाड़ी 60 चालों के बाद बराबरी पर सहमत हो गये।

# अर्जुन कपूर ने तोड़ा मलाइका अरोड़ा का भरोसा? जिम में रानी चटर्जी ने क्लिक की ढेर सारी सेल्फी




बॉलीवुड का एक चलन रहा है कि जब भी किसी सेलेब्रिटी को अपने रिश्ते को जगजाहिर करना होता है तो वह अपने पार्टन के जन्मदिन पर या किसी खास दिन एक सोशल मीडिया पोस्ट करके यह कह देने हैं कि दोनों का रिश्ता अब कंफर्म हैं। इसी तरह जब दोनों साथ साथ में अपनी तस्वीरें डालना बंद कर दे या पार्टनर के जन्मदिन पर किसी भी तरह की पोस्ट न शेयर करें तो ब्रेकअप की अफवाहें उड़ने लगती हैं। ऐसा ही कुछ मलाइका और अर्जुन कपूर की जिंदगी में भी चल रहा हैं।

2018 में श्रीदेवी का दुखद निधन हो गया, लेकिन उन्होंने अपने प्रशंसकों, दोस्तों और परिवार के दिलों में जो छाप छोड़ी है, वह आज भी कम नहीं हुई है। बॉलीवुड की पहली और सबसे बड़ी महिला सुपरस्टार के रूप में जानी जाने वाली अभिनेत्री श्रीदेवी ने इंडस्ट्री में तब अपनी जगह बनाई, जब हेमा मालिनी और रेखा जैसी अभिनेत्रियाँ अपने करियर के चरम पर थीं। श्रीदेवी ने 300 से ज़्यादा फ़िल्मों में काम किया, जिनमें से ज़्यादातर फ़िल्में सुपरहिट रहीं। जहाँ एक ओर लोग श्रीदेवी की शख़्सियत से वाकिफ़ हैं, वहीं उनके भाई-बहनों, ख़ासकर उनकी बहन श्रीलता के बारे में कम ही लोग जानते हैं।

# मिलिए ऐसे एटर से जिसने सुपरस्टार के साथ किया डेयू, राजेश खन्ना जैसा स्टारडम पाया, एक गलती ने बर्बाद किया करियर, छोड़ दी एटिंग, अब...



फिल्म इंडस्ट्री में कई एक्टर्स ने सुपरस्टार के साथ डेब्यू किया लेकिन जल्द ही लाइमलाइट से गायब हो गए और शोबिज की दुनिया से दूर हो गए। आज हम आपको ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताएंगे जिन्होंने दर्शकों का दिल जीता लेकिन जल्द ही उनके करियर ने एक अप्रत्याशित मोड़ ले लिया। हम बात कर रहे हैं एक्टर पृथ्वी की जिन्होंने दिवंगत दिव्या भारती के साथ दिल का क्या कसूर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। दर्शकों ने पृथ्वी और दिव्या भारती की केमिस्ट्री को खूब सराहा और इस फिल्म ने पृथ्वी को रातों-रात स्टार बना दिया। लेकिन जल्द ही उनके करियर में बड़ा बदलाव आया और वे छोटे-मोटे रोल करने तक ही सीमित रह गए। इसके बाद उन्हें काम मिलना बंद हो गया और वे लाइमलाइट से गायब हो गए।

ऐसा नहीं था कि डेब्यू के बाद पृथ्वी को कोई फिल्म ऑफर नहीं हुई बल्कि उनके करियर के बर्बाद होने की सबसे बड़ी वजह थी उनका एक कॉन्ट्रैक्ट। इस कॉन्ट्रैक्ट की वजह से वे कई बड़ी फिल्मों में काम नहीं कर पाए। अभिनेता ने झक्कास बॉलीवुड को दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उस कॉन्ट्रैक्ट की वजह से वह बहुत ज़्यादा बंधे हुए थे और उन्होंने कई बड़ी फ़िल्में ठुकरा दी थीं।

पृथ्वी ने कहा, ÷मैं एक ऐसे कॉन्ट्रैक्ट में फंस गया था जिससे बाहर निकलना बहुत मुश्किल था। और उन्होंने मेरे पीक टाइम को बांध दिया। मैं गायब नहीं हुआ। मैं हमेशा अपने प्रशंसकों के दिलों में ज़िंदा था। मैं कॉन्ट्रैक्ट में फंसने की वजह से फ़िल्में नहीं कर पाया। डर और दीवाना जैसी फ़िल्में उन्हें छोड़नी पड़ीं।अपने करियर के डूबने के बाद पृथ्वी ने लंबे समय तक गुमनाम ज़िंदगी जी। फिलहाल, वह सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और समय-समय पर अपने प्रशंसकों को अपडेट देते रहते हैं। अभिनेता को आखिरी बार 2008 की फ़िल्म जिम्मी में देखा गया था। दिल का क्या कसूर के बाद पृथ्वी को मुख्य भूमिकाएँ मिलना बंद हो गईं। इस वजह से वह ज़्यादातर साइड रोल में ही नज़र आए। यही वजह थी कि वह लंबे समय तक अभिनय से दूर रहे। पृथ्वी को आज भी उन सभी अवसरों का अफसोस है जो अन्य अभिनेताओं के लिए मील का पत्थर साबित हुए।

# नेटिज़ेंस ने प्रभास-स्टारर की तारीफ़ की, फिल्म को हॉलीवुड लेवल की ब्लॉकबस्टर बताया



प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन अभिनीत कल्कि 2898 एडी आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गई है। इसकी घोषणा के बाद से ही प्रशंसक फिल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। भारतीय फ़िल्म का पहला शो अभी सिनेमाघरों में चल रहा है, इसलिए कल्कि 2898 एडी का पहला दिन का पहला शो देखने वाले लोग सोशल मीडिया पर अपनी पहली समीक्षा दे रहे हैं। नीचे स्क्रॉल करें और सिनेमाघरों में इसे देखने वाले दर्शकों से फ़िल्म के बारे में संक्षिप्त जानकारी लें।

एक यूजर ने फिल्म को हॉलीवुड लेवल की ब्लॉकबस्टर बताया और लिखा, 2000 करोड़, हॉलीवुड लेवल और वर्ल्ड ब्लॉकबस्टर जय रिबेल स्टार।

कल्कि 2898 एडी को महाकाव्य कहते हुए दूसरे ने लिखा, "#Kalki2898AD इंटरवल- हमारे महाकाव्यों और भविष्यवाणी से प्रेरित दृश्यों के दौरान यह महाकाव्य है... आह, शुरुआत और इंटरवल से ठीक पहले बीच के कुछ दृश्य छोटे होते तो परफेक्ट हो जाता है, लेकिन फिर भी... अब तक बहुत अच्छा चल रहा है। एक अन्य एक्स यूजर ने फिल्म की समीक्षा की और लिखा, महाभारतम सीक्वेंस के लगभग 30 मिनट, हर एक फ्रेम दिव्य और जादुई होगा।

ट्रेड एनालिस्ट और फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने भी कल्कि 2898 एडी की समीक्षा की और इसे शानदार बताया। उन्होंने लिखा #Kalki2898AD में दम है, स्टाइल है, शानदार सेकंड हाफ है और #Prabhas बेहतरीन फॉर्म में हैं... #NagAshwin ने एक ऐसी दुनिया बनाई है जो बेहद शानदार और अनोखी है... सक्क्ह में ञस्ह्हस्ह्ठ के लिए तैयार हो जाइए।

उन्होंने निर्देशक की भी तारीफ की और अमिताभ और प्रभास के बीच एक्शन सीक्वेंस की तारीफ की। निर्देशक #NagAshwin ने एक ऐसी दुनिया बनाई है जिसमें कई शानदार एपिसोड्स को शानदार विजुअल के साथ जोड़ा गया है... बेहतरीन VFX के साथ अच्छी बनाम बुरी कहानी की उनकी व्याख्या आपको हैरान कर देगी... #AmitabhBachchan और #Prabhas के बीच एक्शन का खास जिक्र करना चाहूंगा। यह दिमाग हिला देने वाला है।

फिल्म निर्देशक और इसके संगीत निर्देशक की तारीफ करते हुए एक अन्य यूजर ने लिखा, "@nagashwin7, आपने हमें अपनी दुनिया में डुबोकर निर्देशक का लक्ष्य हासिल कर लिया। @Music_Santhosh आपका संगीत बेहतरीन है और विजुअल्स के साथ यह और भी प्रभावशाली हो गया है। @Vyjayanthi Films तेलुगु में सिनेमा की इस खूबसूरत कृति को बनाने के लिए धन्यवाद।

# हत्या के केस में हिरासत में अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा मेकअप लगाए हुए दिखीं, पुलिस को नोटिस जारी



कर्नाटक पुलिस ने बुधवार को एक महिला सब-इंस्पेक्टर को नोटिस जारी किया, क्योंकि जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन थुगुदीपा की साथी अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा को पुलिस हिरासत में मेकअप लगाए हुए देखा गया। रेणुकास्वामी हत्याकांड की मुख्य आरोपी पवित्रा को अपराध स्थल का विवरण दर्ज करने के लिए उसके बेंगलुरु स्थित आवास पर ले जाया गया। अपनी यात्रा के दौरान, वह लिपस्टिक और मेकअप लगाए हुए और पुलिस अधिकारियों के साथ अपने आवास से लौटते समय मुस्कुराती हुई देखी गई।

इन दृश्यों ने दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या पर पवित्रा गौड़ा के कथित पश्चाताप की कमी के बारे में बहस को फिर से हवा दे दी है। इस बीच, लापरवाही को लेकर डीसीपी (पश्चिम) के कार्यालय से एसआई को नोटिस जारी किया गया है और स्पष्टीकरण मांगा गया है।

डीसीपी (पश्चिम) गिरीश ने कहा, पवित्रा हर रात अपने घर पर रहती थी, जहां उसने शायद अपना मेकअप बैग रखा था। महिला पीएसआई हर दिन सुबह उसे लेने के लिए वहां जाती थी और एपी नगर पुलिस स्टेशन ले जाती थी। महिला पीएसआई ने यह देखा होगा और पवित्रा को ऐसा करने से रोका होगा। इस लापरवाही के लिए, उसे स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया है।

मामले में गौड़ा को आरोपी नंबर एक के रूप में नामित किया गया है, कथित तौर पर उकसाने के लिए, जबकि प्रमुख कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा आरोपी नंबर दो हैं, जिन्होंने कथित तौर पर हत्या को अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अभिनेता के एक प्रशंसक रेणुकास्वामी ने पवित्रा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गया और कथित तौर पर उसने हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। रेणुकास्वामी का शव 9 जून को सुमनहल्ली में एक अपार्टमेंट के बगल में एक तूफानी जल निकासी नाले के पास मिला था। कथित तौर पर 8 जून को उन्हें प्रताड़ित करके मार दिया गया था। इस मामले में दर्शन और पवित्रा के साथ-साथ 15 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों के अनुसार, चित्रदुर्ग में दर्शन के फैन क्लब का हिस्सा रहे आरोपियों में से एक राघवेंद्र ने रेणुकास्वामी को बेंगलुरु के आर आर नगर में एक शेड में इस बहाने से लाया था कि दर्शन उनसे मिलना चाहता है। इसी शेड में उन्हें कथित तौर पर प्रताड़ित किया गया और मार दिया गया।

# महंगाई, पेपर लीक सहित कई मुद्दों पर लीपापोती की कोशिश

## कांग्रेस ने राष्ट्रपति अभिभाषण में लगाया झूठ परोसने का आरोप

**बयान**

देश का हर दूसरा युवा बेरोजगार- खरगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति अभिभाषण में सरकार की ओर से झूठ परोसने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने कहा है कि देश के ज्वलंत मुद्दों बेरोजगारी, पेपर लीक, महंगाई, मणिपुर हिंसा से लेकर जम्मू-कश्मीर में बढ़े आतंकवादी हमले का इसमें कोई चर्चा की गई है। अभिभाषण में बहुमत हासिल कर सरकार बनाने के उल्लेख को भी कांग्रेस ने तथ्य पर पर्दा डालने का प्रयास करार देते हुए कहा है कि यह मिली जुली सरकार है जिसमें भाजपा के पास सिर्फ 240 सीटें हैं और ऐसे में यह दावा गलत है। संसद के संयुक्त अधिवेशन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर कांग्रेस की ओर से शुरूआती प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बयान जारी करते हुए कहा कि जनादेश मोदी सरकार के खिलाफ था क्योंकि जनता ने उनके 400 पार नारे को ठुकराया और भाजपा को 272 के बहुमत के आंकड़ो से दूर रखा है। इस हकीकत को मोदी स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं और ऐसा बरताव कर रहें हैं जैसे कुछ बदला ही नहीं, बल्कि सच्चाई है कि देश की जनता ने बदलाव मांगा था।

खरगे ने कहा कि नीट घोटाले पर लीपा पोती नहीं चलेगी। पिछले पांच वर्षों में एनटीए द्वारा कराए गए 66 भर्ती परीक्षाओं में कम से कम 12 में पेपर लीक और धांधली हुई है, जिससे 75 लाख से अधिक युवा प्रभावित हुए हैं। दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए का अभिभाषण में जिक्र कर सरकार अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती। युवा न्याय मांग रहे हैं और शिक्षा मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी।

खरगे ने कहा कि देश का हर दूसरा युवा बेरोजगार है और भाषण में इसे दूर करने की कोई ठोस नीति सामने नहीं आई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे अभिभाषण में कमरतोड़ महंगाई की कोई चर्चा नहीं है। जबकि रोजमर्रा की खान-पान की चीजों के दाम दिन-दोगुनी, रात-चौगनी बढ़ गए हैं। मणिपुर हिंसा पिछले 13 महीनों से जारी है जिसमें 221 लोगों की जान गई है और 50,000 लोग बेघर हैं पर शांति की कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

अभिभाषण में इसके हल की कोई बात नहीं की गई है। वहीं भीषण रेल दुर्घटना व ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा का भी कोई जिक्र नहीं किया है। बालासोर रेल त्रासदी के बाद भी सरकार ने सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं लिया और एनसीआरबी के मुताबिक 2017-2021 के बीच ट्रेन हादसों से संबंधित 100,000 से अधिक मौतें हुईं।

जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमले बढ़ने को लेकर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। पिछले 10 वर्षों में जम्मू और कश्मीर में 2262 आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें 363 नागरिक मारे गए और 596 जवान शहीद हुए हैं।

खरगे ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कश्मीरी पंडितों पर आए दिन हमले हुए हैं पर प्रधानमंत्री नया कश्मीर का झूठा राग अलाप रहे हैं। वहीं ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम व उत्तर प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में मोदी सरकार के आते ही मॉब लिंचिंग, सांप्रदायिक हिंसा और गरीबों के घरों पर गैरकानूनी बुलडोजर चलने की घटनाएं बढ़ी हैं।

# आपातकाल पर प्रस्ताव से कांग्रेस नाराज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को मुलाकात की। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आपातकाल पर दिए गए प्रस्ताव पर नाराजगी व्यक्त की है। इस विषय पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि स्पीकर की कुर्सी दलगत राजनीति से ऊपर है। माननीय अध्यक्ष ने बुधवार को राजनीतिक टिप्पणियों के साथ जो कहा, वह संसदीय परंपराओं का उपहास है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक था और इसे टाला जा सकता था। हालांकि, राहुल गांधी व लोकसभा अध्यक्ष के बीच हुई मुलाकात को लेकर कांग्रेस ने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी के साथ इंडिया गठबंधन के कई नेता भी शामिल रहे।

दूसरी ओर लोकसभा में आपातकाल के जिक्र के मुद्दे पर केसी. वेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष को बाकायदा एक पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा, 26 जून 2024 को, लोकसभा अध्यक्ष के रूप में आपके चुनाव पर बधाई देते समय, सदन में सामान्य सौहार्द था। हालांकि, उसके बाद जो हुआ, जो आधी सदी पहले आपातकाल की घोषणा के संबंध में आपके स्वीकृति भाषण के बाद अध्यक्ष द्वारा दिया गया संदर्भ, वह बेहद चौंकाने वाला है।

केसी वेणुगोपाल ने कहा, सभापति की ओर से इस तरह का राजनीतिक संदर्भ देना संसद के इतिहास में अभूतपूर्व है। एक नवनिर्वाचित अध्यक्ष के प्रथम कर्तव्यों में से एक के रूप में सभापति की ओर से यह आना और भी गंभीर रूप धारण कर लेता है। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से, संसदीय परंपराओं के इस उपहास पर अपनी गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त करते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आपातकाल लगाए जाने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश करते हुए कहा था कि ये सदन 1975 में देश में आपातकाल लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। हम, उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने इमरजेंसी का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया।

अध्यक्ष ने कहा था कि भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई और बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था।

**क्विक न्यूज**

### इस देश में तख्तापलट की कोशिश नाकाम, टैंक लेकर राष्ट्रपति भवन में घुसा सेना का जनरल गिरफ्तार

**ला पाज़।** दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया में तख्तापलट की कोशिश नाकाम हो गई है। बोलिवियाई सशस्त्र बलों के बख्तरबंद वाहन और सैनिकों ने ला पाज़ में राष्ट्रपति भवन में घुसने की कोशिश की, लेकिन उनकी कोशिश नाकाम कर दी गई। बोलिवियाई पुलिस ने विद्रोही सैन्य कमांडर जनरल जुआन जोस ज़ुनिगा को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने असफल तख्तापलट की कोशिश का नेतृत्व किया था। बोलिवियाई राष्ट्रपति लुइस आर्से ने तख्तापलट की कोशिश की निंदा की और नागरिकों से लोकतंत्र की रक्षा करने और संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने एक नए सेना कमांडर के नाम की घोषणा की, जिन्होंने सैनिकों को वापस जाने का आदेश दिया। इससे पहले, सैनिकों ने जनरल ज़ुनिगा के नेतृत्व में राष्ट्रपति भवन के बाहर एक चौक प्लाजा मुरिलो पर मार्च किया और पुराने सरकारी मुख्यालय, पलासियो क्वेमाडो में जबरन घुस गए।

### यूएन में कश्मीर का जिक्र कर फंसा पड़ोसी मुल्क, भारत ने लगाई लताड़

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने पड़ोसी देश की आलोचना की है। भारत ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान की %निराधार टिप्पणियों' की निंदा की है। भारत ने पाकिस्तान द्वारा कश्मीर पर किए गए बयानों को राजनीति से प्रेरित और निराधार बतलाया है। भारत ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि यह उसके अपने देश में बच्चों के खिलाफ जारी गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का एक और आदतन प्रयास है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर खुली बहस के दौरान, संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अलग-अलग हिस्से हैं।

# सीबीआई ने पटना में की बड़ी कार्रवाई

## मनीष प्रकाश और आशुतोष को किया गिरफ्तार

**गिरफ्तारी**

सीबीआई टीम ईओयू और पुलिस अधिकारियों से भी की बातचीत

एजेंसी



**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए पटना से नीट पेपर लीक मामले के आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया है। फिलहाल सीबीआई उन दोनों से पूछताछ कर रही है। नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में दिल्ली से सीबीआई की एक टीम सोमवार की सुबह पटना में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची। बिहार पुलिस के जरिए शुरू हुए नीट परीक्षा के पेपर लीक जांच को बिहार की आर्थिक अपराध इकाई के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो के पास सौंप दिया गया। बिहार की जांच टीम ने सभी सबूत शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिए। शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई को इस मामले की जांच करने की जिम्मेदारी दी है। बताया जाता है कि सीबीआई की टीम बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचकर सारे सबूतों को अपने हाथ में ले लिए। पुलिस और अपराध शाखा दोनों के जाँच अधिकारियों ने 5 मई से 10 मई तक देखा था, उनसे सभी से सीबीआई के जांच अधिकारी ने बातचीत किया। गुरूवार को सीबीआई ने कार्रवाई को तेज करते हुए पटना से दो आरोपियों को दबोच लिया है।

# भाजपा सरकार ने गरीबों और सैनिकों को ठगा, सैकड़ों करोड़ हड़पे: कुमारी सैलजा

एजेंसी



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बड़े-बड़े दावे और वायदे कर वाहवाही लूटने वाली भाजपा सरकार ने गरीबों व सैनिकों के साथ बड़ी ठगी की है। इनके सिर पर छत देने का वायदा करने वाले रुपये लेने के बावजूद उन्हें आज तक फ्लैट नहीं दे पाए हैं। इसके विपरित 10 साल तक इनके रुपये बरतने वाला हाउसिंग बोर्ड न तो इनका घर का सपना ही साकार कर पाया है और न ही अब इन्हें 15 प्रतिशत ब्याज समेत राशि वापस करने को तैयार हो रहा है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने साल 2014 में डिफेंस, आर्थिक रूप से कमजोर व गरीबों के लिए फ्लैट स्कीम लॉन्च की थी। इनमें डिफेंस की 11 स्कीम और बीपीएल व ईडब्ल्यूएस की 07 स्कीम शामिल थी। अपने घर की आस में लोगों ने इन स्कीमों में बढ़चढ़कर हिस्सा भी लिया, लेकिन आज तक किसी को भी फ्लैट नहीं मिल पाया। लोकसभा सांसद ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने लोगों से 200 करोड़ से अधिक रुपये एकत्रित कर लिए और इनका प्रयोग फ्लैट बनाने की बजाए किन्हीं अन्य कार्यों में ही कर लिया। लोगों ने रुपये मांगने शुरू किए तो सरकार ने हाउसिंग बोर्ड की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देना शुरू कर दिया। आज तक लोगों के जमा रुपये ब्याज समेत लौटाने पर कोई कदम नहीं उठाया गया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि ईडब्ल्यूएस परिवारों के लिए हिसाब व करनाल में तथा बीपीएल परिवारों के लिए धारूहेड़ा, सोनीपत, पानीपत व फरीदाबाद में फ्लैट बनाए जाने थे। लेकिन, इन सभी 07 स्कीमों को रद्द कर दिया गया। इसके विपरीत भाजपा की केंद्र सरकार का दावा था कि 2022 तक देश के हर व्यक्ति को घर मुहैया जाएगा, लेकिन हरियाणा में रुपये लेने के बावजूद गरीबों को छत नसीब नहीं हो पाई है।

लोकसभा सांसद ने कहा कि डिफेंस के जेसीओ रैंक तक के सैनिकों व अर्धसैनिक बल के जवानों के लिए झज्जर, गुडग़ांव, फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, पिंजौर, रेवाड़ी, रोहतक, पलवल, सांपला आदि जगहों पर फ्लैट बनाए जाने थे। लेकिन, इनमें से कहीं पर भी कोई ईंट तक नहीं लगी।

# ममता बनर्जी ने तृणमूल के दो विधायकों के शपथ में देरी पर की राज्यपाल की आलोचना

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों - बारानगर से सायंतिका बनर्जी और भागवानगोला से रेयात हुसैन सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देरी को लेकर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस पर तीखा हमला किया। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राज्य सचिवालय नबन्ना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा,दोनों विधायकों को जनता ने चुना है। राज्यपाल को उन्हें शपथ लेने से रोकने का क्या अधिकार है? लगभग एक महीने से इस मुद्दे पर अनिश्चितता बनी हुई है। उन्होंने सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन सरकार की मांग का भी समर्थन किया कि या तो राज्यपाल शपथ दिलाने के लिए विधानसभा आएं या फिर ऐसा करने के लिए अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को नियुक्त करें।

तृणमूल के दोनों नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार और गुरुवार को विधानसभा परिसर में अपनी मांग के समर्थन में धरना-प्रदर्शन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा,दोनों नवनिर्वाचित विधायक सही कह रहे हैं। राज्यपाल को शपथ दिलाने के लिए स्पीकर या डिप्टी स्पीकर को नामित करना चाहिए, या फिर उन्हें खुद विधानसभा जाकर शपथ दिलाना चाहिए। विधायक राजभवन क्यों जाएंगे? वैसे भी, पिछले दिनों राजभवन में जो कुछ हुआ, उसके बाद महिलाएं वहां जाने से डर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी हाल ही में राजभवन की एक अस्थायी महिला कर्मचारी द्वारा राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के संबंध में थी।

विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय पहले ही कह चुके हैं कि अगर गतिरोध जारी रहा।

# एनटीए के दफ्तर में घुसे एनएसयूआई के कार्यकर्ता, दफ्तर में लगाया ताला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने नीट-यूजी परीक्षा में धांधली के खिलाफ गुरुवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया जिसमें कई नवनिर्वाचित सांसदों तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। वहीं, कांग्रेस स्टूडेंट विंग एनएसयूआई के कार्यकर्ता 100 लोगों को लेकर दिल्ली के एनटीए के दफ्तर में घुस गए। इसके बाद उन्होंने दफ्तर को ताला लगा दिया। इस दौरान उनकी वहां सुरक्षाकर्मियों से झड़प भी हुई है। एनटीए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज ये ताला दिल्ली के ऑफिस में लगा है। कल पूरे देशभर के एनटीए के दफ्तरों में ताला बंद होगा। इसके साथ वहां मौजूद हस्ढ्ढ कार्यकर्ताओं ने ह्रञ्ज बंद करो के नारे लगाने शुरू कर दिए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. के नेतृत्व में यहां जंतर मंतर से संसद का घेराव के लिए एकत्रित हुए कार्यकर्ता जब संसद की तरफ बढ़ने लगे तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोका लेकिन उत्साहित कार्यकर्ता आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई युवा घायल हुए हैं। पुलिस लगातार डंडे मारती रही जिसमें कई युवाओं को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने बाद में कई युवाओं को हिरासत में लिया जिन्हें बाद में छोड दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा %%नीट-यूजी परीक्षा धांधली ने 24 लाख युवा छात्रों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। नीट परीक्षा में घोटाला सिर्फ 24 लाख छात्रों के साथ धोखा नही बल्कि देश की मेडिकल व्यवस्था और देश के भविष्य के साथ धोखा है। आज देश में ऐसी कोई परीक्षा नहीं है, जिसमें धांधली न हो।

### कैसीनो में शख्स ने जीते 34 करोड़ रुपये, खुशी के मारे आया हार्ट अटैक

**सगापुर।** कैसीनो में एक व्यक्ति ने इतने पैसे जीत लिए कि उससे खुशी बर्दाश्त नहीं हुई और वहीं पर हार्ट अटैक आ गया। चौंकाने वाली यह घटना सिंगापुर में हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 3.2 मिलियन पाउंड (34 करोड़ रुपये) का जैकपॉट लगने के बाद शख्स खुशी से हवा में उछलने-कूदने लगा। लेकिन अगले ही पल वह नीचे गिर पड़ा। घटना सिंगापुर के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में स्थित %मरीना बे सैंड्स कैसीनो' में 22 जून को हुई। जैकपॉट जीतते ही शख्स ने हवा में उछल-उछलकर मुक्के बरसाना शुरू कर दिया। लेकिन अगले ही पल जैसे ही बेहोश होकर गिरा, वहां मौजूद लोगों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। वायरल हो रहे वीडियो में शख्स के साथ आई महिला को जोर-जोर से रोते हुए और मदद की गुहार लगाते हुए देखा जा सकता है।

# राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू करने की साजिश! मालदीव की पर्यावरण मंत्री को किया गया गिरफ्तार

**चिंता**

मंत्री के घर से काला जादू का मिला सामान

एजेंसी



**मालदीव।** मालदीव की राजधानी माले में पुलिस ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में पर्यावरण मंत्री के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पर्यावरण मंत्री फातिमाथ राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू कर उन्हें अपने वश में करना चाहती थी। फिलहाल मामले में जांच पूरी होने तक सभी आरोपियों को एक हफ्ते की हिरासत में रखा गया है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार ऐसी खबर आई हैं कि मंत्री शमनाज को राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, हालांकि इस मामले में पुलिस ने न तो इस रिपोर्ट की पुष्टि की और न ही इसका खंडन किया है। जबकि उनके घर से काले जादू से जुड़ा हुआ काफी सामान भी मिला है। पर्यावरण मंत्री फातिमाथ शमनाज अली सलीम राष्ट्रपति कार्यालय में काम करने वाले मंत्री एडम रामीज की पत्नी हैं। वो इससे पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ राजधानी माले की नगर परिषद की सदस्य रह चुकी हैं। तब मोहम्मद मुइज्जू राजधानी माले के मेयर थे। वहीं पिछले साल मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद फातिमाथ ने भी परिषद से इस्तीफा दिया। इसके बाद वो राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास मुलिआज की राज्य मंत्री बन गई। इसके बाद में उनका तबादला पर्यावरण मंत्रालय में किया गया था।

मुस्लिम बहुल देश मालदीव में काला जादू एक आपराधिक मामला नहीं है, हालांकि इस्लामिक कानून के अनुसार मामले में छह महीने की सजा हो सकती है। वहीं पूरे द्वीपसमूह में लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों का बड़े स्तर पर पालन करते हैं। बता दें कि 2023 में राज्य के मनाधू में अप्रैल के महीने में कुछ पड़ोसियों ने एक बुजुर्ग महिला की हत्या इसलिए कर दी थी, क्योंकि उस पर काला जादू करने का आरोप लगा था। इस मामले में पुलिस की तरफ से कहा गया था कि उनको इस बात का कोई सबूत नहीं मिला था कि मृतक महिला जादू-टोना करने वाली थी। वहीं इससे पहले साल 2012 में भी पुलिस ने विपक्षी राजनीतिक रैली पर कार्रवाई की थी, जब आयोजकों पर उनके कार्यालयों पर छापा मारने वाले अधिकारियों पर शापित मुर्गा फेंकने का आरोप लगाया गया था।

# चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू पर कार्रवाई, भ्रष्टाचार के आरोप में कम्युनिस्ट पार्टी से निकाले गए

एजेंसी



**बीजिंग।** चीन के पूर्व रक्षा मंत्री रहे ली शांगफू पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। तमाम आरोपों के बाद शांगफू को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इसके साथ ही उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) ने गुरुवार को अनुशासन का उल्लंघन करने और कानून तोड़ने के मामले में शांगफू के खिलाफ यह फैसला लिया।

बताया गया है कि शांगफू ने गंभीर रूप से कानून का उल्लंघन किया और अपने पद का फायदा उठाया। आरोप है कि अपना हित साधने और दूसरे संस्थानों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्होंने बड़ी मात्रा में रिश्वत ली। जांच में यह भी पाया गया है कि शांगफू ने खुद को और दूसरों को लाभ पहुंचाने के लिए कानूनों का उल्लंघन किया।

ली शांगफू को शी जिनपिंग ने चीन का रक्षा मंत्री नियुक्त किया था। शागफू, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सबसे महत्वपूर्ण कहे जाने वाले मिसाइल बल के प्रमुख रहे थे। हालांकि, वे पिछले वर्ष लापता हो गए थे। इसके बाद यह कयास लगाए जाने लगे थे कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता की जांच की जा रही है। सीएमसी की अनुशासनात्मक समिति ने 31 अगस्त 2023 को शांगफू के खिलाफ जांच शुरू की और इसके बाद अक्तूबर 2023 में उन्हें पद से हटा दिया गया था।

ली शांगफू इससे पहले पहले सीपीसी के शीर्ष पद स्टेट काउंसलर की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। इसके अलावा वे केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। सीएमसी को राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अध्यक्षता वाली पीएलए की एक उच्च कमान कहा जाता है।

### ब्रसेल्स में गोलीबारी में 2 की मौत, 3 घायल

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स के सेंट-गिल्स में मिडी ट्रेन स्टेशन के पास हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को ये बात कही गई। गोलीबारी रात 1 से 2 बजे के बीच एक कैफे के पास की गई। घायलों में से एक को मामूली चोट आई है, जबकि अन्य दो गंभीर रूप से घायल हैं। इस गोलीबारी में शामिल लोग फिलहाल फरार हैं। ब्रसेल्स पुलिस ने तुरंत एक सुरक्षा घेरा बनाया और शूटरों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी। अपराधियों ने गोलीबारी क्यों की, उनका क्या मकसद था, उसके बारे में अभी पता नहीं चला है। अभी तक किसी भी संदिग्ध को पकड़ा नहीं गया है।


# देश में पहली बार बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया का इलाज

## सुसाइड करने को आमादा थी पीड़िता

**आशंका**

प्राइमरी बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया अत्यंत दुर्लभ बीमारी है

एजेंसी




**मुंबई।** मुंबई के डॉक्टरों की एक टीम ने बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया से पीड़ित 56 वर्षीय एक महिला का एडवांस न्यूरोसर्जरी के जरिए सफल इलाज किया। भारत में इस तरह का यह पहला मामला है। जसलोक हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर ने गुरुवार को एक बयान में कहा, प्राइमरी बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया अत्यंत दुर्लभ बीमारी है। इसके 0.6 से 5.9 प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं। आज तक इंग्लिश मेडिकल लिटरेचर में केवल 24 मामले ही रिपोर्ट किए गए हैं, इनमें से कोई भी भारत से नहीं है। भारत में यह पहला मामला सामने आया है। इसमें बाइलेटरल माइक्रोवैस्कुलर डीकंप्रेसन (एमवीडी) किया गया। इसके परिणामस्वरूप मरीज को दर्द से पूरी तरह राहत मिली। महाराष्ट्र की निवासी किरण अवस्थी को चेहरे के दोनों तरफ पांच साल से हो रहे तीव्र झटके जैसे दर्द के बाद जसलोक हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों के पास लाया गया। महिला का यह दर्द कई मिनट तक चलता था। इससे उन्हें बात करने, खाने, दांत साफ करने और यहां तक कि ठंडी हवा के संपर्क में आने से परेशानी होती थी।

बिमारी का निदान न होने के चलते कई तरह के उपचार के बावजूद महिला को कोई राहत नहीं मिली। असहनीय दर्द के चलते उसके लिए रोजमर्रा के घरेलू कामों को करना मुश्किल हो गया। वह खुदकुशी करने पर विचार करने लगी।

पिछले साल अक्टूबर में एमआरआई स्कैन से पता चला कि उसकी ट्राइजेमिनल नसों पर वैस्कुलर लूप दबाव डाल रहे थे। उसमें बाइलेटरल प्राइमरी ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया का पता लगाया गया। जसलोक अस्पताल के न्यूरोसर्जन राघवेन्द्र रामदासी ने कहा, बाइलेटरल ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया को सबसे दर्दनाक स्थितियों में से एक के रूप में जाना जाता है। इस दुर्लभ मामले का निदान कर भारत में पहली बार बाइलेटरल माइक्रोवैस्कुलर डीकंप्रेशन के साथ इसका सफल इलाज किया गया। पांच साल बाद फिर से मरीज को सामान्य जीवन जीते हुए देखना हमारे लिए सबसे बड़ा इनाम है। इसमें कार्बामाजेपाइन, गेबापेनटिन, लेमोट्रीजीन और टोपिरामेट जैसी दवाएं राहत प्रदान कर सकती हैं। माइक्रोवैस्कुलर डिकम्प्रेशन इसका अब भी सर्वोत्तम उपचार है। मरीज का पहले बायीं ओर का ऑपरेशन किया गया, उसके एक सप्ताह बाद दाहिनी ओर का ऑपरेशन किया गया। डॉक्टर ने कहा, सर्जरी के बाद मरीज को दर्द से पूरी तरह राहत मिली।

### पैसेंजर ट्रेन के नौ डिब्बे पटरी से उतरे, 70 लोग घायल

**मॉस्को।** रूस के उत्तर-पश्चिमी कोमी क्षेत्र में एक पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। इस हादसे में कम से कम 70 लोग घायल बताए जा रहे हैं। ट्रेन के नौ डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में 70 यात्री घायल हुए हैं। फिलहाल, हादसे में किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। आपातकालीन सेवाएं और मेडिकल टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। भारी बारिश दुर्घटना का संभावित प्रमुख कारण हो सकती है। यात्री ट्रेन उत्तर पूर्वी कोमी में वोरकुटा से नोवोरोस्सिएस्क के ब्लैक सी बंदरगाह जा रही थी। ट्रेन में 200 से ज्यादा यात्री सवार थे। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, हादसा बुधवार को इंटा शहर के पास हुआ।

# सप्ताह में एक दिन अवश्य किया जाये स्कूलों का निरीक्षण: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, कायाकल्प, मिशन प्रेरणा फेस-2, निपुण भारत के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय का एक सप्ताह के अन्दर निरीक्षण कर शिक्षकों तथा छात्रों की उपस्थिति की जांच करें। अनुपस्थित पाये जाने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही करें। ईट-भट्टों, बस अड्डा, स्टेशन आदि सहित अन्य स्थनों पर जाकर बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित करते हुए उनका नामांकन कराये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधानों को मीटिंग के माध्यम से और गांव में डुग्गी और मुनादी करके नामांकन बढाएं। अध्यापगण एसएमसी और पीटीएम बैठक कर पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित करें। निपुण के लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रीत करें।

बैठक के दौरान उन्होंने मूकबधिर एवं दृष्टि बाधित बच्चों के लिए दिव्यांग जन कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा बचपन डे-केयर स्कूल संचालित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्रधान के माध्यम से ऐसे दिव्यांग बच्चों की चिन्हाकन किए जाने हेतु निर्देशित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर0बी0 सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूराम, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, डायट प्राचार्य, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इंसान ईश्वर से जुड़कर जीवन आनंदमय बनाता है: अशोक

**जौनपुर।** खेतासराय कस्बा के बारां मोड़ स्थित वैभव मैरेज हाल में गुरुवार को निरंकारी सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सत्संग में सन्त समूह को सम्बोधित करते हुए अशोक कुमार सचदेवा,जिनल इंचार्ज ने कहा कि ÷इंसान ईश्वर से जुड़कर जीवन को आनंदमय बनाते है। उन्होंने आगे सम्बोधित करते हुए कहा की ईश्वर की खोज की अपेक्षा ऐसे ब्रह्म ज्ञानी की खोज करें जो आपका नाता ईश्वर के साथ जोड़ दें। ब्रह्मज्ञानी सन्त ईश्वर से जुड़े हुए होते है। उन्होंने सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के ओआवन संदेशों का वर्णन करते हुए बताया कि सद्गुरु माता जी ने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि मानव जीवन ईश्वर से नाता जोड़े बिना अधूरा होता है। यह नाता सन्तों के संग से ही स्थापित किया जा सकता है। हमें घृणा, ईष्या, स्वार्थ, लोभ और इस प्रकार के अन्य नकारात्मक भावनाओं से निजात प्राप्त होती है और हमारे अन्दर प्रेम, नम्रता, करुणा, दया व परोपकार जैसी नेक भावना पनपने लगती है। कार्यक्रम में क्षेत्र व दूर-दराज से मुखी महात्मा, संयोजक, क्षेत्रीय संचालक व सेवा दल के भाई-बहन उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म की आस्था पर कुठाराघात है फिल्म महाराज

- तीर्थ पुरोहितों ने की रोक लगाने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'महाराज' के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का बृहस्पतिवार को यहां निर्णय लिया। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को यहां हुई एक बैठक में 'महाराज' फिल्म के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

तीर्थ पुरोहित प्रयागवाल समाज के संयोजक श्रवण कुमार शर्मा एवं महामंत्री चंद्रनाथ चकहा %मधु% ने कहा कि %महाराज% हमारे इष्ट भगवान, सनातन धर्म और धर्म गुरुओं एवं हिन्दू जनमानस के विरोध में बनी फिल्म है और इस फिल्म ने हिन्दुओं की आस्था पर कुठाराघात किया है। इसे हम किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में सभी ने एक स्वर से यह निर्णय लिया कि फिल्म महाराज की रिलीज पर यदि पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा, तो महासभा के बैनर तले समूचे भारत के तीर्थों में व्यापक विरोध प्रदर्शन को हम बाध्य होंगे।

उन्होंने बताया कि बैठक में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री चन्द्रनाथ ने कहा कि भारत की संस्कृति में सनातन धर्म की बड़ी भूमिका है और यहां सभी वर्ग एक दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। चन्द्रनाथ ने कहा कि संत महात्मा, धर्मगुरु और धार्मिक स्थल भारत की पहचान और आस्था का केन्द्र हैं।

बैठक में अखिल अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी ने कहा महासभा से जुड़े तीर्थों में आज से ही इस फिल्म के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो चुका है तथा विभिन्न प्रांतों के तीर्थ स्थलों पर महासभा के प्रतिनिधियों ने धरना-प्रदर्शन करके संबंधित अधिकारियों को अपना ज्ञापन भी सौंपा है। श्री शर्मा ने बताया कि इस विषय में महासभा के सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री को भी पत्र एवं ईमेल के माध्यम अपने विरोध की जानकारी दें। उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात का समय मांगा गया है।

## भाजपाइयों ने की आडवाणी के स्वस्थ होने की कामना

**प्रयागराज।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवानी के अस्वस्थ होने पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता आडवाणी के स्वस्थ होने की कामना की।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी को बुलंदियों तक ले जाने वाले हजारों कार्यकर्ताओं के प्रेरक पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत बिगड़ी हुई है। दिल्ली के एम्स में उनका इलाज चल रहा है और बहुत जल्द वे स्वस्थ होकर हम सबके बीच में आएंगे। स्वास्थ्य लाभ की कामना करने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा, देवेश सिंह वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल ,विजय वैश्य, राजू पाठक, सुशील जैन, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य , प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, नटवरलाल भारती, पवन मिश्रा, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, नीरज केसरवानी आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता रहे।

# पीयू परिसर के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 3-4 जुलाई को

अवधनामा संवाददाता

- प्रवेश पत्र 25 जून से हो रहा है डाउनलोड

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 तीन और चार जुलाई को होगी। पीयू कैट के समन्वयक प्रोफेसर मिथिलेश सिंह के अनुसार प्रवेश परीक्षा डी फार्मा, बीटेक, बीए एलएलबी, बीबीए, बीएससी, बीकाम ऑनर्स, बीसीए, एमसीए, एमबीए तथा एमबीए के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा 3 और 4 जुलाई को होगी। इन परीक्षाओं का एडमिट कार्ड 25 जून से डाउनलोड हो रहा है। प्रवेश परीक्षा तीन चरणों में होगी प्रथम चरण 9 से 11, दूसरा चरण 12 से 2, तीसरा चरण तीन से पांच बजे होगी। सभी परीक्षाएं परिसर के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान में होगी, जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा नहीं हो रही है उन पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश मेरिट के आधार पर 5 जुलाई से लिया जाएगा। अभ्यर्थी संबंधित विभाग से संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट vbspu.ac.in पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय परिसर में बीएससी, बीए, बीकाम, बीए एलएलबी आनर्स (फाइव इयर इनटीग्रेटेड कोर्स), बीए (जनसंचार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र), बीसीए, बीबीए, बीटेक, एमएससी, एमए, एमबीए, एमसीए, एमए जनसंचार, एमटेक, डिप्लोमा इन फार्मेसी, मेकनिकल इंजीनियरिंग, पीजी डिप्लोमा इन जेंडर वूमेन स्टडी, ट्रासलेशन के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

## ईओ व चैयरमेन ने जल जमाव को कराया साफ



**जौनपुर (कचगाव)।** नगर पंचायत कचगाव के वार्ड नंबर 2 में नए कार्यालय के पास जल जमाव की जानकारी होते ही चैयरमेन फिरोज अहमद खान व ईओ आस्था पाठक के निर्देश पर कार्यालय के कर्मचारी मशीन के साथ पहुंचकर जल जमाव को साफ करवा दिया गया। चेयरमैन फिरोज अहमद खान ने बताया कि बारिश के वजह से जलजमाव हों गया था जिसे साफ करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य ही है कि नगर पंचायत का प्रत्येक वार्ड साफ सुथरा हो कहीं भी किसी वार्ड की समस्या की जानकारी होती है तो उसको तत्काल प्राथमिकता देकर निस्तारण करवाया जाता है।

# विकसित भारत के लिए अभिशाप है नशा: वी.एस. चूड़ावत


अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** अंतराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर बुधवार को 99 यू0 पी0 बटालियन एन सी सी आजमगढ़ के तत्वावधान में विभिन्न कॉलेजों के कैडेटों ने अपने बैनर, तख्तियों और पोस्टरों के माध्यम से एक विशाल रैली निकालकर युवा पीढ़ी को नशा जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का सन्देश दिया। रैली बटालियन से निकलकर पहाड़पुर चौक से कलेक्ट्रेट चौराहे और कोतवाली से होकर वापस बटालियन पर समाप्त हुई जहाँ विचार संगोष्ठी में अमन चौबे,सूर्यांश आदि युवा कैडेटों के साथ सूबेदार मेजर रामस्वरूप चौहान और हवलदार इंस्ट्रक्टर विशाल ने नशे की लत से दूर रहकर राष्ट्र और समाज की सेवा संकल्प पर अपने विचार प्रकट किए। सूबेदार मेजर ने सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। अपने संदेश में कमान अधिकारी ले0 कर्नल वी0एस0 चूड़ावत ने कहा कि नशा एक वृहद सामाजिक बुराई है जो युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप बन चुकी है। यह व्यक्ति के सोचने समझने की क्षमता के साथ उसके स्वास्थ्य का नाश करती है, धीरे धीरे यह उस राष्ट्र और समाज के लिए ग्रहण बन जाती है,विकसित भारत के लिए यह अभिशाप बन चुकी है जिसका सर्वाधिक शिकार युवा पीढ़ी बन रही है।युवाओं को अपनी संकल्प शक्ति से इस अभिशाप से न केवल स्वयं को अपितु देश को भी मुक्त करना होगा तभी विकसित,युवा और समृद्ध भारत का स्वप्न साकार होगा।

# प्रतिभाशाली और ईमानदार नौकरशाह थे मुचकुंद दुबे: प्रो. सत्यकाम

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने भारत के प्रतिष्ठित पूर्व विदेश सचिव और जेएनयू के प्रतिष्ठित प्रोफेसर मुचकुंद दुबे के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि एक अत्यंत प्रतिभाशाली और ईमानदार नौकरशाह के रूप में उन्होंने भारत का कई जगह प्रतिनिधित्व किया। वह 1957 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। बांग्लादेश में उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया। कूटनीति से परे उनकी विद्वतापूर्ण गतिविधियां व्यापक थीं। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय, ऑक्सफ़ोर्ड और न्यूयॉर्क विश्व विद्यालयों से अर्थशास्त्र में डिग्री और कलकत्ता विश्वविद्यालय से डी.लिट की उपाधि प्राप्त की। भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद जेएनयू में उन्होंने आठ साल तक अध्यापन किया जो शिक्षा और अनुसंधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि प्रोफेसर दुबे का योगदान वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास सहयोग और दक्षिण एशियाई सहयोग तक फैला हुआ है। उन्होंने इन विषयों पर कई किताबें और पत्र लिखे, जिन्होंने नीति और शिक्षा जगत पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उनकी शोध रुचि में विश्व अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और मौद्रिक प्रणाली, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और निरस्त्रीकरण, विकास सहयोग, विशेष रूप से दक्षिण एशियाई सहयोग और भारत में सामाजिक और आर्थिक विकास से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। प्रोफेसर सत्यकाम ने उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुचकुंद दुबे के परिवार से उनका गहरा नाता था। उन्होंने इस क्षति को गहराई से महसूस किया। प्रोफेसर मुचकुंद दुबे का प्रयागराज से भी गहरा पारिवारिक नाता था। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

## आने वाले पीढ़ी को जीवन देने के लिए वृक्ष लगाए: राजेंद्र मिश्रा



**प्रयागराज।** भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ सह संयोजक राजा मेहरोत्रा जी के द्वारा एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत अतर सुईया दुर्गा पूजा पार्क मे वृछ लगाया गया। इस अवसर मुख्य अथिति महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने पौधारोपण किया और कहा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सभी को पेड़ो के महत्त्व को समझना चाहिए। हर लोग अपनी मां के नाम से एक वृक्ष जरूर लगाए जिससे कि आने वाली पीढ़ी को हम ऑक्सीजन दे सके और जीवन दे सके। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर बेल, कैथा, नीम, आंवाला, आम आदि का वृक्ष लगाया गया। कार्यक्रम मे महानगर की सह संयोजिका नेहा गुप्ता, चौक मंडल अध्यक्ष सुमित वैश्य, लता उपाध्याय अतुल खन्ना, राजेश केसरवानी, धीरज केसरवानी, अतुल खन्ना, ममता मिश्रा, सुधा गौड़, पार्षद नीरज टंडन आदि उपस्थित रहें।

## उच्च जीवन कौशल शैली से परिचित हुए शिक्षक

**प्रयागराज।** श्री महाप्रभु पब्लिक स्कूल में चल रही छह दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों ने लाइफ स्किल्स अथवा जीवन कौशल विषय पर सीबीएसई द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों को विस्तारपूर्वक समझा। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में मिर्जापुर स्थित विद्या शंकर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या शैल तिवारी एवं पुलिस मॉडर्न स्कूल प्रयागराज की प्रधानाचार्या मंगला मिश्रा उपस्थित रहीं। मेजबान विद्यालय श्री महाप्रभु पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. रविंदर पाल कौर बिरदी डीटीसी सीओई प्रयागराज, ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्या डॉ. बिरदी ने असिस्टेंट सीओई सीबीएसई प्रयागराज नग्नेश्वर शर्मा का स्वागत करते हुए उन्हें मोमेंटो प्रदान किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ कार्यशाला का प्रारंभ किया।

# उत्तर प्रदेश फाइनल में



अवधनामा संवाददाता

- सेमीफाइनल में हरियाणा को 1-0 से हराया
- पेफी अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**प्रयागराज।** फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया (पेफी) द्वारा मोहन बागान फुटबॉल मैदान, वर्धमान विश्विद्यालय, वर्धमान, पश्चिम बंगाल में खेली जा रही अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने सेमीफाइनल में हरियाणा को एक कड़े मुकाबले में 1-0 से हराकर फ़ाइनल में जगह बनायीं।

उत्तर प्रदेश टीम के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार मैच उत्तर प्रदेश टीम ने आज खेले गए प्रथम सेमीफाइनल मैच में एक कड़े मुकाबले में हरियाणा को 1-0 से हराकर पेफी 17 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फ़ाइनल में जगह बनाई। मैच का प्रथम हाफ गोलरहित रहा दोनों टीम के मिडफील्डर एवं फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने गोल मारने के कई अच्छे मौके गवाए। दूसरे हाफ में उत्तर प्रदेश ने कई अच्छे मूव बनाये और विपक्षी टीम के ऊपर आक्रमण किया। खेल के 78 वे मिनट पर उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी शिवम सरोज के कार्नर पर फॉरवर्ड खिलाड़ी प्रियांशु वर्मा ने बेहतरीन हेडर से गोल करके उत्तर प्रदेश को एक गोल से आगे कर दिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश को दो और मौके फॉरवर्ड खिलाड़ी वेदांत त्रिपाठी के रूप में मिले मिले परन्तु विपक्षी टीम के गोलकीपर ने अच्छे बचाव किये। अंत में उत्तर प्रदेश ने सेमीफाइनल मैच जीतकर फ़ाइनल में जगह बनायीं। उत्तर प्रदेश के प्रशांत, सत्यम, अश्वनी, शिवम ने आज सराहनीये खेल का प्रदर्शन किया। आज के मैच मे प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार हरियाणा के गोलकीपर को मैच में कई बेह्तरीन बचाव के लिए मिला। फ़ाइनल मैच 28 जून को उत्तर प्रदेश एवं मेजबान पश्चिम बंगाल के बीच मोहन बागान फुटबॉल मैदान, वर्धमान विश्विद्यालय, वर्धमान में खेला जायेगा। उत्तर प्रदेश टीम में शिवम यादव, प्रशांत पाल, अश्विनी तोमर, तेजस्व तोमर, रूद्र प्रताप सिंह, वैभव मनीषी (सभी मेरठ)आलोक कुमार प्रजापति, प्रियाआंसू वर्मा (दोनों लखनऊ), राहुल चांदना, शिवम सरोज, वेदान्त त्रिपाठी, मयंक मौर्य, श्रेष्ठ मौर्य( सभी प्रयागराज ), सत्यम (अम्बेडकर नगर), अंकुश सिंह (आगरा), सिद्दार्थ सिंह (बस्ती), श्रेयांस चौकसे (वाराणसी) शामिल है।

# नगर विकास मंत्री का प्रदेश में 72 घंटे विशेष सफाई अभियान

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बूढ़नपुर नगर पंचायत नगर पंचायत अध्यक्ष मंशाराम के नेतृत्व में एवं राजस्व टीम द्वारा 70 वर्षो से नाले पर अवैध रूप से कब्जा था जिसे आज कब्जा मुक्त कराया गया।

नगर पंचायत के लोगों ने बताया कि जल निकासी की समस्या इतनी गंभीर थी कि लोगों के घरों में दूषित पानी एकत्रित हो रहा है। इस समस्या को नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्राथमिकता के तौर पर लिया गया उन्होंने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की। उपजिलाधिकारी के आदेश से राजस्व विभाग का गठित कर नायब तहसीलदार एवं राजस्व टीम द्वारा पुलिस फोर्स की मदद से नाले को कब्जा मुक्त कराया गया नगर पंचायत के लोगों ने बताया कि 70 वर्षो से इस नाले पर इसी बाजार की एक दबंग व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था जिसे आज कब्जा मुक्त कराया गया। इतना ही नहीं इस नाले की से नगर पंचायत ही नहीं लगभग आधा दर्जन से अधिक गांव की जल निकासी होती है। जब से नाले पर अतिक्रमण था तब से जल निकासी की बड़ी समस्या थी बारिश के समय में लोगों के घरों और खेतों में काफी पानी एकत्रित हो जाता था। जिससे फ़सल नष्ट हो जाती थी और दूषित पानी के चलते लोग बीमार पड़ रहे थे नगर पंचायत प्रतिनिधि गुडलक सिंह ने बताया कि 70 वर्ष बाद नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बड़ी ही सुनहरी पलह की गई। जिससे पूरा क्षेत्र खुशहाल है लोगों की समस्या का निस्तारण भी हो चुका है। अब जल निकासी की समस्या से लोगों को जूझना नहीं पड़ेगा नगर पंचायत द्वारा जेसीबी लगा करके नल को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया नगर पंचायत अध्यक्ष मंसाराम ने बताया कि हम सभी राजस्व कर्मियों एवं पुलिस बल का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने पैमाइश करके नाले को कब्जा मुक्त करवाया। पूर्व प्रधान अमित सिंह नायब तहसीलदार राजस्व कर्मी नीरज तिवारी कुंनर राम मौसम राजभर मनोज सिंह अविनाश पाठक संजय शर्मा डॉक्टर केदार यादव रूद्र शर्मा रामाश्रय यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नबादिया दहला वि.खं. ललौरी खेड़ा, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यो के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 01.07.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 02.07.2024 सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

मान कुमारी
ग्राम प्रधान

अखिलेश कुमार गुप्ता
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत खलीलपुर, विकास खण्ड सोंधी शाहगंज, जनपद-जौनपुर

पत्रांक- मेमो/ 2024-25 | दिनांकः 25.06.2024

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/राष्ट्रीय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/ग्राम गौ संरक्षण समिति/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज मे, मरम्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन तिथि से 5 दिवस के अन्दर इच्छुक आपूर्तिकर्ता सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं., परियोजना का नाम/सामग्री,** मात्रा, दर 1. ईट 150एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू, प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम. प्रति घन मीटर, 5. सरिया विभिन्न साइज प्रति कुन्टल, 6. करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित प्रति नग, 7. पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट प्रति हजार 8. सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/हाइमाक्स सोलर लाइट प्रति नग 9. शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री 10. ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम., 350 एम.एम., 600 एम.एम., 800एम.एम. NP3 प्रति मी0, 11. ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार 12. गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य प्रति घन मी0 13. सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामाग्री प्रिकास्ट कंकरीट ब्रेच प्रति न 14. कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच प्रति नग 15. जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर प्रति नग 16. मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास प्रति घन मी0 17. चूना, पेन्ट इत्यादि प्रति नग 18. वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि प्रति वर्ग मी0 19. विडियों कैमरा दिशा सूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम प्रति नग 20. गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री 21. हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी, 22. कायाकल्प के अंतर्गत डेस्क/बेंच क्रय। 23. रेट्रोफिडिंग हेतु सामग्री, आरसीसी सेन्टर हेतु सामग्री, 24. सीएससी केन्द्र का निर्माण से संबंधित, कम्प्यूटर सिस्टम एवं इन्वर्टर, 25. सामुदायिक शौचालय/पंचायत भवन के पास दुकान निर्माण से संबंधित सामग्री, 26. इन्सुलेटर 27. ई-रिक्शा, हाथ रिक्शा ठेलिया।

श्रीमती शैला सिंह
ग्राम प्रधानः खलीलपुर
वि.खं. सोंधी, शाहगंज, जौनपुर

मोहम्मद शाहिद
ग्रा.पं./ग्रा.वि. अधिकारी, खलीलपुर
वि.खं. सोंधी, शाहगंज, जौनपुर

# टाटा मोटर्स ने नेक्सन और पंच के साथ एसयूवी बाजार का नेतृत्व किया

**मुंबई।** भारत की दिग्गज ऑटोमोटिव कंपनियों में से एक, टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 2024 का समापन शानदार तरीके से किया है। इस साल इसके दो प्रोडक्ट पंच और नेक्सन देश में सबसे ज़्यादा बिकने वाले एसयूवी बनकर उभरे है। टाटा नेक्सन ने इस सेगमेंट में भारी प्रतिस्पर्धा के बावजूद लगातार तीन साल तक अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि पंच दूसरे स्थान पर रही है। टाटा नेक्सन ने हाल ही में अपने 7वें साल में 7 लाख गाड़ियों की बिक्री की शानदार उपलब्धि भी हासिल की, जिससे यह भारत की सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली एसयूवी बन गई है।

कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट की लोकप्रियता में पिछले कुछ सालों में जोरदार वृद्धि देखने को मिली है। जिससे यह सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा वाला सेगमेंट बन गया है और टाटा मोटर्स इस सेगमेंट की लीडर बनने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नेक्सन और पंच के लिए किए गए ढेरों नवाचारों में कंपनी के लगातार निवेश से स्पष्ट होता है।

**नेक्सन के विषय में**

2017 में लॉन्च होने के बाद से ही नेक्सन ऐसे ग्राहकों को पसंद आई है जो कुछ खास और कुछ अलग चाहते हैं, साथ ही बेहतरीन प्रदर्शन और आराम की तलाश में रहते हैं। नेक्सन के भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किये डिज़ाइन, बेहतरीन सेफ्टी फीचर्स और निरंतर विकास ने इसे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प बना दिया है। इसे उपभोक्ताओं के बीच विश्वसनीयता के लिए प्रतिष्ठा मिली है। नेक्सन 2018 में भारत की पहली GNCAP 5 स्टार रेटेड कार बनी थी, जिसने सभी भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनियों के लिए मानक स्थापित किया। तब से इसकी यह विरासत जारी है। फरवरी 2024 में, नेक्सन की न्यू जनरेशन को एडवांस्ड 2022 प्रोटोकॉल के मुताबिक GNCAP 5 स्टार रेटिंग मिली, जिसके तुरंत बाद इसी महीने NeXon.ev ने भारत-NCAP से प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्राप्त की।

नेक्सॉन को 41 प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। इस समय भारतीय सड़कों पर 7 लाख नेक्सन दौड़ रही हैं। इस वाहन के शानदार परफॉर्मेंस की वजह से इसकी जोरदार बिक्री देखने को मिली है। पिछले दो सालों (2022 और 2023) में नेक्सन की 3 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिकी हैं। कई पावरट्रेन - पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक में उपलब्ध, ब्रांड नेक्सन समय के साथ मजबूत हुआ है और अपनी कैटेगरी के अग्रणी डिजाइन, सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ फीचर्स और तकनीक के दम पर इसने अपना एक बड़ा प्रशंसक वर्ग बनाया है।

**पंच के विषय में**

दूसरी ओर टाटा पंच ने एसयूवी के फीचर्स को लोकप्रिय बनाया है। इसकी बेजोड़ डिज़ाइन, आराम और मजबूत कार्यक्षमता मौजूदा और पहली बार वाहन खरीदने वाले दोनों तरह के ग्राहकों को आकर्षित करती है। एसयूवी स्टांस, शानदार इंटीरियर और अपने सेगमेंट की सर्वोच्च सिक्योरिटी रेटिंग (GNCAP 5 स्टार रेटेड) के साथ पंच वास्तव में एक शानदार पैकेज है।

इसके अलावा, Punch.ev को हाल ही में 5-स्टार BNCAP रेटिंग मिली है, जो इसे भारत की सबसे सुरक्षित कार बनाती है। कुल मिलाकर, पंच ने वित्त वर्ष 2024 में 170,076 गाड़ियों की मजबूत बिक्री के साथ सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में नई बढ़त हासिल की है और बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की है। मार्च 2024 तक पंच इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बन गई है।

# प्लास्टिक रीसाइक्लिंग उद्योग 2033 तक 6.9 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल, पर्यावरण पर इसके असर और समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदमों को ध्यान में रखते हुए, ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफ़ैक्चरर्स असोसिएशन और केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफ़ैक्चरर्स असोसिएशन एक कॉन्क्लेव का आयोजन करने जा रहे हैं। ग्लोबल कॉन्क्लेव ऑन प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनबिलिटी का आयोजन 4 से 7 जुलाई, 2024 को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में होगा, जिसमें देशभर से कई कारोबारी और विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। यहां एक प्रदर्शनी के ज़रिए पर्यावरण सुरक्षा और प्लास्टिक रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी, स्थायी समाधानों और कचरा प्रबंधन के नवीन तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।



रसायन और पेट्रोरसायन विभाग सहित कई मंत्रालय - रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, वाणिज्य विभाग-वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, स्वच्छ भारत अभियान और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने भारत के सतत विकास एजेंडे में इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए तष्टक्क के लिए अपना समर्थन देने का वादा किया है।

AIPMA के गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन श्री अरविंद मेहता, GCPRS 2024 के चेयरमैन श्री हितेन भेडा और‚ ढ्ढक्क के अध्यक्ष, श्री मनीष देधिया ने कहा कि आम जीवन में प्लास्टिक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। जैसे-जैसे प्लास्टिक उद्योग का विस्तार हो रहा है, पर्यावरण सुरक्षा के लिए चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से भूमि, हवा, पानी हर जगह प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। GCPRS का मकसद इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए अत्याधुनिक रीसाइकलिंग टेक्नोलॉजी, बायोडिग्रेडेबल व कम्पोस्टेबल समाधान उपलब्ध कराने के साथ-साथ, प्लास्टिक कचरा के निस्तारण की पर्यावरण अनुकूल रणनीतियों को उजागर करना है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने इस कार्यक्रम का समर्थन किया।

भारत का प्लास्टिक रीसाइक्लिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसके 2033 तक 6.9 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## जियो ने मोबाइल सेवाओं का टैरिफ बढ़ाया, तीन जुलाई से लागू होंगी नई दरें

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी दूरसंचार प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी अपने मोबाइल सेवाओं की दरों में 12 से 27 फीसदी की वृद्धि करेगी, नई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी। इन्हें सभी मौजूदा टचपॉइंट और चैनल से चुना जा सकता है।

जियो ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी ने लगभग सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं। कंपनी के मुताबिक सबसे कम रिचार्ज की कीमत बढ़ाकर 19 रुपये की गई है। यह एक जीबी डाटा 'ऐड-ऑन-पैक' पैक है, जिसकी कीमत 15 रुपये से लगभग 27 फीसदी अधिक है। जियो लगभग ढाई साल के अंतराल के बाद मोबाइल सेवा दरों में पहली बार बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

# टेक महिन्द्रा ग्लोबल चेस लीग का दूसरा संस्करण लंदन में आयोजित होगा

इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (एफआईडीई) और सभी उद्योगों के उपक्रमों को टेक्नोलॉजी परामर्श एवं डिजिटल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली विश्व की अग्रणी कंपनी टेक




महिन्द्रा की संयुक्त पहल दि ग्लोबल चेस लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा संस्करण लंदन में आयोजित होने जा रहा है। प्रथम संस्करण की सफलता के बाद इस लीग का लक्ष्य सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक लंदन में शतरंज के विश्व के दिग्गज खिलाड़ियों को एकजुट करना है।

अपनी तरह की अनूठी यह 10 दिवसीय शतरंज लीग 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर, 2024 तक मध्य लंदन में स्थित फ्रेंड्स हाउस में होगी जिसमें दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। दुनियाभर में प्रशंसकों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर यूरोपीय क्षेत्र में शतरंज के तेज़ी से बढ़ते प्रशंसकों को जोड़ने के लिए आयोजन स्थल के रूप में लंदन का चयन किया गया। एफआईडीई अध्यक्ष अर्केडी वोर्कोविच ने कहा, उद्घाटन सत्र को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद हम दुनियाभर में शतरंज की पहुंच बढ़ाने और इस खेल के प्रशंसकों के लिए नए अनुभव प्रदान करने के हमारे मिशन को जारी रखते हुए बहुत उत्साहित हैं। इस आधुनिक शतरंज पारितंत्र में एक नये युग की शुरुआत करने की टेक महिन्द्रा की प्रतिबद्धता सराहनीय है और हमें भरोसा है कि इस लीग का दूसरा संस्करण उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा और इस खेल को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए आवश्यक बल प्रदान करेगा।

इस अनूठी लीग के जरिए एफआईडीई और टेक महिन्द्रा का लक्ष्य एक नए प्रारूप और पारितंत्र के माध्यम से शतरंज के प्रशंसकों के अनुभव में क्रांति लाते हुए उन्हें अपनी टीमों और खिलाड़ियों का सपोर्ट करने के लिए प्रमुख वैश्विक स्पोर्ट्स लीग्स की तरह एक समावेशी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है। इस दूसरे संस्करण में दुनियाभर से विश्व चैंपियनों और उदीयमान सितारों समेत दिग्गज खिलाड़ी शामिल होंगे जो एक अनूठे टीम प्रारूप में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

टेक महिन्द्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक मोहित जोशी ने कहा, शतरंज और कारोबार प्रमुख मूल्यों जैसे नियोजन, गति, रणनीति और जोखिम प्रबंधन आदि को साझा करते हैं। टेक्नोलॉजी के समावेश से उत्साहजनक नए अवसर पैदा होते हैं जिससे दोनों ही क्षेत्रों में परिवर्तन आता है। इस ग्लोबल चेस लीग का दूसरा संस्करण, शतरंज की वैश्विक वृद्धि के लिए एक अनूठे प्लेटफॉर्म का निर्माण करता है।

अपने प्रथम संस्करण की सफलता के आधार पर इस लीग का लक्ष्य सजीव प्रसारण, प्रशंसकों के संवादात्मक अनुभवों और जल्द ही लांच होने जा रहे ग्लोबल चेस लीग ट्रॉफी टूर जैसी गतिविधियों के जरिए दर्शकों का आधार व्यापक करना है। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ी एक अनूठे संयुक्त टीम प्रारूप में मुकाबला करेंगे। इस संयुक्त टीम प्रारूप में छह खिलाड़ी होंगे जिनमें शीर्ष दो महिला खिलाड़ी और प्रति टीम एक विलक्षण खिलाड़ी शामिल होगा। प्रत्येक टीम एक डबल राउंड रॉबिन फार्मेट में कुल 10 मैच खेलेगी जिसमें प्रत्येक मैच के विजेता का निर्णय बेस्ट ऑफ सिक्स बोर्ड स्कोरिंग सिस्टम में किया जाएगा।

ग्लोबल चेस लीग बोर्ड के चेयरपर्सन पीयूष दूबे ने कहा, ÷हम दुनियाभर में शतरंज के प्रशंसकों के लिए इस ग्लोबल चेस लीग के अनूठे प्रारूप और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाना जारी रखेंगे। इस दूसरे संस्करण को हमारे साझीदारों और भागीदारों से अप्रत्याशित उत्साह मिल रहा है। एफआईडीई के साथ मिलकर इस लीग के लिए हमारा विज़न शतरंज की दुनिया से सर्वोत्तम को सामने लाना है।

इस दूसरे संस्करण के तहत एफआईडीई और टेक महिन्द्रा ने शतरंज के बढ़ते प्रशंसकों को साथ लाने, शतरंज खेल के लिए एक बड़ा दर्शक आधार तैयार करने और ऑल इनक्लूसिव हैकाथन जैसी गतिविधियों में प्रशंसकों को शामिल करने के लिए गठबंधन किया है।

# ट्रूकॉलर ने धोखाधड़ी का बीमा आरंभ करने के लिए एच.डी.एफ.सी. एर्गो के साथ की साझेदारी




**लखनऊ।** विश्व के विश्वस्तरीय संचार के एक प्रमुख प्लैटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने भारत की एक प्रमुख जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एच.डी.एफ.सी. एर्गो के साथ मिलकर धोखाधड़ी का बीमा आरंभ करने की गर्व से घोषणा की है, जो कि भारत में डिजिटल संचार से संबंधित धोखाधड़ी के विरुद्ध उपभोक्ताओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की जाने वाली एक पहल है। भारतीय साइबर अपराध समन्वयन केंद्र की एक हाल की रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले तीन वर्षों में डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी का मूल्य रु. 1.25 लाख करोड़ था। साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते हुए मामलों के साथ, यह बीमा की यह अभिनवकारी प्रस्तुति धोखाधड़ी से निपटने और ऐप की अत्याधुनिक सुविधाओं के द्वारा मोबाइल से वाद-व्यवहार करने से पहले, उसके दौरान और उसके बाद में उपभोक्ता की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ट्रूकॉलर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

धोखाधड़ी का बीमा प्रदान करने वाला यह उत्पाद पूरे भारत में एंड्राइड और आई.ओ.एस. का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को रु. 10,000 तक की सुरक्षा प्रदान करेगा। यह उत्पाद ट्रूकॉलर के वार्षिक प्रीमियम सब्सक्राइबरों के लिए उपलब्ध है और मौजूदा ग्राहक अपने मौजूदा प्लान के अधीन निःशुल्क सुरक्षा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सभी उपभोक्ताओं के लिए एक सहज और परेशानी-रहित अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, धोखाधड़ी की सुरक्षा को ट्रूकॉलर ऐप में सहजता से समायोजित किया गया है, और उपभोक्ता द्वारा बीमा का विकल्प चुने जाने के बाद इसे सक्रिय कर दिया जाता है। बीमा के इस प्लान के लिए किसी भी प्रकार के अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा कराने की आवश्यकता नहीं होती है और इसे ट्रूकॉलर ऐप के द्वारा ही तुरंत खरीदा जा सकता है। यह नई प्रस्तुति ए.आई. स्पैम ब्लॉकिंग, ए.आई. असिस्टेंट और कॉल स्कैनर और धोखाधड़ी के बीमा की मदद से कॉल का उत्तर देने के समय से लेकर बात-चीत के दौरान और उसके बाद में हर प्रकार की सुरक्षा प्रदान करके उपभोक्ता के अनुभव को और भी बेहतर बनायेगी।

# एक्वॉइट प्लेसः डे वन' में लीड भूमिका निभाने के बारे में बता रहीं हैं लुपिता न्योन्गो

**नई दिल्ली।** इससे पहले मैंने कभी इस तरह का किरदार नहीं निभाया था, 'ए क्वॉइट प्लेस' में अपने किरदार की तैयारियों के बारे में लुपिता न्योन्गो ने कही यह बात लुपिता न्योन्गो को अपनी दमदार और अलग तरह की भूमिकाएं निभाने के लिए जाना जाता है। ये ऑस्कर विजेता अभिनेत्री 'ए क्वॉइट प्लेस~ डे वन' में लीड भूमिका में नजर आएंगी। 'ए क?वॉइट प्लेस' की अगली किस्त में नजर आने वाली ये अभिनेत्री फिल्म के गंभीर माहौल में असुरक्षा और जज्बे का एक अनोखा मेल लेकर आने वाली हैं। न्योन्गो की लगन ने प्रशंसकों और समीक्षकों के बीच काफी हलचल बढ़ा दी है। उनका ऐसा अनुमान है कि अपने कमाल के टैलेंट के साथ वे इस मशहूर फ्रेंचाइजी में ताजी हवा का झोंका लेकर आने वाली हैं। उन्होंने इस फिल्म में काम करने, अपनी तैयारियों के बारे में खुलकर बात की। साथ ही फिल्मकारों के साथ काम करने का अपना अनुभव भी बताया। न्योन्गो कहती हैं, समायरा का किरदार निभाना वाकई बहुत बड़ा मौका था। जब उसे वह प्राणी दिखता है वो वहीं बेहोश होकर गिर पड़ती है और जब उसे होश



आता है उसके सामने एक बिलकुल ही नई दुनिया होती है। उस दुनिया में उसे बात करने तक की इजाजत नहीं थी और उसे मालूम ही नहीं था कि आखिर हुआ क्या। आखिर ऐसी कितनी चर्चित फिल्में रही हैं, जिसमें दर्शकों को बैठकर सिर्फ चुप्पी देखने को कहा गया हो? इसके अंत में काफी कुछ कहा गया है। मुझे ऐसा लगता है माइकल को जो बात सबसे खास बनाती है कि वे हर चीज के लिए तैयार रहते हैं और काफी जेंटल हैं। उनकी सबसे खास बात है कि वे काफी विनम्रता के साथ काम करवाते हैं। उनको पता है कि कोई भी परफॉर्मेंस कई सारी परतों से बनती है और वे हर मौके पर ही एक्टर को खुलकर उस किरदार को अपनाने की छूट देते हैं। इस फिल्म में दिखाया गया है कि लुपिता का समायरा का किरदार थोड़ा कमजोर है। ऐसे में पहले से ही दुबली-पतली और फिट, न्योन्गो इस किरदार के लिए अपना वजन कम करने का फैसला करती हैं। वे कहती हैं, ÷इससे पहले मैंने कभी इस तरह का काम नहीं किया था। मैं इसे करना चाहती थी, क्योंकि जब आप पहले ही भूखे और अंडरवेट हैं तो आप पहले से ही काफी कमजोर होते हैं। आप हर कदम ही फूंक-फूंक कर रखते हैं। जब मैं उस दिन शूटिंग कर रही थी तो कई सीन में मेरी थकान साफ मेरे चेहरे पर नजर आ रही थी।'' न्योन्गो खुद इस बात को लेकर काफी उत्साहित हैं, जब इस फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों का सामना एक अलग तरह की पृष्ठभूमि में लोगों के बिलकुल ही नए ग्रुप के साथ होगा। वे कहती हैं, ÷वे न्यूयॉर्क को मिलने वाले प्यार से रोमांचित होने वाले हैं। ये शहर पूरी दुनिया के लिए बेहद मायने रखता है। एक बेहद ही खूबसूरत गीतात्मक किस्म का थ्रिलर है, जिसमें ऐसे किरदार हैं जोकि आपके नायकों वाले सांचे में फिट नहीं बैठते।'' 'ए क्वॉइट प्लेस~ डे वन' के साथ एक स्स्स्चुप्पी वाली दुनिया का अनुभव करें। माइकल सरनोस्की द्वारा निर्देशित फिल्म की इस किस्त में पिछली दो फिल्मों के पहले वाली घटनाओं को दिखाया गया है। सैम नाम की एक महिला को न्यूयॉर्क शहर में अल्ट्रासॉनिक आवाज सुनकर घुस आए एक हत्यारे प्राणी से बचना होता है। 'ए क्वॉइट प्लेस~डे वन' देखने का मौका हाथ से जाने ना दें, 28 जून से आ रही है सिनेमाघरों में

## क्रिकेट सितारों के हेयरडूज़ : सेट वेट से कैसे संवारे अपने बाल, बता रहे हैं आलिम हाकिम

क्रिकेट और बॉलीवुड दो ऐसे शक्तिशाली स्तंभ हैं जिन्होंने भारतीयों को काफी प्रभावित किया है और लोगों के बीच कई ट्रेंड बनाए हैं। भारत में क्रिकेट खिलाड़ी ना सिर्फ खेल की दुनिया के हीरो हैं; बल्कि मैदान के बाहर भी ट्रेंडसेटर हैं। भारतीय दर्शक अपने चहेते क्रिकेट खिलाड़ियों के लेटेस्ट कपड़ों और हेयरस्टाइल्स से बड़ी जल्दी प्रेरित हो जाते हैं। आइए जानते हैं कई मशहूर क्रिकेटर्स और एक्टर्स के सेलेब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हाकिम से कुछ आसान और स्टाइलिश हेयरस्टाइल्स के बारे में-

**विराट कोहली का फेडेड फॉक्स हेयरस्टाइल** अपनी अलग तरह की हेयरस्टाइल के लिए मशहूर, विराट कोहली भारतीय युवाओं के बीच सबसे बड़े ट्रेंडसेटर हैं। उनकी ही तरह परफेक्ट फॉक्स हॉक हेयरस्टाइल पाने के लिए आप क्ले वैक्स की मदद ले सकते हैं, जिससे आपको मिलेगा एक शानदार मैट लुक। थोड़ी सी वैक्स लें और दोनों हथेलियों के बीच रगड़ें जब तक यह कलरलेस न हो जाए। इसे अपने बालों में समान रूप से लगाएं और अपनी मनचाही स्टाइल बनाएं।

**केएल राहुल के साइड क्रिफ**

क्रिफ हेयरस्टाइल किसी भी मौके पर फबता है। इस लुक के लिए थोड़ी मात्रा में हेयर जैल लें और उसे अपनी हथेलियों के बीच मलें। अब इस जैल को बालों के पिछले हिस्से से आगे तक लगाएं, फिर धीरे-धीरे अपनी उंगलियों से क्रिफ को ऊपर की दिशा में मोड़ते जाएं। ज्यादा मुलायम, बेहतर फिनिश के लिए प्राकृतिक तत्वों से बने जैल का चुनाव करें।

**एमएस धोनी का विंटेज लुक**

अपने चिरपरिचित लंबे बालों के लिए मशहूर, कैप्टन कूल ने एक बार फिर अपने नए विंटेज स्टाइल से ट्रेंड सेट किया है। जिन लोगों के बाल थोड़े भी लंबे हैं, उन्हें अपने बालों को सेट करने के लिए जैल का इस्तेमाल करना चाहिए, इससे बालों की चमक बढ़ती है और वो लंबे समय तक सेट बने रहते हैं। हेयर जैल कई रूपों में आते हैं, कई जैल बालों को हल्के से पकड़े रहते हैं तो कोई जैल बालों को एकदम टाइट होल्ड करते हैं।

## टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज लॉंच




**लखनऊ।** टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज में वाराणसी को विश्व के तीन शहरों में चुना गया।

27.06.24 को, कैंटोनमेंट स्थित होटल में टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सस्टेनेबल सिटी चैलेंज का लॉन्च इवेंट किया गया। टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन द्वारा सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज के हिस्से के रूप में 9 मिलियन डॉलर की फंडिंग की जाएगी। वाराणसी में औसतन 7 करोड़ से अधिक पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। शहर को सुरक्षित बनाने के लिए डेटा ऑपरेटेड समाधान हेतु इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स को आमंत्रित किया जाएगा, जिससे काशी आना और भी सुगम हो सके।

सस्टेनेबल सिटी चैलेंज के माध्यम से वाराणसी दुनिया भर के इनोवेटर्स को आमंत्रित कर रहा है जो भीड़ प्रबंधन समाधान विकसित करेंगे, जिससे आगंतुकों का समायोजन आसान होगा और शहर के निवासियों और पर्यटकों के लिए शहर को अधिक सुरक्षित और सुलभ बनाया जा सकेगा।

महापौर अशोक तिवारी ने बताया कि धर्म एवं अध्यात्म की नगरी काशी में श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों की सुविधा हेतु टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन द्वारा सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज में काशी का चयन हम सभी केलिए हर्ष का विषय है।

वाराणसी नगर निगम एवं वाराणसी स्मार्ट सिटी के साथ नवीन आयाम प्राप्त करेंगे।

नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कहा, हम सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज में शामिल होने के लिए गर्वित हैं। हमारा प्रयास है कि काशी को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। हम दुनिया भर के उभरते इनोवेटर्स के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उम्मीद करते हैं कि यह चुनौती हमें ऐसी प्रौद्योगिकियों और समाधानों को पहचानने में मदद करेगी जो वाराणसी के नागरिकों, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को लाभान्वित करेंगी। दुनिया के सबसे पुराने जीवित शहरों में से एक काशी के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जो सहभागी और समग्र विकास में नवाचार के अग्रणी स्थान पर है।

प्रस गणेश, कार्यक्रम निदेशक, टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के कार्यकारी, ने कहा, ÷हम गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हम विश्व के सबसे पवित्र और ऐतिहासिक शहरों में से एक में सिटी चैलेंज पर काम करेंगे, जिसमें दुनिया भर के इनोवेटर्स शहर में गतिशीलता समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। हम नवाचार, साझेदारी, और स्थायी विरासत के तीन सिद्धांतों के अंतर्गत काम करते हैं, और हमें विश्वास है कि यह प्रोजेक्ट मानव केंद्रित भीड़ प्रबंधन समाधानों को विकसित करने की क्षमता रखता है जिन्हें समान समस्याओं का सामनाकरने वाले अन्य शहरों में भी लागू किया जा सकता है।÷

कैथी नॉथस्टाइन, निदेशक, चैलेंज वर्क्स शहरों और समाज, ने कहा, ÷धार्मिक पर्यटन के एक महत्वपूर्ण स्थल के रूप में, सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज एक वैश्विक आमंत्रण है जो अभिनव समाधानों के लिए है, और इसका मतलब है कि दुनिया भर के लोग इसमें भाग ले सकते हैं जिससे शहर को और बेहतर बनाया जा सके।÷

उक्त कार्यक्रम में उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण पुलकित गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नगपाल समेत वाराणसी नगर निगम, वाराणसी स्मार्ट सिटी, वर्ल्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, चैलेंज वर्क्स के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किया नुवा डायमंड कलेक्शन

**लखनऊ।** विश्व के छठे सबसे बड़े आभूषण विक्रेता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने संयुक्त अरब



अमीरात में आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में अपने हीरे के लेटेस्ट आभूषण संग्रह ज्वेलरी कलेक्शन'नुवा अनावरण किया। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर खान ने कलेक्शन का अनावरण किया। अपनी सदाबहार टाइमलेस खूबसूरती के लिए मशहूर करीना नुवा कलेक्शन के सार एसेंस को पूरी तरह से मूर्त रूप दे रही हैं। इस प्रकार वह इस लॉन्च के लिए बिल्कुल उपयुक्त ऐम्बैसडर साबित हो रही हैं। यह कलेक्शन भारत के सभी स्टोर पर उपलब्ध है। नुवा कलेक्शन प्रकृति नेचर की जटिलडिजाइनों, तरंगों, रूपों, तहों और बनावटों को दिखातीहै, जिन्हें हीरे के गहनों में बहुत खूबसूरती से पिरोया गया है। प्राकृतिक संसार नेचुरल वर्ल्ड में पाई जाने वाली खूबसूरती और लचीलता से प्रेरणा लेते हुए इस कलेक्शन के हर पीस को काफी सुंदर तरीके से तैयार किया गया है, समय के साथ रिफाइन किया गया है, और कला के एक सुंदर शिल्प के रूप में उकेरा गया है, मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, ÷हमें नुवा कलेक्शन लॉन्च करते हुए काफी अधिक गर्व महसूस हो रहा है जो नेचर और महिलाओं की अदम्य ताकत दोनों को सेलिब्रेट करता है। इस कलेक्शन में शामिल हर पीस को काफी सावधानी और सटीक तरीके से तैयार किया गया है जो प्रकृति की खूबसूरती और महिलाओं के रेजिलिएंस को दिखाता है। हमारे लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि करीना कपूर खान ने इस कलेक्शन को लॉन्च किया है क्योंकि वह नुवा के सौंदर्य और धाक का बखूबी प्रतिनिधित्व करती हैं।

# समस्त उत्तर भारत में दवा इंडिया का दमदार विस्तार लखनऊ में हुआ नए स्टोर का भव्य उद्घाटन

**लखनऊ।** भारत की सबसे बड़ी निजी जेनेरिकफार्मेसीरिटेल चेन और जोटाहेल्थकेयर लिमिटेड के ब्रांड, दवा इंडिया ने लखनऊ में अपने नवीनतम स्टोर के भव्य उद्घाटन की सहर्ष घोषणा की है। नया स्टोरएम-11, दूसरी मंजिल, गोल मार्केट, चंद्र शेखर आज़ाद पार्क के सामने, महानगर, लखनऊ, यूपी - 226006 में स्थित है।

इस नए आउटलेट के उद्घाटन के साथ ही दवा इंडिया ने उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति को काफ़ी मज़बूत कर लिया है। अब इस क्षेत्र में दवा इंडिया के 390 स्टोर हैं। विशेष बात तो यह है कि इनमें से 248स्टोर उत्तर प्रदेश में स्थित हैं, और इनमें से भी 29 अकेले लखनऊ में।

इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए जोटाहेल्थकेयर लिमिटेड के ग्रुप सीईओ डॉ. सुजीतपॉल ने कहा, ÷पूरे उत्तर भारत में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं का जिस गरमजोषी के साथ स्वागत किया गया है और



जिस तरह से इसकी मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है, उसने हमें लखनऊ शहर के आसपास बड़े पैमाने पर अपना विस्तार करने का सुनहरा अवसर दिया है। दवा इंडिया इस बढ़ती मांग को पूरा करने और सभी के लिए किफायती स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।÷

उन्होंने आगे कहा, ÷हमारी इच्छा है कि जेनेरिक दवाओं की एक स्ट्रिप हर भारतीय की जेब में हो। दवा इंडिया आम जनमानस को बेहद सस्ती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएँ उपलब्ध करा रही है, जिससे वे कम एमआरपी के माध्यम से अपने दवा बिलों पर आने वाली लागत में महत्वपूर्ण बचत कर रहे हैं। देश की सबसे बड़ी जेनेरिकफ़ार्मेसीरिटेल चेन के रूप में, हम 60 से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं, जिनमें शामिल हैं ब्लड शुगर जाँच, रक्तचाप निगरानी, कोलेस्ट्रॉल परीक्षण और आँखों की जाँच। हम समुदाय के प्रति समर्पित भाव से अपनी सेवाएँ जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

दवा इंडिया न सिर्फ़जेनेरिक दवाओं के लाभों के बारे में आम लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए काम कर रही है बल्कि यह सुनिश्चित करने का भी हरसंभव प्रयास कर रही है कि उच्च गुणवत्ता वाली दवाएँ हर किसी को कम-से-कम कीमतों पर मिल सकें। कंपनी ने अपने विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ बना रखी हैं और उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने को लेकर खासा उत्सुक है।

# कुशीनगर का पहला एनक्यूएएस सर्टिफायड आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बना चकदेईया



**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर चकदेईया का विगत माह 30 मई को भारत सरकार के दो सदस्यीय टीम द्वारा दौरा कर गुणवत्ता का आंकलन सात पैकेज जिसमें लगभग छः सौ बिंदुओं पर गहनता से निरीक्षण किया गया। बताते चले कि भारत सरकार की दो सदस्यीय टीम द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के सभी मानकों के अनुसार आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं मातृ शिशु कल्याण उपकेंद्र का आंकलन कर चली गयी थी। जिसका परिणाम आज आया जिसमें चकदेईया को 89.84 प्रतिशत के प्राप्त हुआ और यह आयुष्मान आरोग्य मन्दिर कुशीनगर जनपद का प्रथम एनक्यूएएस प्रमाण पत्र का गौरव प्राप्त किया। जिससे वहां कार्यरत स्टाफ के साथ ही सीएचसी के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हर्षित है। इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया ने सीएचसी प्रभारी डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी एवं उनकी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर चकदेईया पर कार्यरत सीएचओ स्वाति सिंह, एएनएम सविता मौर्या, पूनम कनौजिया एवं सीएमओ कार्यालय में तैनात डॉ रोहित, रितेश तिवारी सहित सीएचसी के चिकित्सक डॉ मुकेश यादव, डॉ गौतम जी गौरव, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ सौनक श्रीवास्तव, डॉ संजय सिंह, डॉ नेहा, डॉ निधिप्रदा मल्ल, डॉ अनामिका, अनिता यादव, प्रतिमा मौर्या, आशुतोष मिश्र, राकेश पांडेय, प्रकाश, अमित सिंह, बिमलेश दुबे, विजयकृष्ण द्विवेदी, विनोद कुमार, प्रवीण पांडेय, अशोक सिंह, राकेश मणि, अभिषेक पांडेय, वशीर, शाहिद अंसारी, ग्राम प्रधान चकदेईया संजीव कुमार सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।

## खलिहान की जमीन पर दबंगों का कब्जा

**कुशीनगर।** सरकार एक तरफ जनहित के मामलों को के निस्तारण को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिया है। लेकिन अभी भी राजस्व राजस्वकर्मी सरकार के आदेशों को गंभीरता से नही ले रहें है। और तहसील से लेकर थानो पर फरियादी दर-दर भटकने पर मजबूर है। मामला कसया तहसील क्षेत्र के सुमही बुजुर्ग गांव का है जहां धर्मराज शर्मा ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाया है कि गांव के ही राम जनक शर्मा भगवती शर्मा राधेश्याम शर्मा लक्ष्मी शर्मा द्वारा हमारे आने जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है। वहीं उन लोगों के द्वारा गांव के खलिहान की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है जिसकी शिकायत दर्जनों बार अधिकारियों से करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई है जब कोई भी प्रार्थना पत्र अधिकारियों को दिया जाता है तो वह हल्का लेखपाल को निर्देशित करते हैं लेकिन हल्का लेखपाल केवल मामलों में हिला हवली करते हैं और मामलों में गलत रिपोर्ट लगा उच्च अधिकारियों को भ्रमित करने का काम करते हैं। अब देखना यह है कि इस मामले में पीड़ित को न्याय मिलता है या यूं ही दर-दर भटकने पर मजबूर रहते है।

# खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की डीएम और एसपी ने की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी व्यापारी व स्टेक होल्डर्स मौजूद रहे। बैठक में मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग एवं ड्रग विभाग द्वारा मारे गए छापों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग व ड्रग विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक दुकानों प्रतिष्ठानों व मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर नमूने संकलित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अधिक से अधिक दुकानों प्रतिष्ठानों होटलों ढाबों रेस्टोरेंटों मेडिकल स्टोर आबकारी की दुकानों मिड डे मील सरकारी राशन की दुकानों पोषाहार दूध कलेक्शन सेंटर पर छापेमारी कर नमूने संकलित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने जनपद में अवैध मीट मुर्गा की दुकानों पर अभियान चलाकर छापेमारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो अधिकारी निरीक्षण करने जाएं वह निरीक्षण रजिस्टर पर अपने द्वारा निरीक्षण किए गए बिंदुओं को अनिवार्य रूप से अंकित करें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने तहसीलवार ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में मिलावटी खाद्य पदार्थ से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

## हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर सात सिद्धार्थनगर (मल्लूडीह) में बृहस्पतिवार को एक मकान पर मजदूरी कर रहे एक युवक की हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त नगर निवासी अरविंद प्रजापति पुत्र जगेसर प्रजापति उम्र 25 वर्ष मजदूरी का कार्य करता है। विगत दिनों की भांति गुरुवार को भी कार्य कर करने गया था कि उपर से जा रहे हाई वोल्टेज तार के चपेट में आ गया और बुरी तरह घायल होकर गिर पड़ा। परिजन गम्भीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अरविंद की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी पत्नी उषा सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया।

## आकाशीय बिजली से बचाव को जारी किये गये निर्देश

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं अर्पित गुप्ता ने बताया कि उप्र राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा आंधी-पानी के साथ आकाशीय बिजली/बज्रपात की घटनाऐं होने के दृष्टिगत आकाशीय विद्युत से कई लोगों के मरने एवं घायल होने के कारण जनहित में आवश्यक उपाय व सलाह अपनाने के निर्देश दिये गये है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि आसमान में बिजली के चमकने गरजने कड़कने अथवा बज्रपात से बचने हेतु जनसामान्य को सुरक्षित पक्के मकानों में शरण लेनी चाहिए घरों में बिजली उपकरणों स्विचों तारों और टेलीफोन का प्रयोग न करें विद्युत सुचालक वस्तुओं से दूरी बनाये रखें विद्युत उपकरणों को बिजली के सम्पर्क में न रखें खिड़की के कांच टिन की छत गीले सामान और लोहे के हैंडलों से दूर रहने दीवार के सहारे न खड़े होने व स्नान करने से रोकने की सलाह दी गयी है तथा घर से बाहर रहने की दशा में बज्रपात की दशा में तालाब व जलाशय आदि से दूर रहें, समूह में एकत्र न हो, धातु इत्यदि से दूरी बनाये रखें, बिजली के खंभे के समीप न खड़े हो, खुले वाहन में सवारी न करें खुले जगह पर होने पर सिर को झुकाकर कान बंद कर लें।

## एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें।

## परिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर में कोतवाली परिसर के बगल बीती रात एक परिवार में खूनी संघर्ष हुआ।जिसमे भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। संघर्ष का वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली परिसर के दक्षिणी छोर पर सुलभ शौचालय संचालित होता है। इस शौचालय को सूरज नाम का व्यक्ति संचालित करता है जो अपने पूरे परिवार के साथ शौचालय के ही एक आवास में रहता है। बुधवार देर रात सूरज की बेटी सीमा अपने पति शेरू के साथ घर पहुंची। जहां किसी बात को लेकर सीमा का अपने भाई सनी से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि सनी ने अपनी बहन पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। भाई के हमले में सीमा गंभीर रूप से घायल हो गई और बीच सड़क तड़पने लगी। पत्नी को खून से लतपथ तड़पता देख पति शेरू ने अपना आपा खो दिया और साले सनी को छत से किसी तरह घसीटता हुआ नीचे पहुंचा और बीच सड़क उसके सिर को ईंटो से प्रहार कर दिया। काफी देर तक बीच सड़क पर खूनी संघर्ष चलता रहा लेकिन घटनास्थल से चंद कदम दूर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। वीडियो में दिख रहा है की घटना के दौरान छोटी छोटी बच्चियां बीच बचाव करने की जद्दोजहद करती रही लेकिन कामयाब न हो सकी। काफी देर बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी ले गई।

# फार्मर रजिस्ट्री से किया जायेगा कृषकों का डिजिटल डाटा तैयार

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने बताया की राजस्व एवं कृषि विभाग के द्वारा एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फार एग्रीकल्चर) योजना के अंतर्गत जनपद के समस्त भूमिधर किसानो का डिजिटल डाटा के रूप में फार्मर रजिस्ट्री तैयार किया जायेगा। डिजिटल डाटा समय- समय पर अपडेट किया जायेगा। डिजिटल डाटा तैयार होने के बाद सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को सीधे मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री में किसान व उसके पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले सभी गाटा सं, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटा में किसान का अंश, मोबाइल नंबर आधार कार्ड संख्या व ई-केवाईसी का विवरण दर्ज किया जायेगा। किसानो का फार्मर रजिस्ट्री तैयार होने के बाद उन्हें सिर्फ पीएम किसान सम्मान निधि ही नहीं, बल्कि केसीसी, फसल बीमा, एमएसपी, कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड जैसी योजनाओं का भी लाभ प्राप्त होगा। पहले चरण में कैम्प मोड़ में अभियान जुलाई माह में स्थानीय कार्मिकों (लेखपाल, कृषि व अन्य विभाग के कार्मिक) के माध्यम से चलाया जायेगा। सभी राजस्व ग्रामों में शिविर लगाकर लेखपाल, कृषि व अन्य विभाग के कर्मचारी एप के माध्यम से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करेंगे। 01 अगस्त से पोर्टल को किसानों के लिए खोल दिया जायेगा, जिससे किसान स्वयं या जन सेवा केंद्र से अपनी फार्मर रजिस्ट्री कर सकेंगें। पी0एम0 किसान सम्मान निधि की दिसम्बर 2024 एवं उसके बाद जारी होने वाली किस्तों का लाभ लेने के लिये किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का तैयार होना अनिवार्य है। योजना के सुचारू संपादन के लिए जिला स्तरीय इम्प्रीमेंटिंग कमेटी की बैठक आयोजित की जा चुकी है। 28 तारीख को जनपद एवं तहसील मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

# डीएम ने की बुद्ध थीम पार्क, बुद्धा घाट व पर्यटन विकास परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जनपद में पर्यटन विकास परियोजनाओं (पर्यटन विभाग) की बैठक जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राही पथिक निवास का उच्चीकरण व सौंदर्यीकरण, बुद्धा थीम पार्क, बुद्धा हिरण्यवाती नदी घाट का विकास कार्य के प्रगति की जानकारी ली एवं पूर्ण हो गए योजना को हैंडओवर किए जाने हेतु निर्देशित किया।

कार्यदाई संस्था, यू.पी.पी.सी.एल, यू.पी.सी.एल.डी.एफ के पी एम/जे.ई. के द्वारा कराए जा रहे सब संपूर्ण विकास कार्य को पीपीटी के रूप में अगली बैठक में प्रस्तुतीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यूपीपीसीएल एवं यूपीसीएलडीएफ के द्वारा किए गए पूर्ण कार्य एवं अपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण भी कर लें। विकास कार्यों के अंतर्गत बुद्धा घाट, हिरण्यावती नदी का सौंदर्यीकरण, बुद्धा थीम पार्क के अंतर्गत विशिष्ट एवं सामान्य प्रकृति के कार्य, एयरपोर्ट पर पर्यटन सूचना केंद्र की स्थापना का कार्य, कटया में दुर्गा मंदिर का पर्यटन विकास कार्य, पावानगर का दिगंबर जैन मंदिर का विकास कार्य, बकुलहर स्थित शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य आदि सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर इन विकास कार्यो को रूप दें, जिससे कि यह दीर्घकालिक अवधि तक पर्यटन एवं आकर्षण का केंद्र बना रहे। स्वीकृत बजट का प्रयोग उचित एवं प्रभावी ढंग से करें।

बुद्धा थीम पार्क को पर्यटको को लुभाने व आकर्षित करने के दृष्टिकोण से बनाने हेतु निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा स्वीकृत बजट के सापेक्ष कार्य की प्रगति धरातल पर दिखनी चाहिए एवं नई स्वीकृत योजना के कार्य को शुरू करने के पूर्व योजना का थ्री डी प्रेजेंटेशन एक सप्ताह में किया जाय। प्रगतिशील योजनाओं के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाय। कार्यों का साइनेज लगाया जाये। सभी उत्तरदायी संस्था को निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि बौद्ध स्थल रामाभार स्तूप परिसर में और बुद्ध थीम पार्क पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है इसलिए इस प्रोजेक्ट की विस्तृत स्क्रिप्ट, प्लान सभी पर्यटन विभाग के उपस्थित अधिकारी कुशीनगर को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने हेतु कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें एवं जो भी कार्य संचालित है वह गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप हो।

# नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में हम सबकी सहभागिता जरूरी है : राकेश

**अवधनामा संवाददाता**




**कसया।** नपा परिषद कुशीनगर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षकों ने स्वच्छता कर्मियों को क्षमता विकास के क्रम में स्वच्छ कुशीनगर, स्वस्थ्य कुशीनगर का नारा देते हुए स्वच्छता के टिप्स दिए गए।

गुरुवार को सफाई मित्रों को पीपीई कीट वितरित करते हुए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य अतिथि नपाप कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने स्वच्छता कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के कार्य में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता के लिए हमें जागरूक होना होगा और नगर वासी, व्यापारी, आम नागरिक सभी को प्रतिस्पर्धात्मक स्वच्छता के प्रति सजग होना होगा। तभी नगर को मानकों के अनुरूप स्वच्छता रैंकिग में प्रथम स्थान प्राप्त होगा। नागरिकों, स्वच्छता मित्रों व स्वयं सेवी संस्थाओं को योगदान के लिए समय समय पर सम्मानित किया जाएगा। सिद्धि विनायक ग्रामीण सेवा समिति के प्रशिक्षकों द्वारा कूड़े का पृथकरण, गीले कचरे का निस्तारण, प्लास्टिक प्रयोग के दुष्प्रभाव, सफाई मित्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा, पीपीईकिट के प्रयोग, नाले, नालियों, शौचालयों की सफाई, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति, स्वच्छ सारथी क्लब, मोहल्ला निगरानी समिति, एनजीओ व नागरिकों की भूमिका, पौधरोपण, जागरूकता आदि की जानकारी दी।

जिला कार्यक्रम प्रबन्धक नीरज गोविन्द राव ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2.0 के मानकों के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन पर जोर दिया। 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवम दस्तक अभियान की चर्चा की गई। संचालन करते हुए नगर के स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी ने कहा कि नगर को नीट एन्ड क्लीन बनाने में जनप्रतिनिधि और आम नागरिक अपना योगदान दें। इस दौरान जिला क्वार्डिनेटर शाहबाज मिनाज, ब्लाक कोआर्डिनेटर योगेश, बीपीएम अनीता यादव के अलावे सभासद गण अमरनाथ जायसवाल, दुर्गेश विश्वकर्मा, राजेश मद्धेशिया, विनय कुमार राव, विजेंदर कुमार उर्फ भगत सिंह, श्रीमती कमलावती देवी, श्रीमती सुभावती देवी, केशव सिंह, मनीष मिश्रा, विनय कुमार गौतम, श्रीमती मीरा देवी, गिरिजेश सिंह, अजय शमशाद अंसारी, सब्बीर अंसारी, शमशुल, पवन जायसवाल सहित सफाई सुपरवाइजर, सफाई कर्मी व नगर कर्मी मौजूद रहे।

**नपा परिषद कुशीनगर के सफाई कर्मियों में वितरण किया गया पीपीई कीट**

## घर के मेन गेट का ताला तोड़कर हजारों आभूषण चोरी

**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदूआर में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर के मेंन गेट का ताला तोड़कर हजारों की आभूषण चोरी कर मौके से फरार हो गए। गुरूवार को पीड़ित के अनुसार वह किसी काम से गोरखपुर गए थे। सुबह गांव से आस पास के लोगों द्वारा फ़ोन पर सूचना जब गांव पहुंचे तो देखा मेंन गेट का ताला टूटा हुआ है और अलमारी के लाकर में रखा कपड़ा, सोने के जेवर जिसमे एक अदद हार, 10 अदद लेडिस अंगूठी, चार अदद जेंट्स अंगूठी, तीन अदद सीकड़, तीन अदद झुमका, मंगलसूत्र दो,एक टीका, एक नथिया, चार सोने की चूड़ियां एक कंगन, तीन पीस पाजेब, करधन एक पीस अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।यह देखकर गृह स्वामी अवाक रह गए। इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने पहुंचकर तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की है।

# मुखर्जी के विचारों में दिखता है सम्पूर्ण भारत

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** गुरुवार, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया तथा सेवा सप्ताह के तहत जिला पंचायत सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा कार्यकर्ताओं ने डा मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर आपातकाल के लोकतंत्र के सेनानियों को सम्मानित भी किया गया।

अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पावन बलिदान दिवस पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा सप्ताह पर जिला पंचायत सभागार में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि डा मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे। भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। वे सम्पूर्ण भारत को एक रूप मानते थे। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन संबंधी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि डा मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की जो बाद में भारतीय जनता पार्टी के रूप में स्थापित हो गई। भविष्य का भारत उनकी ओर एक आशा भरी दृष्टि से देख रहा था। उन्होंने अपनी दृढ़ संकल्पशक्ति के साथ भारत के विभाजन की पूर्व स्थितियों का डटकर सामना किया। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी डटकर, सीना तानकर 'एकला चलो' के सिद्धान्त का पालन करते हुए डॉ मुखर्जी अखण्ड राष्ट्रवाद का पावन नारा लेकर महासमर में संघर्ष करते रहे। विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि संसद में डा मुखर्जी ने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को प्रथम लक्ष्य रखा। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि राष्ट्रीय एकता की शिला पर ही भविष्य की नींव रखी जा सकती है।

# सामाजिक न्याय के जनक रहें शाहू जी महाराजः डॉ राघवेन्द्र

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय कमेरा युनाइटेड मोर्चा के बैनर तले कसया स्थित इंस्टीट्यूट के सभागार में क्षत्रपति शाहूजी महाराज की 150वी जयंती समारोह का आयोजन किया आरक्षण के जनक, दलितों पिछड़ों के मसीहा, सामाजिक न्याय के राजर्षी छत्रपति शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर क्षेत्र भर समाजिक चिंतक व किसान नौजवानो ने अपनी सहभागिता निभाई मनाई गई। यहां पर यह कार्यक्रम डॉ.राघवेन्द्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता जितेंद्र सिंह पटेल रहें इस दौरान उन्होंने कहा की क्षत्रपति शाहूजी की एक सोच ने इस देश की दिशा और दशा बदल दी और जो कुछ भी आज दिख रहा समाजिक न्याय वह उन्ही के बदौलत मिला हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक डॉ राघवेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि कहा कि छत्रपति शाहू महाराज ने देश को एक ऐसी दिशा दी जिससे गांव का समाज सजग हुआ।और उसे समाजिक दासता की बेड़ियों से मुक्ति का मार्ग मिला आज का युवा वर्ग उस मार्ग को भूलकर भटक रहा हैं। जिसके चलते वह परेशान हैं बेरोजगारी का दंश झेल रहा आज के युवाओं को शाहूजी महाराज को पढ़ने की जरूरत हैं। युवा सचेत नहीं हुआ तो वह उसी समाजिक दासता की बेड़ियों का शिकार हो जायेगा जिस बेड़ियों को शाहूजी महाराज ने काटकर खत्म कर दिया था। सवरू पटेल, इंद्रिश सिद्धकी, अयोध्या लाल श्रीवास्तव, राम किशुन प्रसाद,ध्रुव सिंह पटेल ने कहा की साहूजी महाराज की समाजिक न्याय की जो उन्होंने नींव रखी हैं उसे जिवंत रखने की जरूरत हैं। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रीश सिद्धकी ने किया कार्यक्रम के दौरान पंचम सिंह, गणेश पटेल, वीपी गुप्ता, सीताराम मौर्य, रामजतन पटेल, विक्रम पटेल, गुड्डू पटेल, रामबहाल सिंह, अनिरुद्ध शर्मा आदी उपस्थित रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**




**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय ने विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया कि समूह द्वारा टीएचआर प्लान्ट्स से पोषाहार आपूर्ति विगत वर्ष से ही लम्बित है। डीसी एनआरएलएम आलोक कुमार पाण्डेय ने इस सम्बन्ध में सम्बन्धित टीएचआर प्लान्ट्स के बीएमएम को आने वाले परेशानियों को तत्काल दूर करते हुए अविलम्ब आपूर्ति करने का निर्देश दिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यालय स्तर पर समाधान की जाने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित कराने के निर्देश डीसी एनआरएलएम को दिये। उन्होंने डीसीएनआरएलएम को आकांक्षात्मक विकास खण्ड गौरी बाजार में 04 से 06 जुलाई के मध्य सम्पूर्णता अभियान हेतु पोषाहार की आपूर्ति नियमित कराने के निर्देश दिये। लर्निंग लैब की समीक्षा में पाया गया कि समस्त विकास खण्डों में एक या दो ग्राम पंचायतों में कार्य आरम्भ नही हुआ है। इसकी सूची तैयार करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से अनुस्मारक पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। नये भवनों के निर्माण में समस्त मानकों के साथ ही ब्लैक बोर्ड एवं जीएमडी उपयोग हेतु हुक लगवाने के निर्देश बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकाओं को दिये गये। 2024 में स्वीकृत 51 भवनों पर कार्य आरम्भ कराने हेतु डीसी मनरेगा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया। हाट कुक्ड मील के सम्बन्ध में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में विवरण 03 कार्य दिवस में प्रस्तुत करने हेतु बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समस्याओं के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं लीड बैंक मैनेजर के माध्यम से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। डेस्कटाप आधारित आधार किटों को संचालित करने हेतु समस्त ब्लाक कॉर्डिनेटर को आधार परीक्षा उत्तीर्ण कराने हेतु कार्यवाही सम्पन्न कराने हेतु सीडीपीओ को निर्देशित किया गया। पोषण ट्रैकर में वजन लम्बाई की फीडींग में जनपद की रैंकिंग 08वी, होम विजिट में 14वीं, आधार वेरिफिकेशन में 15वीं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने में 14वीं पायी गयी। इसमें सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी गौरी बाजार को अपनी परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकत्री का केपीआई के आधार पर मूल्यांकन करते हुए अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली 10 कार्यकत्रियों को पुरस्कृत करने के लिये सूची प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। सामुदायिक आधारित गतिविधियों के सम्बन्ध में कार्यवाही रजिस्टर बनाने एवं उसमें विवरण अंकित कराने के निर्देश दिये गये। सम्भव अभियान के अन्तर्गत सैम बच्चों का चिन्हांकन कराते हुए ई-कवच ऐप पर पंजीकरण एवं दवा वितरण कराने के निर्देश दिये गये। डीसीपीएम राजेश गुप्ता के के माध्यम से समस्त एएनएम और सीएचओ की ई-कवच पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड निर्गत कराने हेतु निर्देशित किया गया। आरबीएसके टीम व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीएचसी/पीएचसी के माध्यम से पोषण पूनर्वास केन्द्र में भर्ती कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा ग्रोथ मानिटरिंग डिवाईस के खराब होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में वीएचएसएनसी फण्ड से क्रय की कार्यवाही करने तथा सीएसआर से प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में अद्यतन सूचना 03 कार्यदिवस में प्रस्तुत करने हेतु बाल विकास परियोजना अधिकारी गणों को निर्देशित किया गया। शौचालय निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था पीसीसीडी एवं आरईडी को समस्त कार्य एक माह में पूर्ण करने एवं 14 इंच का पैन साईज उपयोग करने का निर्देश दिया गया।

## 17 दिन में 1256 विवेचनाओं का निस्तारण

**कुशीनगर।** पुलिस कप्तान धवल जायसवाल के नेतृत्व में मातहत सराहनी कार्य करने से पीछे नहीं चूक रहे है, चाहे शराब तस्करी हो, पशु तस्करी, गुंडा एक्ट, वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी या अभियुक्तों को सजा दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इसी प्रकार विवेचनाओं के निस्तारण में भी पुलिस अपने कार्यों की लोहा मनवा रही है। मात्र 17 दिन 1256 विवेचनाओं का निस्तारण किया है, जिसमें पडरौना कोतवाली 161 विवेचनाओं का निस्तारण कर अव्वल है जबकि सबसे खराब स्थिति पर्यटन थाने की है। बता दें कि एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में विवेचनाओं के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 5 जून से 22 जून 2024 के बीच जिले कि 21 थानों की पुलिस ने मात्र 17 दिन में 1256 मामलों का निस्तारण कर दिया। इसमें सबसे ज्यादा पडरौना कोतवाली 161 विवेचनाओं का निस्तारण कर जिले में अव्वल स्थान प्राप्त की है जबकि दूसरे स्थान पर हाटा 142 व तीसरे पर कसया 127 है।

# राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने धरना प्रदर्शन किया स्थगित

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सरकार के मन्शानुरुप जिला अधिकारी ने राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ की पहल पर जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हुए कहा है कि वे अपने अपने क्षेत्र के समस्त गौशालाओं का निरीक्षण कर गोवंश के चारे, शुद्ध जल, साफ़ सफाई के प्रति जिम्मेदारों को सतर्क रखें। मृत बेजुबान जानवरों के शव को बाहर खुले में फेंके जाने की सूचना पर उन्हें चिन्हित कर ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें।

बुधवार को लंभुआ क्षेत्र के कुन्नूपुर गांव में एक साथ लगभग 80 गोवंश के शव फेंके जाने की घटना से राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ही नहीं, क्षेत्र के आम जनमानस को भी झकझोर कर रख दिया था। मामले संघ के जिला महामंत्री जयशंकर दूबे ने आनंन फानन में वे समस्त



गोवंश के प्रति उदासीन लोगों को चिन्हित कर होगी कठोर कार्यवाही, लापरवाह तीन ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी, सफाई कर्मी से मांगा गया स्पष्टीकरण

पदाधिकारियो के साथ उप जिलाधिकारी लम्भुआ उत्तम तिवारी, तहसीलदार देवानंद तिवारी, सीओ लंभुआ अब्दुस्सलाम से मिलने पहुंच गये, और संघ की तरफ से विरोध दर्ज कराते हुए कठोर कार्यवाही करने के लिए कहा।

उप जिलाधिकारी लंभुआ उत्तम तिवारी ने मामले में गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा सेवा संघ के भारी विरोध के चलते सायं में ही क्षेत्र के खुनशेखपुर स्थित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्पष्ट हुआ कि मृत गोवंश का शव गौशाला से नहीं बल्कि सटे गांव वालों ने लाकर एक जगह फेंक दिया, जो गलत है, इस सम्बन्ध में गौशाला से सटे 3 ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी, सफाई कर्मी, पर जिम्मेदारी तय करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं बताते चलें कि जिला अधिकारी कृतिका ज्योत्सिना ने इस मामले में कड़ा रुख अख्तियार करते हुए दोबारा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो समस्त उप जिलाधिकारी, बीडिओ, पशु चिकित्सकों के साथ बैठक कर सख्ती का निर्देश दिया है। संगठन के प्रवक्ता रवि दूबे ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा गोवंश संरक्षण के प्रति कठोर कदम उठाए जाने से संघ के पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया है।

राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि गोवंश के मृत शव फेंके के जाने से नाराज होकर जिला अधिकारी को धरने के माध्यम से ज्ञापन देने की बात कही गई थी। जिला अधिकारी की सक्रियता के बाद अब ऐसे कार्य की पुनरावृत्त न होने के आश्वासन पर धरने को आगे तक के लिए रोक दिया गया। इस संबंध में प्रदेश संगठन व जिला कार्यकारिणी से बात कर आगे की रणनीति तंय किया जाएगा।

उक्त संबंध में जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सिना द्वारा गोवंश संरक्षण व गौशाला का नियमित निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों को कहा गया है। पशु चिकित्सा की टीम रात में भी गौशालाओं का निरीक्षण करेंगी। इसके लिए पशु चिकित्सा अधिकारी से टीम गठित करने को कहा गया है।

उप जिलाधिकारी उत्तम तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी की सख्ती के बाद गौशाला के अगल-बगल के तीन गांव के प्रधान सेक्रेटरी व सफाई कर्मी से स्पष्टीकरण मांगते हुए गौशाला में शुद्ध जल व चारे की व्यवस्था न होने से केयरटेकर को हटा दिया गया है। अवश्य ही सभी अधिकारियों कि जवाब देही तय होगी, गौशाला में चारे, शुद्ध पेयजल, के अलावा गोवंश के आंकड़े पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

## पेंशन धारकों के लिए एनपीसीआई कराना अनिवार्य: विनय सिंह

**बहराइच।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि विधवा पेंशन प्राप्त कर रही ऐसी निराश्रित महिलाएं जिन्होंने जिला प्रोबेशन कार्यालय, बहराइच के माध्यम से अपनी निराश्रित पेंशन का आधार प्रामाणिकरण पेंशन पोर्टल पर करा लिया है लेकिन अभी तक सम्बन्धित बैंक में अपने खाते को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) पोर्टल से भी लिंक नहीं कराया है। ऐसे पेंशन के लाभार्थी एनपीसीआई की प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु बैंक पासबुक, आधार तथा मोबाइल नम्बर के साथ बैंक शाखा में जाकर एनपीसीआई की प्रक्रिया पूर्ण करा लें ताकि उन्हें पेंशन की धनराशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिक जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी, बहराइच के कार्यालय अथवा मोबाइल नम्बर 7518024026 पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# दोस्त पुर की घटना का कारण जमीनी विवाद नहीं पुरानी रंजिश है

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** थाना दोस्तपुर के गाँव ताजुद्दीनपुर में दिनांक 26.06.024 को रात्रि में घटित घटना का कारण सोसल मीडिया पर जीमीनी विवाद प्रसारित किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में थाना दोस्तपुर एंव तहसीलदार जयसिंहपुर की संयुक्त टीम द्वारा प्रकरण की प्राथमिक जाँच कर आख्या प्रस्तुत की गयी है। उक्त घटना के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 26.06.2024 को रात्रि में ग्राम ताजुद्दीनपुर परगना अल्देमऊ तहसील, जयसिंहपुर थाना दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर में प्रथम पक्ष के आत्माराम निषाद पुत्र स्व0 श्यामलाल निवासी ताजुद्दीनपुर व द्वितीय पक्ष के हौसिला प्रसाद पुत्र सन्नु निवासी ताजुद्दीनपुर थाना दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर के मध्य पारिवारिक पुराने वाद-विवाद को लेकर आपस में मार-पीट हो गयी थी। दोनो पक्ष चचेरे भाई है, जिसमें प्रथम पक्ष की तरफ से आत्माराम निषाद सुत स्व0 श्यामलाल, आरती देवी पत्नी आत्माराम तथा द्वितीय पक्ष के हौसिला प्रसाद सुत सन्नु को मार-पीट के दौरान गम्भीर चोटे आयी हैं। उपरोक्त दोनों पक्षों को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर चोट होने के कारण जिला चिकित्सालय सुलतानपुर रेफर किया गया, जिसमें आत्माराम निषाद की जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी तथा हौसिला प्रसाद सुत सन्नु की हालत ठीक न होने के कारण डाक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय सुलतानपुर से मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया तथा आरती देवी का इलाज जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में चल रहा है।

## भाई की सम्पति पर अवैध कब्जा कर रहे दबंग

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम भावनी निवासी प्रवेश सिंह पुत्र तेज सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके भाई रतन सिंह ने आराजी संख्या 369 मि रकबा 0.061, 372 मि रकबा 0.121 हे. व अन्य आराजी जो कि गांव में है पर वह काबिज है। बताया कि उसके भाई का आराज में 1/3 भाग निहित है और उक्त आराजी में उसके भाई लापता हैं, जिससे उसकी सम्पत्ति की देखभाल वह करता आ रहा है। बताया कि गांव के दबंग व्यक्तियों द्वारा उसके भाई की सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करने की फिराक में हैं। इसी के चलते उसके भाई की आंशिक भाग पर अवैध मकान निर्माण करा लिया है। यह भी बताया कि उसकी खेती की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर उक्त लोग विवाद करने पर आमादा रहते हैं। बताया कि बीती 25 जून को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह बुवाई करने के लिए जा रहा था कि तभी गांव के उक्त लोगों ने उसके साथ विवाद करते हुये सम्पत्ति पर जबरन अवैध कब्जा करने की बात कहते हुये जान से मारने की धमकी दी।

# रू. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** रू. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में परियोजना प्रबन्धक, सी.एंड.डी.एस. गोण्डा, अधि.अभि. उ.प्र. आवास विकास परिषद, परियोजना प्रबन्धक यू.पी.पी.सी.एल. एवं जिले के नगरीय पेयजल परियोजनाओं हेतु नामित अधि.अभि. जल निगम बलरामपुर द्वारा समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग न करने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन करती हुई जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि जनपद में कुल रू. 683.14 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत रू.



50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन कुल 82 परियोजनाओं अन्तर्गत रू. 400.82 करोड़ की धनराशि व्यय कर 89 प्रतिशत वित्तीय एवं 62 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी है। डीएम ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप से अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों पर खरे उतरें। सम्बन्धित अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक माह किये गये निरीक्षण की आख्या डीएम को उपलब्ध कराई जाए। माध्यमिक शिक्षा से सम्बन्धित निर्माण कार्य प्रोजेक्ट अलंकार, मल्टीपर्पज हॉल, कम्प्यूटर लैब आदि कार्यों में जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभावी पर्यवेक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाएं। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्यों की फीडिंग अनिवार्य रूप से अद्यतन रखना सुनिश्चित करें एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण भी करते रहें। डीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति 85 प्रतिशत या इससे अधिक है, आगामी माह तक कार्य पूर्ण कर लिया जाय।

## दस्तकारों के लिए आयोजित होगा 10 दिवसीय प्रशिक्षण

**बहराइच।** उपायुक्त उद्योग ने बताया कि एक जनपद-एक उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों एवं पारम्परिक कारीगरों के कौशल विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जनपद हेतु चयनित उत्पाद खाद्य प्रसंस्करण एवं गेंहू के डंठल से निर्मित कलाकृति ट्रेड में प्रशिक्षणोपरान्त योजनान्तर्गत प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट प्रदान की जाएगी। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जिले के स्थाई निवासी जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो आवेदन के लिए अर्ह होंगे। योजनान्तर्गत शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को 15 जुलाई 2024 तक विभागीय वेबसाइट डीआईयूपीएमएसएमई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदन पत्र के साथ प्रयुक्त अभिलेखों की हार्ड कापी जिला उद्योग केन्द्र बहराइच में जमा कराना होगा।

# डीपीआरओ ने दिए पंचायत सचिव, सफाईकर्मी और कम्प्यूटर ऑपरेटर पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

फर्जी एफटीओ बना कर पैसा निकालने की ग्राम प्रधान ने की थी शिकायत

**सुलतानपुर।** डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल ने आदेश जारी कर बताया है कि जिले के मोतिगरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत श्रीरामपुर लमौली के ग्राम प्रधान शिवनायक भौर्य द्वारा दिनांक 10 मई 2024 को फर्जी भुगतान की शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुए जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया था। डीपीआरओ ने अपर जिला पंचायतराज अधिकारी, सुलतानपुर से करायी। अपर जिला पंचायतराज अधिकारी, सुलतानपुर ने जांच करते हुए जांच आख्या दिनांक 18जून 2024 को प्रस्तुत किया गया है, जांच में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने पाया कि शासनादेश के अनुसार ग्राम पंचायत में कराये गये किसी कार्य के भुगतान हेतु उसके बिल बाउचर तथा मस्टररोल और एम0बी0 आदि समस्त अभिलेखों/पत्रावली के आधार पर सम्बन्धित फर्म / श्रमिक को भुगतान हेतु एफ0टी0ओ0 मेकर के रूप में सचिव फीड/जनरेट करता है। उक्त ग्राम में सचिव राजबहादुर है। शिकायती विन्दु के अनुसार इण्डिया रिबोर में भुगतान हेतु यादव हार्डवेयर का एफ0टी0ओ0 बनाया गया, जबकि यादव हार्डवेयर द्वारा उक्त कार्य नहीं कराया गया। इसी प्रकार रामनयन के दुकान दुकान से पिन्टू गुप्ता के घर तक खडण्जा निर्माण मस्टररोल में अंकित श्रमिक शुभम पालन का 02 एफ0टी0ओ0 गलत तरीके से बनाया गया, जबकि शुभम पाल द्वारा उक्त कार्य में श्रमिक के रूप में कार्य नहीं किया गया है। अतः उक्त गलत एफ0टी0ओ0 हेतु मेकर सचिव श्री राजबहादुर उत्तरदायी / दोषी है शासनादेश के अनुसार चेकर के रूप में ग्राम प्रधान के प्रोफाइल को अप्रूव करने का अधिकार सहायक विकास अधिकारी (पं0) का है। प्रोफाइल में ही ग्राम प्रधान का ई-मेल आई0डी0 तथा मोबाइल नम्बर दर्ज होता है तथा पूर्व में दर्ज ई-मेल आई0डी0 तथा मोबाइल नम्बर को अन अपूब करने का अधिकार भी सहायक विकास अधिकारी (पं0) को है। ग्राम पंचायत श्रीरामपुरलमौली के चेकर, प्रधान के अंकित ई-मेल आई0डी0 तथा मोबाइल नम्बर गलत रूप से अंकित पाया गया, इसके लिए सहायक विकास अधिकारी (पं0), श्री अरविन्द प्रकाश श्रीवास्तव पूर्णतया उत्तरदायी/दोषी है। सहायक विकास अधिकारी (पं0) अपने कार्यालय में अनाधिकृत रूप से रखे सफाई कर्मी को अपना आई0डी0 पासवर्ड देने के लिए भी दोषी है, तथा सम्बन्धित सफाई कर्मी द्वारा उसे प्रयोग करने हेतु सफाई कर्मी श्री बीरबल भी दोषी है तथा जी0पी0डी0पी0 आपरेटर सुश्री गुड़िया पाल को इसकी पूर्व में जानकारी होने के बाद भी समय से उच्चाधिकारियों को सूचित न करने से उक्त में सलिप्तता प्रतीत होती है।

# सदनशाह मे तीन दिन से बिजली न आने से लोगों का फूटा गुस्सा

विद्युत विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बीते तीन दिनों से सिविल लाइन सदनशाह क्षेत्र की विद्युतापूर्ति ठप्प रहने से मोहल्ले वासियों के सब्र का बांध टूट गया। बुधवार की शाम 8 बजे एक सैकड़ों से अधिक मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने कहा कि मम्मत के नाम पर तीन दिन पहले विद्युत आपूर्ति 24 घंटे के लिए बंद करा दी गई थी। लेकिन तीन दिन बीतने को है, अभी भी स्थिति जस की तस बनी हुयी है। भीषण गर्मी में छोटे छोटे बच्चे उमस से बिलख रहे हैं। बच्चे,



महिलाएं, बूढ़े सभी का जीना दूभर हो गया है। वहीं पत्रकार इमरान मंसूरी ने बताया कि तीन दिनों से बिजली न आने के कारण मोहल्लेवासियों में रोष है। कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन मिलाया, लेकिन उठाया नहीं गया। वहीं पार्षद ने भी विद्युत विभाग की शिकायतें कीं, इसके बाद भी सदनशाह क्षेत्र में विद्युतापूर्ति चौपट बनी हुयी है। यह हल केवल सदन शाह का ही नहीं है शहर कई इलाके है जहां पर दो-तीन दिन से बराबर सप्लाई नहीं आ रही है गोउल्लंन की आटा चक्की के पास कल रात्रि से बिजली सप्लाई नहीं आ रही है और यही हाल फीडर नंबर 3 बिहारी राशन कार्ड का है यहां पर आये दिन रात मे मनमर्जी बिजली कटौती की जाती है। और कल रात्रि से बिजली सप्लाई नहीं आ रही है यहां की जनता जनार्दन ने बताया कि कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से एवं जनप्रतिनिधियों को बिजली कटौती की समस्या से रूबरू कराया गया है। और उनको अवगत भी कराया गया था कि बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं की फोनों को रिसीव नहीं करते हैं जिसको तुरंत संज्ञान में लेकर ललितपुर के सदर विधायक राम रतन कुशवाहा ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकर लगाते हुए कहा था की सुधर जाओ वरना कार्रवाई ते है। और उन्होंने बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को आदेश किया था कि जल्द ही शहर की विद्युत व्यवस्था सही करले लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी उनकी एवं उनकी सरकार की छवि धूमिल करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ रहा है। जनता जनार्दन ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को अगर बिजली सप्लाई बंद होती है तो अगर उनको फोन लगाया जाता है कि बिजली क्यों बंद है एवं कब तक चालू होगी तो वह उपभोक्ताओं के फोन तक रिसीव नहीं करते हैं और अगर उपभोक्ता उनके सीयूजी नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी अगर बिजली सप्लाई के बारे में कुछ भी जानकारी लेना चाहते हैं तो बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा उनके नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बिजली आने की कोई भी उचित जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है और रात्रि मे बिजली बन्द होते ही पवार हॉउस का शियूजी नंबर बन्द कर लेते है वह दिन रात मे होने वाली आघोषित बिजली कटौती से जनता जूझती रहती हैं।

## जनपद न्यायाधीश ने डीएम व एसपी के साथ किया कारागार का निरीक्षण

**बहराइच।** जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला, सीजेएम शिवेन्द्र कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, अनीता सक्सेना व देवकान्त वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु

निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56235627A | Energy cum Speed Monitoring unit (ESMON) for 25KV AC EMU and MEMU (with signal cable length 8.5 meter) as per RDSO specification No: RDSO/SPEC/EMU/0032 - 2002 (Rev 0) with amendment 1, 2 & 3 or latest. | 18 नग | 23.07.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

निविदा नोटिस सं. ईपीएस / 56/2024

ईमेल पता - dycmmcb15@gmail.com

1929/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एन.क्यू.ए.एस. प्रमाणित होने पर गदगद स्वास्थ्य विभाग



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के आकांक्षी ब्लॉक मडावरा के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर जलन्धर को भारत सरकार द्वारा एन.क्यू.ए.एस. प्रमाणित किये जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इम्तियाज अहमद ने समस्त स्टाफ को शुभकामनायें प्रदान की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की 02 सदस्यीय टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर जलन्धर का राष्ट्रीय स्तर का असेसमेंट 31 मई 2024 में किया गया था। जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मन्दिर जलन्धर ने 85.06 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। सीएमओ ने बताया कि एन.क्यू.ए.एस. मूल्यांकन 07 बेसिक सर्विस पैकेजों के आधार पर किया गया था जिसमें चिकित्सा इकाई का भौतिक सर्वेक्षण, स्टाफ का मूल्यांकन, तथा दस्तावेजों का निरीक्षण आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में कुल 05 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एन.क्यू.ए.एस. सर्टिफाइड हो चुके हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन

**प्रयागराज।** वसुधा फाउंडेशन के सामाजिक सरोकारों के तहत आज श्री महाप्रभु पब्लिक स्कूल, तेलियरगंज में मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन और साथ ही एक ब्लड चेक का कार्य सुबह नौ बजे से एक बजे तक किया गया जिसमें एच बी वन ए सी, रैंडम शुगर, लिपिड प्रोफाइल और रक्तचाप की जांच का सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। कार्यशाला में डा विवेक मिश्रा ज्वाइंट डायरेक्टर वूमेन एंड फैमिली वेलफेयर, डा ईशान्या राज, सुकैना फातिमा, डा यश अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को बहुत रोचक तरीके से मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने का उपाय बताया। संगीत और रागों के द्वारा भी प्रैक्टिकल बताया गया। साथ ही अवसाद के लक्षण और उससे बचने और उपचार के तरीकों पर पी पी टी के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा रविंदर बिर्दी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन महासचिव मैथिली सिह ने किया।

# स्टेशन के बाहर मुख्य गेट बन गया परेशानी का द्वार

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ललितपुर जंक्शन भले ही अब सुविधाओं के मामले में लगातार ऊंचाइयों को छू रहा है। अमृत महोत्सव के तहत करोड़ों रुपए के काम भी हो रहे है। लेकिन ललितपुर स्टेशन के मुख्य द्वार पर जैसे ही यात्री निकलता है। उसे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि एक तो यहां पर निर्माण कार्य बड़ी तेजी से चल रहा है, उसे पर मुख्य गेट से सट कर कुछ दूरी पर टैक्सी खड़ी रहती है लेकिन सर्वाधिक परेशानी एक ही बरसात में स्टेशन की सुंदरता को मुंह चढ़ा रहा है। पहली बरसात के पानी से आलम यह है कि मुख्य द्वार अब पोखर नजर आने लगा, जबकि ठेकेदारों से कहकर



स्टेशन प्रबंधक को इस समस्या का हल निकालना उनकी जिम्मेदारी बनती है। लेकिन इस जिम्मेदारी से यहां का प्रबंधन शायद नाता झाड रहा है। तभी तो इस समस्या से यात्रियों को जूझना पड़ रहा है। बताते चलें वर्तमान समय में की 40 से अधिक है। सभी गाडियों में विशेष कर खजुराहो लाइन की गाडियों पर भारी भीड़ होती है और यह सभी गाडियां एक नंबर भी रुकती है। मजे की बात है कि रेलवे बोर्ड से नामित सदस्य भी कभी यहां की समस्याओं को देखना जरूरी नहीं समझते बस सिर्फ नाम और सम्मान के लिए रेलवे बोर्ड के सदस्य बने हुए है। इस समस्या को लेकर रेलवे बोर्ड के झांसी मंडल झांसी के पीआरओ से जब फोन पर चर्चा की तो उन्होंने कहा की समस्या को हम प्राथमिकता के रूप पर दिखवाते और समस्या का हाल भी करवाते है।

## अधिवक्ता सभा बिहार के सह प्रभारी की मिली जिम्मेदारी

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के आदेशानुसार समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव नायब यादव को समाजवादी अधिवक्ता सभा, बिहार प्रदेश का प्रदेश सह-प्रभारी नामित किया गया है। समाजवादी अधिवक्ता सभा बिहार प्रदेश की समय-समय पर समीक्षा करते रहेगें एवं संगठन को पूरे बिहार प्रदेश के प्रत्येक जनपद में विस्तार देने हेतु, समाजवादी अधिवक्ता सभा बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं विहार प्रदेश के प्रभारी एडवोकेट संदीप कुमार यादव को अपना सहयोग देते रहेगें एवं समय-समय पर अपनी समीक्षा रिपोर्ट, निजी सचिव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी को प्रेषित करते रहेगें।

# तत्काल व सामान्य ई-टिकिट बनाने वाला शातिर बदमाश हिरासत में

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पर्सनल यूजर आईडी पर तत्काल व सामान्य ई टिकिट बनाकर अवैध रूप से टिकिटों का कारोबार कर 50 से 100 रूपए अधिक लाभ लेकर काम करने वाले एक व्यक्ति को आरपीएफ पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 46 हजार रूपए के अधिक की टिकिट बरामद की है, जिसमें पुरानी 29 व आगामी 6 ई टिकिट बरामद की गई है। आरपीएफ थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक अंकित कुमार बुधवार को अपने हमराह प्रधान आरक्षक पीके सोनी के साथ स्टेशन क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें जानकारी मिली कि एक युवक पर्सनल यूजर आईडी पर अवैध रूप से तत्काल सामान्य ई टिकिट बनाकर कारोबार कर रहा है। आरपीएफ ने घेराबंदी कर गांधीनगर निवासी राहुल जैन पुत्र राजकुमार जैन को धर दबोचा। उसके पास से आगामी समय में यात्रा करने वाली 6 ई टिकिट व 29 पुरानी टिकिट बरामद की गई। उसके पास से एक सीपीयू डेल कम्पनी व मोबाइल भी बरामद किया गया। आरपीएफ थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गये व्यक्तियों द्वारा जरूरतमंद लोगों के तत्काल ई टिकिट बनाकर टिकिट मूल्य की दर से प्रति व्यक्ति से 50 से 100 रूपए अधिक दाम लेकर अवैध रूप से कारोबार किया जा रहा था।

कार्यालय ग्राम पंचायत- हसवापार
वि.खं. मिठवल, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत हसवापार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 27.06.2024 को 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत हसवापार के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत हसवापार के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत हसवापार कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत हसवापार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- निर्मला देवी
ग्रा.पं. हसवापार
वि.खं. मिठवल, सिद्धार्थनगर

सचिव- रविकपूर राव
ग्रा.पं. हसवापार
वि.खं. मिठवल, सिद्धार्थनगर

# सार्वजनिक शौचालय न होने से राहगीरों के साथ आम इंसानों को परेशानी

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** एक तरफ जहां भारत सरकार देश को खुले में शौच मुक्त बनाना चाहती है, तो वहीं दूसरी तरफ कस्बा मौदहा के सबसे व्यस्ततम बड़ा चौराहा में सामुदायिक शौचालय न होने से राहगीरों के साथ साथ यात्रीगण महिला व पुरुष शौच आदि क्रिया के लिए मुंह छिपाते हुए खुले में शौच व लघुशंका आदि करने को मजबूर हैं।

समय समय पर समाजसेवियों द्वारा बड़ा चौराहा में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए तहसील दिवसों सहित उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से मांग की जाती रही है। मगर आश्वासन देने के बाद अभी तक नतीजा शून्य ही रहा है। बड़ा चौराहा में सामुदायिक शौचालय का निर्माण बेहद जरूरी है क्यों कि यहां से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रीगण का आना जाना होता है।

कस्बा मौदहा का बड़ा चौराहा सबसे व्यस्ततम चौराहा है, नगर सहित आसपास के एक सैकड़ा से अधिक गांवों के लोग बड़े चौराहे से ही बसों आदि से सफर करते हैं, बसों से वे लोग कानपुर, दिल्ली, आगरा, चित्रकूट, छतरपुर, भोपाल, झांसी आदि जगहों के यात्रा करते हैं, तथा बसों के इंतजार में घंटो खड़ा भी रहना पड़ता है, इसी बीच लोगों को लघुशंका, शौच आदि के भी जाना पड़ता है, परंतु चौराहे पर सामुदायिक शौचालय न होने से महिलाओं तथा पुरुषो को मुंह छिपा कर कहीं गुमटियों के पीछे तो कहीं अन्य स्थानों का सहारा लेना पड़ता है, जिसके कारण उन लोगों को गुमटी वालों के ताने भी सुनने पड़ते हैं, वहीं लड़कियों व महिलाओं की स्थिति तो बेहद ही शर्मसार हो जाती है, मनचलों के कमेंट भी उनको सुनने पड़ जाते हैं, शौचालय न होने से उनको शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। इन्ही सब बातों को लेकर स्थानीय समाजसेवियों ने कई बार नगर पालिका सहित उप जिलाधिकारी व तहसील दिवसों में बड़े चौराहे पर शौचालय निर्माण की मांग की, परंतु उन्हें केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत योजना के तहत देश को खुले में शौच मुक्त बनाए जाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए, परंतु यहां के स्थानीय अधिकारी उनकी इस योजना पर पलीता लगाते नजर आ जाते हैं।

## 29 जून को होगी लेखा समाधान बैठक

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 27.06.2024 को प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण मनीष कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में निर्वाचन व्यय लेखा तैयार करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में लेखा टीम के साथ सहायक व्यय प्रेक्षक तथा निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी उपस्थित रहे। मनीष द्वारा समस्त अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया कि व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में दिनांक 29.06.2024 को अपराह्न 01.00 बजे एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, हमीरपुर में लेखा समाधान बैठक आयोजित की गयी है। व्यय लेखा जमा करने की अन्तिम तिथि 04.07.2024 को सायं 05.00 बजे तक है।

# बगैर सत्यापन के अपात्र को थमाया आवास दोनों किस्तों के बाद भी नहीं कराया निर्माण

अवधनामा संवाददाता



**भरूआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत बिदोखर पुरई में अपात्र को बगैर जांच के आवास थमा दिया गया। इस लाभार्थी ने दोनों किस्तों को प्राप्त करने के बाद भी आवास को अधूरा छोड़ रखा है। नींद से जागे ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने लाभार्थी की नोटिस थमाने की तैयारी की है।

ग्राम पंचायत बिदोखर पुरई निवासी रमाकांती पत्नी वीरेंद्र आवास पाने में अपात्र की श्रेणी में है। इसके ससुर के नाम 5 एकड़ से अधिक जमीन, रिंग बोर, ट्रैक्टर आदि हैं। इसके बाद भी इसका नाम आवास की सूची में शामिल करके बगैर सत्यापन किये सरकारी मशीनरी ने मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया। इसके बाद इस लाभार्थी ने पूर्व में बनाए गए पक्के स्ट्रेचर में आवास का निर्माण कराकर जियो टैग कराकर आवास की दोनों किश्तें हासिल कर लीं और आवास को आज तक पूर्ण नहीं कराया है।

गर्दन फंसती देखकर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अमित कुमार ने नोटिस देने की तैयारी शुरू की है। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि आवास की सूची उनके समय की नहीं है। यह पूर्व प्रधान के कार्यकाल में तैयार हुई थी। इसमें तमाम अपात्र लोग शामिल हैं। सरकारी मशीनरी ने बगैर बताए चयन किया है।

## सुमेरपुर, कुंडोरा गांव सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी का अवैध खनन जारी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी का अवैध खनन धडल्ले के साथ चल रहा है अवैध खनन की शिकायते भी लोग अधिकारियों से कर रहे है लेकिन माफीयाओं पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। हालाकी शिकायत मिलने पर गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम ने रेलवे लाइन के पास दंगल मैदान के पीछे के क्षेत्र में हो रहे मिट्टी के अवैध खनन पर छापा डाला लेकिन टीम के पहुंचते ही खनन माफिया ट्रैक्टर ट्राली व जेसीवी लेकर मौके से भाग जाने में सफल रहे। उनका पीछा किया गया लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी टीम में शामिल लेखपाल ने बताया कि मौके पर अवैध ढंग से की जा रही मिट्टी का खनन होता पाया गया है। प्रशासन अब क्या कार्यवाही करता है यह आगे पता चलेगा। सुमेरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन लम्बे समय से चल रहा है बिना परमीशन के माफिया धडल्ले के साथ मिट्टी का खनन करके हजारो रुपए रोज कमा रहे है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग के लिये इनपैनल्ड होगें

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि व्याख्याता प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र एवं छात्राओं हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग हेतु इच्छुक विषय विशेषज्ञ अपने सभी शैक्षिक एवं शिक्षण अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में दिनांक 29 जून 2024 तक पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं सीधे जमा कर सकते है। योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तरीय समिति द्वारा इनपैनल्ड किया जायेगा। व्याख्यान के लिये आमंत्रित किये जाने वाले विषय विशेषज्ञो, वार्ताकारों एवं व्याख्याताओं को शासन द्वारा निर्धारित भुगतान किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये कोर्स को-आर्डिनेटर के मो0नं0- 9044534742 पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी हमीरपुर ने बताया कि सिविल सेवा, राज्य सिविल, एन0डी0ए0, सी0डी0एस0 व एस0एस0सी0 इत्यादि परीक्षाओं के लिये इतिहास, भूगोल, राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, एथिक्स, करेन्ट अफेयर्स, इनवायर मेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट, साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, भारतीय समाज, आन्तरिक सुरक्षा, प्रशासन, यूपी स्पेशल, कम्युनिकेशन एण्ड इण्टर पर्सनल स्कील्स, बौद्धिक क्षमता, एलिमेन्टरी मैथ्स, जनरल इंग्लिश एवं जनरल हिन्दी विषय के लिये किसी भी आयोग के द्वारा चयनित एवं शिक्षण संस्थान में कार्यरत या सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का अनुभव या सम्बन्धित विषय में नेट/ जेआरएफ या प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में 3 वर्ष शिक्षण का अनुभव तथा एनईईटी व जेईई परीक्षा हेतु भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान व गणित विषय के लिये एमएससी, एमबीबीएस एवं एम-टेक तथा प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में 3 वर्ष शिक्षण का अनुभव रखने वाले व्याख्याताओं को इनपैनल्ड किया जायेगा।

## एक दिवसीय रोजगार मेले में 65 अभ्यर्थियों का चयन

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी हमीरपुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित सूचना एवं विज्ञप्ति के अनुसार आज दिनांक 27.06.2024 को जिला सेवायोजन कार्यालय, हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्र्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 लखनऊ, स.क्द्ध. लाइफ इंश्योरेंस लि0 हमीरपुर, इंतास बायोटेक हेल्थकेयर प्रा0 लि0 लखनऊ, साइन स्टैण्डेड, नई दिल्ली, चेकमेट इण्डस्ट्रीस गार्ड प्रा0लि0 नोएडा द्वारा प्रतिभाग किया गया। आज आयोजित मेले में कुल 102 अभ्यर्थी सम्मिलित हुये जिसमें से कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु कुल 65 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरान्त चयन किया गया। प्रतिभागी कम्पनी ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0, द्वारा 23, S.B.I. लाइफ इंश्योरेंस लि0 हमीरपुर द्वारा, 10 इंतास बायोटेक हेल्थकेयर प्रा0 लि0 लखनऊ द्वारा 16, साइन स्टैण्डर्ड, नई दिल्ली द्वारा 12 एवं चेकमेट इण्डस्ट्रीस गार्ड प्रा0लि0 नोएडा द्वारा 04 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

# बेसिक शिक्षा के स्कूलों में स्काउट गाइड की शिक्षा देगा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** बालचर स्काउटिंग कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक कब बुलबुल एवं कक्षा 6 से 8 तक स्काउट गाइड के दलों का निशुल्क पंजीकरण भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा कराकर बच्चों को स्काउट एवं गाइड शिक्षा प्रदान की जाएगी। सभी विद्यालयों में नए दलों का पंजीकरण एवं पुराने दलों का नवीनीकरण भी किया जाएगा। आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापको को निर्देश देते हुए बताया कि शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देश के क्रम में प्रत्येक विद्यालय मेंस्काउट गाइड शिक्षा की कक्षाएं संचालित कर बच्चों को उसकी जानकारी दी जाएगी तथा उनके अंदर नेतृत्व ,देशभक्ति एवं संस्कारवान नागरिक बनाया जाएगा इसके साथ ही शासन द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को दो सेट यूनिफॉर्म प्रदान की जा रही हैं जिसमें निर्देशानुसार दल के सदस्यों को एक सेट यूनिफार्म स्काउट गाइड की भी अभिभावकों कै माध्यम से दिलाई जाएगी। ब्लाक स्तर पर बैण्ड टीम तैयार कर उनकी प्रतियोगिता तथा अन्य स्काउट गाइड गतिविधियों का संचालन विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और स्काउट गाइड शिक्षक कराएगा। इसके लिए जनपद स्तर पर जिला स्काउट मास्टर सामंजस्य कर क्रियान्वयन कर रहे हैं।

## जिला जज के साथ डीएम व एसपी ने किया कारागार का मासिक निरीक्षण

**हमीरपुर।** जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार हमीरपुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैदियों की स्थिति, और जेल के प्रशासनिक कार्यो का आकलन के साथ- साथ निम्नलिखित बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। जेल की सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षाकर्मियों की संख्या, उनके उपकरण,और सुरक्षा उपायों की जांच की गई। कैदियों की संख्या, उनकी स्वास्थ्य स्थिति, रहने की व्यवस्था, और उनकी शिकायतों को सुना गई। जेल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाइयों की उपलब्धता, और सफाई व्यवस्था की जांच की गई।कैदियों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की गई। जेल के प्रशासनिक कार्यो, रिकॉर्ड कीपिंग और कैदियों के अधिकारों के संरक्षण की व्यवस्था की जांच की गई।कैदियों के लिए उपलब्ध शिक्षा, कौशल विकास, और पुनर्वास कार्यक्रमों की रूप रेखा की जांच की गई।निरीक्षण के दौरान जिला जज द्वारा जेल के अंदर सभी व्यवस्थाओं एवं कैदियों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार किये जाने हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# गृहकर न लगाने पर गृहस्वामी ने जमकर काटा हंगामा



अवधनामा संवाददाता

> गृह कर विभाग मे तैनात है चेयर मेन के चाहेते ठेका कर्मी

**भरुआ सुमेरपुर।** पिछले तीन माह से गृहकर न लगाए जाने से नाराज गृहस्वामी ने नगर पंचायत में दोपहर को जमकर हंगामा काटा। गृहस्वामी की अभद्रता से नाराज कर्मियों ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बाद में थाने में इस प्रकरण का पटाक्षेप हो गया। कस्बा निवासी कमलेश उर्फ कम्मू पांडेय ने बताया कि वह एक मकान का बैनामा कराने के बाद गृहकर के लिए तीन माह पूर्व नगर पंचायत में आवेदन किया था। पिछले तीन माह से नगर पंचायत के कर्मी उन्हें तरह-तरह के अनर्गल आरोप लगाकर गृहकर लगाने पर टरखा रहे थे। गुरुवार को कम्मू पांडेय नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और गृहकर की स्थिति की जानकारी हासिल की। लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस पर वह आपा खो बैठे और जमकर बवाल काटा। इस घटना से कर्मियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया। चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे के अगुवाई में आहत नगर पंचायत कर्मी तहरीर लेकर थाने पहुंचे। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने कम्मू पांडेय को थाने बुलाया और हंगामा खड़ा करने की वजह पूछी। इस पर उन्होंने सिलसिलेवार अपनी बात रखी और गृहकर न लगाए जाने का कारण पूछा। इस पर नगर पंचायत कर्मी निरुत्तर हो गए। बाद में थानाध्यक्ष ने दोनों को समझा बुझाकर मामले का पटाक्षेप करा दिया।

# रसोईया से विद्यालय सफाई कराते समय लगा करेंट

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** विकास खण्ड नगवां ब्लॉक ग्राम पंचायत आमड़ीह सरकारी कम्पोस्ट विद्यालय पर कार्यरत रसोईया से विद्यालय के अध्यापक अरबिंद जी के द्वारा रसोईया रिता पत्नी साधु से ही विद्यालय के कमरो की साफ सफाई कराई जा रही थी कमरे में बिजली के वायरिंग का तार निचे लटका हुआ था सफाई करने के दौरान तार उसके हाथ से टच हो गया और रिता रसोईया तड़फडाने लगी यह सब देख वहा मौजूद अध्यापक अरबिंद ने किसी तरह से तार को हाथ से अलग कर दिया फिर इसकी सुचना गाँव में आग की तरह फैल गई आन फान ऐम्बुलेंस की सहायता से वैनी सी एच सी पर लाया गया जहाँ पर उसका उपचार चल रहा है

आपको बता दे की 25जुन से विद्यालय खोलने का आदेश है विद्यालय खुलते ही साफ सफाई की जिम्मेदारी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की होती है सफाई कर्मी को न पहुचने से विद्यालय की सफाई अध्यापक द्वारा रसोईया से करवाई जा रहीथी जिसके चलते बडा हादसा हो सकता था नगवां ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपने ब्लॉक अपने गाँव में तैनाती कराकर केवल धौंस जमाने का काम करते हैं और यह सब एकही जगह पर लग भगवान 15 वर्षो से कार्यरत लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है जबकि शासनादेश है की एक जगह पर अधिकतम् पाच वर्ष तक ही रह सकते हैं लेकिन यहां के सफाई कर्मचारियों का सुध लेने वाला कोई नहीं अगर सफाई कर्मचारी अपने कर्तव्य का निर्वहन करते तो सायद आमड़ीह में रसोईया को बिजली नहीं लगती।



# जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

> जिला कारागार में कैदियों को दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला न्यायाधीश रविन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने जिला कारागार का आज निरीक्षण किये, इस दौरान जिला जज ने जिला कारागार के कैदियों से मिलकर उनसे वार्ता किया और उनको उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कैदियों से सरलता व सुगमता पूर्वक वार्ता कर कारागार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही भोजन, नास्ता, स्वास्थ्य चिकित्सा, पीने के पानी आदि की गहनता पूर्वक जायजा लिया। इस दौरान जिला कारागार के हातों के बैरकों में बारी-बारी से स्वयं जाकर कैदियों की स्थिति को देखा और वार्ता कर उनके परिवारों को मुलाकात के समय किसी प्रकार की समस्या तो नही होती, के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर कैदियों द्वारा बताया गया कि यहां इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है। इस दौरान कारागार में बने अस्पताल बैरक को भी देखा चिकित्सक उपस्थित मिले, जिस पर चिकित्सकों से कैदियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए रोजाना बैरक अस्पताल में चिकित्सकों के आने-जाने की स्थिति का जायजा लिया। इसी प्रकार से कैदियों को दिये जाने वाले भोजन के किचन का निरीक्षण किया गया, जहां कैदियों हेतु बनाये जा रहे रोटी, सब्जी चावल व दाल के गुणवत्ता को देखा गया और निर्धारित रोस्टर की जानकारी प्राप्त की गयी। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान सी0जे0एम0 आलोक यादव, जेल अधीक्षक, प्रभारी जेलर सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।


## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** शाहगंज थाना क्षेत्र के मुंगेहरी माइनर के पास गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार 58 वर्षिय अधेड़ की हुई मौत। जानकारी के अनुसार घोरावल थाना क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी अर्जुन 58 साल पुत्र संतु गुरुवार की सुबह घोरावल से घर साइकिल चलाकर आ रहे थे कि मुंगेहरी माइनर के पास जैसे पहुंचे कैसे ही सामने की दिशा से आ रही अज्ञात वाहन द्वारा चोट लग गई आसपास के लोगों द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अर्जुन को मृत्यु घोषित कर दिया उधर चिकित्सकों द्वारा पुलिस को सूचना देकर परिजनों को अवगत कराया गया परिजनों ने संबंधित मामले में पुलिस को एप्लीकेशन देकर अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

### कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** ग्राम पंचायत ऊंचडीह विकासखंड के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिवालय पर कार्ड धारकों का प्रदर्शन ग्राम पंचायत के कोटेदार के खिलाफ गुरुवार को ग्राम पंचायत के अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्ड धारक ने मिलकर विरोध प्रदर्शन किया और ग्राम प्रधान से मिलकर इसकी शिकायत किया पिछले दो महीने से लगातार कोटेदार द्वारा ग्रामीणों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है और जाने पर फर्जी अंगूठा लगा करके बोला जाता है कि बाद में आएगा तो मिलेगा इस पर ग्रामीणों ने आज ग्राम प्रधान के कार्यालय पर आकर प्रदर्शन किया पिछले माह मई व जून में लगभग 50 से 60 कार्ड धारकों का फर्जी अंगूठा लगवा करके कोटेदार वापस कर देता है और बाद में आने को बोलकर दुकान छोड़कर भाग जाता है जिसकी शिकायत आज ग्राम प्रधान ने लिखित तौर पर जिला पूर्ति अधिकारी सोनभद्र को जाकर के दर्ज कराई विरोध प्रदर्शन करने वालों में शकीला देवी सलीम अली हामिदन शांति देवी सुशीला देवी दुर्गावती देवी रामगती रमाशंकर फिरोज अली सीमा गोपाल पचुई धर्मावती देवी अर्जुन सुनील कुमार आदि लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक घायल, बकरी की मौके पर मौत

**हमीरपुर।** जनपद में सरीला तहसील क्षेत्र के धगवां गाँव में आकाशीय बिजली गिरने के कारण एक युवक गम्भीर रूप गंभीर रूप से घायल हो गया एवं बकरी की मौके पर मौत हो गई। आपको बता दें कि सरीला क्षेत्र के अंतर्गत धगवां गांव के पास आकाशीय बिजली गिरने के कारण खेतों में बकरियाँ चरा रहे रमेश (उम्र 48 वर्ष) पुत्र स्वामी दीन राजपूत गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य कैन्द्र सरीला लाया गया है। बिजली की चपेट में आने से एक बकरी की मौके पर मौत हो गई और एक बकरा घायल हो गया। परिजनों ने इसकी सूचना लेखपाल को दी। लेखपाल ओमप्रकाश पटेल ने मौके पर आकर देखा और सरकार से आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# सिक्योरिटी नौकरी दिलाने के नाम लिए पैसे हुए वापस



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा, सिक्योरिटी कम्पनी खोलकर सिक्योरिटी की नौकरी लगवाने के नाम पर लिये गये पैसे कुल दो लाख सत्ताईस सौ रुपये शिकायतकर्ताओं का कराया वापास-वही अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के थाना रॉबर्ट्सगंज पर बीते-25.06. को ग्राम सुकृत, थाना रॉबर्ट्सगंज के ग्रामिणों व आस-पास के लोगों द्वारा लिखित प्रार्थना देकर शिकायत की गयी कि ग्राम सुकृत में जीएच सिक्योरिटी कम्पनी खोलकर स्कूलों, महाविद्यालयों, ऑफिसों व अन्य संस्थानों में सिक्योरिटी की नौकरी लगाने के नाम पर लगभग 40 लोगों से पैसे ले लिया गया, न पैसे वापस किये और न ही नौकरी लगाया गया। उक्त प्रकरण की विधिक व समुचित निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के क्रम में थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज व चौकी प्रभारी सुकृत द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जीएच सिक्योरिटी कम्पनी के मैनेजर धीरेन्द्र कुशवाहा पुत्र अशोक सिंह निवासी भुड़कुडा, थाना इलिया, जनपद चन्दौली को चौकी सुकृत पर बुलाकर ग्राम प्रधान के समक्ष समस्त शिकायतकर्ताओं के कुल 202,700 ( दो लाख सत्ताइस सौ रुपये) दिलावाया गया। पुलिस द्वारा मैनजर को सख्त हिदायत दी गयी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक सम्पन्न

**हमीरपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थित में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्रों में जहॉ विद्यालय में बाउड्रीबॉल नही है वहॉ पर बनाया जाय तथा मासिक रूप के जिलास्तरीय तथा विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों को जिन विद्यालयों का निरीक्षण करना है वे अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें। विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाय। बैठक में अधिकशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को भी निर्देशित किया गया कि जिन विद्यालयों को निर्माण के बाद शिक्ष विभाग को सुपुर्द किया जाय उनको दो दिवस के अन्दर पूर्ण कर लें।

खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर त्रुटिरहित एवं समयबद्ध फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नही की जाएगी।

# एनटीपीसी सिंगरौली के 14 परियोजना प्रभावित विस्थापितों को जिला प्रशासन द्वारा भूखंड का वितरण

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के भूस्थापित व्यक्तियों को जिला प्रशासन द्वारा ग्राम परसवार राजा में भूखंड वितरण किया गया। इस भूखंड वितरण कार्यक्रम में परियोजना के कुल 14 विस्थापितों के पुनर्स्थापन हेतु एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा निर्मित ग्राम-परसवार राजा के परसवार राजा पुनर्वास कालोनी में 14 प्लॉट वितरण कर उन्हें जिला प्रशासन द्वारा स्थल कब्जा दिलाया गया।

पूर्व में परसवार राजा कालोनी के कुछ रिक्त भूखंडों पर अनिधिकृत एवं अवैध रूप से कब्जा था, जिसे एनटीपीसी सिंगरौली के सम्पदा अधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी, दुद्धी व क्षेत्राधिकारी पिपरी को संज्ञान में लेकर उनके सहयोग से अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उक्त भूखंड को रिक्त कराया गया था। पुनः उसी प्लॉट पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर बल्ली व कँटीली तार लगाकर एवं सब्जी आदि बो कर कब्जा कर लिया गया, उक्त स्थल संवेदनशील होने के कारण एवं मामले की गहराई को देखते हुए उप जिलाधिकारी दुद्धी द्वारा मजिस्ट्रेट व पर्याप्त पुलिस बल की नियुक्ति कर परसवार राजा ग्राम प्रधान, एनटीपीसी अधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्वक विधिसम्मत कार्रवाई कर भूखंड को रिक्त कराया गया।

तत्पश्चात् उन भूखंडों को उन सभी आवंटित विस्थापितों के नाम पर प्लॉट वितरण कर उन्हें हाथों हाथ सौंप दिया गया।

इस प्लॉट वितरण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार ज्ञानेन्द्र कुमार यादव, राजस्व निरीक्षक बृजलाल मिश्रा, रीता, हल्का लेखपाल, वर्षा वर्मा, अन्य लेखपाल, सहायक पुलिस बल तथा एनटीपीसी सिंगरौली के सम्पदा अधिकारी श्री असीम शेखर सिंह एवं एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के अन्य अधिकारी गण, सम्मानित ग्रामीण जन आदि उपस्थित रहे।

